प्रयागराज, शनिवार, 26 नवम्बर, 2022

मार्ग शीर्ष, शुक्ल पक्ष 3, वर्ष 11, अंक 217, पृष्ठ 12, मूल्य: 5.00

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# यूपी कैबिनेट की बैठक में कई अहम प्रस्ताव

## तीसरे चरण में आगरा, गाजियाबाद और प्रयागराज में अब पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली

**लखनऊ।** योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश के तीन जिलों गाजियाबाद, आगरा और प्रयागराज में भी पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू करने का फैसला लिया है। शुक्रवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में गाजियाबाद, प्रयागराज और आगरा को कमिश्नरेट बनाए जाने का निर्णय लिया गया। इन तीनों ही महानगरों में जल्द ही पुलिस कमिश्नर की तैनाती की जाएगी। योगी सरकार ने इससे पहले देश की राजधानी नई दिल्ली से सटे गौतमबुद्धनगर (नोएडा) और प्रदेश की राजधानी लखनऊ, कानपुर और वाराणसी में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू की थी। उल्लेखनीय है कि विभिन्न सरकारी समितियों ने ऐसे शहरों में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू करने की वकालत की है, जहां जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है और वहां की कुल जनसंख्या 10 लाख से ज्यादा है।

मंत्रिपरिषद के निर्णयों से अवगत कराते हुए नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने बताया कि इन तीनों महानगरों को सीआरपीसी के नियमों के अनुसार पहले मेट्रोपोलिटन एरिया के तौर पर घोषित किया जाएगा। फिर अन्य जनपदों की तरह संपूर्ण जनपद क्षेत्र में

### बैठक

**कमिश्नरेट प्रणाली बदलने से बदलेगी व्यवस्था**

**23 शहरों में हवाई अड्डे की तर्ज पर बनाए जाएंगे बस अड्डे**

कमिश्नरेट प्रणाली लागू हो जाएगी। जनपद आगरा को जनसंख्या और क्षेत्रफल में वृद्धि, पर्यटन नगरी, औद्योगिक क्षेत्र और कानून व्यवस्था की दृष्टि से उपयुक्त पाया गया कि वहां कमिश्नरेट व्यवस्था लागू की जाए। इस जनपद की जनसंख्या 2011 की जनगणना के अनुसार 44 लाख 18 हजार 797 थी। इसी प्रकार गाजियाबाद में बदली हुई औद्योगिक परिस्थितियों, एनसीआर क्षेत्र, आपराधिक और कानून व्यवस्था के दृष्टिगत इसे भी पुलिस कमिश्नरेट में तब्दील करने का निर्णय लिया गया। 2011 की जनगणना के अनुसार, यहां की जनसंख्या 46 लाख 61 हजार 452 है। वहीं, प्रयागराज धार्मिक एवं सांस्कृतिक नगरी है। 2025 में यहां महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। इन सभी बातों के साथ ही वहां की कानून व्यवस्था, जनसंख्या, संगठित अपराध को देखते हुए पुलिस कमिश्नरेट की व्यवस्था लागू किए जाने का निर्णय लिया गया। 2011 की जनगणना के अनुसार प्रयागराज की जनसंख्या 59 लाख 54 हजार से अधिक है।

योगी सरकार अब तक तीन चरणों में 7 महानगरों में कमिश्नरेट प्रणाली लागू कर चुकी है। सबसे पहले 13 जनवरी 2020 को उत्तर प्रदेश में लखनऊ और नोएडा में पुलिस कमिश्नर प्रणाली को लागू किया गया था। लखनऊ में सुजीत पांडे और नोएडा में आलोक सिंह को पहला पुलिस कमिश्नर बनाया गया था। इसके उपरांत 26 मार्च 2021 को दूसरे चरण में कानपुर और वाराणसी में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू हुई थी। कानपुर में असीम अरुण और वाराणसी में ए सतीश गणेश को पुलिस कमिश्नर बनाया गया था। अब योगी सरकार ने तीसरे चरण में 3 शहरों में आगरा, गाजियाबाद और प्रयागराज में पुलिस कमिश्नर प्रणाली को लागू किया है।

कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने के बाद तीनों कमिश्नरेट में एडीजी रैंक के पुलिस अधिकारियों की तैनाती की जाएगी। आईजी रैंक के अधिकारी जॉइंट कमिश्नर बन पाएंगे। इससे जनपद की कानून व्यवस्था और विधि व्यवस्था की समीक्षा का कार्य तेजी से हो सकेगा। कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए जिलों को कई जोन में बांटा जाएगा। कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने के बाद पुलिसिंग के रैंक में भी बदलाव हो जाएगा। थानों को लेकर सीओ की तैनाती के स्थान पर एसीपी की तैनाती की जाएगी। उनके अधिकार अधिक होंगे। इससे किसी भी केस के अनुसंधान में वे अपने स्तर पर निर्णय ले पाएंगे। वहीं, कमिश्नरेट में तैनात होने वाले पुलिस कमिश्नर के अधिकार क्षेत्र में वृद्धि हो जाएगी। कमिश्नरेट क्षेत्र में अब पुलिस कमिश्नर के पास मजिस्ट्रेट की शक्तियां भी होंगी। लॉ एंड ऑर्डर संबंधी अधिकार अब कमिश्नर के पास होंगे।



### बनारस से बलिया तक 15 जेटी का निर्माण

प्रदेश में जल परिवहन को बढ़ावा देने के लिए प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। इसके तहत बनारस से बलिया तक 15 जेटी का निर्माण किया जाएगा। इससे न सिर्फ लोग सस्ते में यात्रा कर पाएंगे, बल्कि किसान अपने उत्पादों को भी अलग-अलग शहरों में भेज सकेंगे। चंदौली जनपद में एक जेटी बन रही है, जहां रेलवे, एयरपोर्ट और बस-ट्रांसपोर्ट समेत तीनों माल परिवहन की सुविधा मिलेगी।

### संपूर्ण जनपद में ग्रामीण इलाके भी होंगे शामिल

एके शर्मा ने तीन जनपदों में कमिश्नरेट प्रणाली को लागू किए जाने के निर्णय की जानकारी देते हुए स्पष्ट शब्दों में संपूर्ण जनपद का जिक्र किया। इसका मतलब ये है कि शहरी थानों के साथ-साथ कमिश्नरेट में ग्रामीण थाने भी सम्मिलित होंगे। हाल ही में मंत्रिपरिषद ने लखनऊ, कानपुर और वाराणसी में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली का पुनगर्ठन करते हुए तीनों जनपदों में ग्रामीण जिला व्यवस्था को समाप्त करके पूरे जनपद को पुलिस कमिश्नरेट में शामिल करने का निर्णय लिया था। यह निर्णय ग्रामीण थानों के संचालन में आ रही व्यवहारिक दिक्कतों को देखते हुए किया गया था। इसी तरह अब इन तीनों जिलों में ग्रामीण थाने पुलिस कमिश्नरेट के अधीन होंगे। नई व्यवस्था अधिसूचना जारी होने के बाद लागू हो जाएगी। मंत्रिपरिषद की बैठक में परिवहन विभाग से जुड़े तीन अहम प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई है। इसके तहत पीपीपी मॉडल पर प्रदेश के 23 बड़े शहरों में हवाई अड्डों की तर्ज पर बस अड्डों का निर्माण किया जाएगा। पहले चरण में लखनऊ के 2 बस अड्डे, आगरा के 2, प्रयागराज के 2, वाराणसी के 1, गोरखपुर और कानपुर के 1 बस अड्डे शामिल हैं। इन बस अड्डों में यात्रियों के रुकने की व्यवस्था, रेस्टोरेंट, मॉल, शौचालय, कॉमन रूम जैसी आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। पहले चरण के बाद प्रदेश के सभी 75 जनपदों में बस अड्डों को इसी तर्ज पर संवारा जाएगा। इसके अलावा, परिवहन विभाग की स्क्रैप पॉलिसी को भी मंत्रिपरिषद की मंजूरी मिल गई। इसके अंतर्गत अब सिर्फ लाइसेंसधारी संस्थाएं ही गाड़ियों के स्क्रैप का इस्तेमाल कर सकेंगी। इसके तहत पुरानी गाड़ियों को स्क्रैप में देने वालों को प्रोत्साहित भी किया जाएगा।

# शराब घोटाले में सात के खिलाफ चार्जशीट सिसोदिया का नाम नहीं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को अदालत में दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में सात आरोपियों के खिलाफ 10,000 पन्नों का आरोप पत्र दायर कर दिया है। सीबीआई सूत्रों के मुताबिक, सीबीआई ने जिन लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया है, उनमें आप नेता विजय नायर, अभिषेक सिंह, अरुण पिल्लै, मुत्ता गौतम, समीर महेंद्रू, तत्कालीन आबकारी उपायुक्त समीर महेंद्रू और तत्कालीन सहायक आबकारी आयुक्त नरेंद्र सिंह के नाम शामिल हैं. हालांकि, इसमें दिल्ली के उपमुख्यमंत्री का नाम शामिल नहीं है। इसके बारे में कहा यह जा रहा है कि चूंकि अभी उनके खिलाफ जांच जारी है, इसलिए आरोप पत्र में उनका नाम शामिल नहीं है।

इससे पहले गुरुवार को सीबीआई ने दिल्ली के आबकारी नीति मामले में आप के मीडिया रणनीतिकार विजय नायर और हैदराबाद के व्यवसायी अभिषेक बोइनपल्ली को जमानत देने के निचली अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए दिल्ली हाईकोर्ट रुख किया। दिल्ली के जोर बाग स्थित शराब वितरक इंडोस्पिरिट ग्रुप के प्रबंध निदेशक समीर महेंद्रू की गिरफ्तारी के





### कार्रवाई

**मनीष सिसोदिया के खिलाफ अभी जांच है जारी**

बाद अक्टूबर में ईडी ने दिल्ली और पंजाब में लगभग तीन दर्जन स्थानों पर छापेमारी की थी। इसके अलावा, मामले के आरोपियों में दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, तत्कालीन आबकारी आयुक्त अरवा गोपी कृष्णा, उपायुक्त आनंद तिवारी और सहायक आयुक्त पंकज भटनागर शामिल हैं। अन्य आरोपियों में ब्रिंडको सेल्स के निदेशक पर्नोड रिकार्ड मनोज राय के पूर्व कर्मचारी, बडी रिटेल के निदेशक अमित अरोड़ा और दिनेश अरोड़ा, महादेव लिकर्स सनी मारवाह, अरुण रामचंद्र पिल्लई और अर्जुन पांडे के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता शामिल हैं।

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा०लि०)
वाराणसी
सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा
0542-2361600, 2987700, 8318650589
अर्दली बाजार
0542-2505500, 2507700, 9455084195
SUNDAY OPEN
• रथयात्रा • अर्दली बाजार • चौक (ठठेरी बाजार) वाराणसी
• पार्किंग की सुविधा उपलब्ध •

## दिल्ली एम्स से 4 करोड़ मरीजों के डेटा चोरी

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान(एम्स ) दिल्ली के कंप्यूटर को हैक करके 4 करोड़ मरीजों का डेटा चोरी हो गया है। मेडिकल सेक्टर में यह अभी तक की सबसे बड़ी हैकिंग है। पिछले 3 दिनों से सीबीआई आईबी और दिल्ली पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। जो डेटा हैक हुआ है। उसमें वीवीआइपी से संबंधित पूरा डाटा भी रखा हुआ था। एम्स प्रशासन ने दो सिस्टम एनालिस्ट को निलंबित कर दिया है। सिस्टम हैकिंग को लेकर बड़ा हंगामा मचा हुआ है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार डाटा हैकिंग में इंटरनेशनल साइबर क्राइम का कनेक्शन होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। यह साइबर टेरर से जुड़ा मामला बताया जा रहा है। वहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसे मेडिकल रिसर्च को लेकर भी हैकिंग की संभावना जताई जा रही है।

जांच एजेंसियों द्वारा एम्स में ऑनलाइन सेंट्रल सिस्टम से जुड़े सभी कंप्यूटर के डाटा की जांच की जा रही है। साइबर एक्सपर्ट सॉफ्टवेयर इंजीनियर डेटा हैकिंग के सोर्स को पता लगाने में जुटी है। एम्स प्रशासन ने इंटरनेट को बंद कर दिया है।

# प्रदेश से गुंडे-माफिया का हुआ पलायन : योगी

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले छह सालों में उत्तर प्रदेश एक नए भारत के रूप में पहचान बना रहा है। प्रदेश ने विकास की नई यात्रा आरंभ की है। पूर्व की सरकारों में प्रदेश पिछड़ा था। गुंडागर्दी चरम पर थी। अब विकास हो रहा है, सुरक्षा का माहौल है। व्यापारी निवेश करने आगे आ रहे हैं। प्रदेश में अब जाति मजहब और चेहरा देखकर जनता को लाभ नहीं दिया जाता है।

फिरोजाबाद के तिलक इंटर के खेल मैदान पर आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 269 करोड़ की 248 परियोजनाओं का बटन दबाकर लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि अब योजनाओं का लाभ जाति महजब पूछकर व चेहरा

### प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन

**जो चंड-मुंड बचे हैं, अगले चौराहे पर होंगे ढेर**

देखकर नहीं दिया जाता। अगर भारत का नागरिक है तो उसे उसका अधिकार मिलता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के साढ़े आठ साल के कार्यकाल में देश को नई पहचान दी है। उन्होंने कहा कि अपराधी पांच साल पहले से ही पलायन कर रहे हैं, लेकिन फिर भी जो चंड- मुंड अपराधी बचे हैं। वह अगर अपराध कर भागने का प्रयास करेगा तो उसकी हर गतिविधि आईटीएमएस के तहत शहर के चौराहे पर लगे कैमरे में कैद होगी। वहीं अगले चौराहे पर ढेर होगा।

## आज संविधान दिवस समारोह में शामिल होंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को सुप्रीम कोर्ट में आयोजित संविधान दिवस समारोह में शामिल होकर इस मौके पर ई-न्यायालय परियोजना के तहत कई पहलों की शुरूआत भी करने वाले हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने भारत के संविधान को अंगीकार किया था जिसके उपलक्ष्य में 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है। संविधान दिवस मनाने की शुरूआत 2015 में हुई थी। पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री ई-न्यायालय परियोजना के तहत जिन पहलों की शुरूआत करने वाले हैं उनमें वर्चुअल जस्टिस क्लॉक जस्टिस मोबाइल एप 2.0 डिजिटल अदालतें और एसथ्रीडब्ल्यूएएस शामिल हैं।

# एनआईए को सीजेआई की कड़ी फटकार

**नई दिल्ली।** भीमा कोरेगांव मामले के आरोपी आनंद तेलतुंबडे की जमानत के विरोध में सुप्रीम कोर्ट पहुंची एनआईए को उखक ने कड़ी फटकार लगाई है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ का कहना है कि केवल इस बिनाह पर कि उनका भाई 30 साल पहले अंडरग्राउंड हो गया था, इसकी सजा आनंद तेलतुंबडे को क्यों दी जाए। उनका कहना है कि आईआईटी मद्रास के प्रोफेसर ने दलितों का जमावड़ा किया था। क्या इसके लिए उन पर यूएपीए लगाया जाना चाहिए। सीजेआई ने सवाल उठाया कि उस इवेंट का यूएपीए से क्या लिंक है।

सुप्रीम कोर्ट ने एनआईए की स्पेशल लीव पिटीशन को खारिज करते हुए कहा कि ये बेवजह दायर की गई है। एजेंसी ने बांबे हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें 73 साल के प्रोफेसर को बेल दी गई थी। हालांकि

### भीमा कोरेगांव मामला

**30 साल पूर्व अंडरग्राउंड हुए भाई की सजा प्रोफेसर तेलतुंबडे को क्यों**

**पूछा, क्या दलित जमावड़े पर यूएपीए लगाया जाना चाहिए**

सीजेआई की बेंच का कहना है कि इस मामले में हाईकोर्ट के ऑब्जरवेशन को अंतिम न माना जाए जब तक कि इस मामले के सभी पहलुओं की सुनवाई पूरी नहीं हो जाती है। इससे पहले हाईकोर्ट के जस्टिस एएस गडकरी और जस्टिस मिलिंद जाधव की खंडपीठ ने तेलतुंबडे को जमानत देते हुए प्रथम दृष्टया टिप्पणी की कि आनंद तेलतुंबडे के खिलाफ आतंकवादी गतिविधि में शामिल होने का कोई सबूत नहीं है। अदालत ने कहा कि तेलतुंबडे ने लंदन



स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, हार्वर्ड यूनिवर्सिटी, एमआईटी, मिशिगन यूनिवर्सिटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में भाषण देने के लिए दौरा किया था और केवल इसलिए कि उनका भाई 30 साल पहले सीपीआई (एम) की वकालत करने के लिए अंडरग्राउंड हो गया था। इससे जोड़ कर अपीलकर्ता को नहीं फंसाया जा सकता है। वहीं, शुक्रवार को सुनवाई के दौरान सीजेआई ने एनआईए की ओर से पेश एएसजी ऐश्वर्या भाटी से पूछा कि तेलतुंबडे की भूमिका क्या थी? जिस आईआईटी मद्रास कार्यक्रम का आपने आरोप लगाया है वह दलित मोबिलाइजेशन के लिए है। आनंद तेलतुंबडे के खिलाफ दायर चार्जशीट में आरोप लगाया गया है कि उन्होंने प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) की विचारधारा को आगे बढ़ाने और सरकार को उखाड़ फेंकने की साजिश रची। भीमा कोरेगांव मामले में माओवादी कनेक्शन के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद एजेंसी के सामने सरेंडर करने के बाद 73 वर्षीय पूर्व आईआईटी प्रोफेसर और दलित स्कॉलर को 14 अप्रैल, 2020 को एनआईए ने गिरफ्तार कर लिया था। हाईकोर्ट के जस्टिस एएस गडकरी और मिलिंद जाधव की खंडपीठ ने तेलतुंबडे को जमानत देते हुए प्रथम दृष्टया टिप्पणी की कि तेलतुंबडे के खिलाफ आतंकवादी गतिविधि के अपराध का कोई सबूत नहीं है।

# केजरीवाल को धमकी पर घिरे मनोज तिवारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भाजपा पर गुजरात और एमसीडी चुनाव में हार के डर के चलते मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जान से मारने की साजिश रचने का आरोप लगाया। उन्होंने इस मामले में जांच की मांग की और कहा कि वह निर्वाचन आयोग के समक्ष भी इस मामले में शिकायत दर्ज कराएंगे। उन्होंने वह पुलिस में एफआईआर भी दर्ज कराएंगे। सिसोदिया ने आरोप लगाया कि भाजपा नेता मनोज तिवारी ने केजरीवाल के खिलाफ गुरुवार को जिस प्रकार की भाषा का इस्तेमाल किया, वह खुली धमकी है। उनकी भाषा अरविंद केजरीवाल की हत्या के लिए रची जा रही साजिश की ओर

### विवाद

**उपमुख्यमंत्री सिसोदिया दर्ज कराएंगे एफआईआर**

**भाजपा सांसद ने कहा-साल बदल जाते हैं लेकिन इनके आरोप नहीं बदलते**

इशारा करती है। हम इस धमकी के लिए मनोज तिवारी को गिरफ्तार किए जाने की भी मांग करते हैं।

इस तरह खुलेआम दिल्ली के मुख्यमंत्री को हत्या की धमकी देने वाले मनोज तिवारी के खिलाफ सख्त कारवाई करते हुए गिरफ्तार कर इस पूरी साजिश की जांच होनी चाहिए।तिवारी ने इन आरोपों के जवाब में कहा कि वह दिल्ली के मुख्यमंत्री की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने इस आरोप को खारिज किया कि उनकी पार्टी केजरीवाल को मारने की साजिश रच रही है। तिवारी ने इन आरोपों का जवाब देते हुए कहा, 'एमसीडी चुनाव टिकट बेचने के लिए जिस तरह से आप विधायक को



उनकी ही पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पीटा है, उसे देखकर मुझे केजरीवाल की सुरक्षा की चिंता हो रही है। भाजपा द्वारा केजरीवाल की हत्या की साजिश रचे जाने के आरोप लगाकर, सिसोदिया एक बार फिर पुराना राग अलाप रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह हर साल केजरीवाल की जान को खतरा होने का दावा करते हैं। मुझे समझ नहीं आ रहा कि क्या चल रहा है...वह दावा कर रहे हैं कि सिसोदिया को गिरफ्तार किया जाएगा, जबकि सिसोदिया, केजरीवाल की हत्या की साजिश रचे जाने की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि साल बदल जाते हैं लेकिन इनके आरोप नहीं बदलते।

# राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में अमेरिकी नागरिक

**भोपाल।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा मध्य प्रदेश में प्रवेश कर चुकी है और यहां यात्रा का आज तीसरा दिन है। भारत जोड़ो यात्रा में लगातार कई कलाकार और जानी-मानी हस्ती जुड़ रही हैं। कांग्रेस की इस यात्रा में अब ग्रांट नाम का एक अमेरिकी नागरिक भी शामिल हुआ है।

अमेरिकी नागरिक का कहना है कि वह भारत जोड़ो यात्रा में इसलिए शामिल हुए हैं क्योंकि उन्हें जोड़ने के विषय से काफी लगाव है और वह राहुल गांधी की इस यात्रा से काफी

### भारत जोड़ो यात्रा

**यूएस नागरिक ने बताया जोड़ने की बात से है प्यार**

**यात्रा के दौरान रॉबर्ट वाड्रा और उनके बेटे रेहान भी शामिल**

प्रभावित हुए है। जानकारी के मुताबिक ग्रांट तमिलनाडु की एक यूनिवर्सिटी में इतिहास में पीएचडी कर रहे हैं। अमेरिकी नागरिक ग्रांट ने बताया कि वह मध्यप्रदेश से ही इस यात्रा में शामिल हुए। मीडिया से बात



करते हुए ग्रांट ने कहा कि जोड़ने की बात से प्यार है। राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत की है। हम इससे खुश हैं। वह भारत जोड़ने की बात कर रहे हैं। ग्रांट ने आगे कहा कि मुझे यह यात्रा और यहां चलना पसंद है। मुझे उम्मीद है कि यह यात्रा भारत जोड़ने के अपने मकसद में कामयाब होगी।

# शीतकालीन सत्र से पूर्व सर्वदलीय बैठक

## सात से 29 दिसंबर तक चलेगा संसद का सत्र

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र से पहले केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है। केंद्र ने छह दिसंबर को सभी राजनीतिक दलों की मीटिंग बुलाई है। इस दौरान सत्र के संभावित विधायी कामकाज और महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने लोकसभा और राज्यसभा में राजनीतिक दलों के नेताओं को न्यौता भेजा है।

आमंत्रण में कहा गया कि विधायी कामकाज और संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में उठाए जाने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने के लिए लोकसभा और राज्यसभा में राजनीतिक दलों के नेताओं की बैठक के लिए आपको आमंत्रित करते हुए मुझे खुशी हो रही है। मैं दोनों सदनों के सुचारू कामकाज को सुनिश्चित करने के लिए

### एजेंडे पर चर्चा

**इस दौरान 23 दिनों में होंगी 17 बैठकें**

आपका सहयोग भी चाहता हूं। बैठक मंगलवार 6 दिसंबर, 2022 को संसद पुस्तकालय भवन, संसद भवन, नई दिल्ली में सुबह 11 बजे आयोजित की जाएगी। संसद का शीतकालीन सत्र सात दिसंबर से शुरू होगा। यह 29 दिसंबर को समाप्त होगा। इस सत्र में 17 बैठकें होंगी। लोकसभा और राज्य सभा ने अलग-अलग अधिसूचनाएं जारी कर दी हैं। इस दौरान अहम तारीखों का ब्योरा भी जारी कर दिया गया है। लोकसभा सचिवालय के मुताबिक, 17वीं लोकसभा का दसवां सत्र सात दिसंबर से शुरू होगा। सत्र पुराने संसद



भवन में ही आयोजित होने की संभावना है। नए भवन का निर्माण साल के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है। दोनों सदनों की अधिसूचनाओं में कहा गया है कि सरकारी कामकाज की अनिवार्यताओं के अधीन 29 दिसंबर 2022 को सत्र समाप्त होने की संभावना है। सत्र शुरू होने से पहले लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति दोनों सदनों के सुचारू कामकाज के लिए आम सहमति बनाने के लिए सर्वदलीय बैठकें बुलाएंगे। शीतकालीन सत्र आमतौर पर नवंबर के तीसरे सप्ताह में शुरू होता है। इस दौरान करीब 20 बैठकें होती हैं। हालांकि, 2017 और 2018 में सत्र का आयोजन दिसंबर में किया गया था।

# सीएम ममता से मिले शुभेंदु, अटकलें तेज

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के बीच शुक्रवार को मुलाकात हुई। भाजपा की ओर से इसे शिष्टाचार मुलाकात बताया जा रहा है। लेकिन राजनीतिक हलकों में सियासी माहौल गरमा गया है। शुभेंदु अधिकारी और ममता के बीच मुलाकात ऐसे समय हुई है, जब विधानसभा का सत्र चल रहा है। ममता ने विधानसभा में संविधान दिवस पर चर्चा के दौरान कहा कि वह एक समय पर उन्हें भाई की तरह मानती थीं।

गौरतलब है कि अधिकारी और ममता के बीच साल 2020 के अंत से ही मतभेद चल रहे थे। साल 2020 के अंत में शुभेंदु अधिकारी ममता का साथ छोड़कर भाजपा के साथ चले गए थे और विधानसभा चुनावों में उन्होंने

### सियासत

**मुलाकात के बाद बंगाल में कयासों का दौर जारी**

टीएमसी प्रमुख को नंदीग्राम से पटखनी दी थी। यह बैठक ऐसे समय में हुई जब अधिकारी ने शिकायत की कि उनका नाम विधानसभा में 'संविधान दिवस' कार्यक्रम के निमंत्रण पत्र में शामिल नहीं किया गया था। भाजपा नेता ने यह भी कहा था कि वह कार्यक्रम का 'बहिष्कार' करेंगे। नंदीग्राम के विधायक शुभेंद अधिकारी को दोपहर में विधानसभा सत्र के खत्म होने के तुरंत बाद भाजपा नेताओं मनोज तिग्गा और अग्निमित्रा पॉल के साथ बनर्जी के कक्ष में प्रवेश करते देखा गया। बैठक के बाद बनर्जी ने कहा, मैंने शुभेंदु को चाय के लिए बुलाया।

SUPERCON
Durable, Hygienic, Strong Quality Products
उत्तम गुणवत्ता के श्रेष्ठतम टिकाऊ उत्पाद
ठोस प्लास्टिक के दरवाजे, पल्ले एवं खिड़कियों की चौखट
विशेषताएं
1. पानी एवं सीलन से सुरक्षित
2. ऐंठने या टेढ़े होने का डर नही ।
3. अवधि 50 वर्ष एवं अधिक।
4. रख-रखाव का खर्च कुछ नहीं।
5. दीमक एवं कीड़े-मकोड़ों का असर नहीं।
6. आग फैलती नहीं खुद बुझ जाती है।
7. डिजाइन एवं साइज आवश्यकता अनुसार उपलब्ध।
MAKE IN INDIA
वितरक - जैन एजेन्सीज
व्यापारिक पूछताछ आमंत्रित
17A नील काटेज, मलदहिया, वाराणसी,
फोन-0542-2207486, मो. 9554220883

# ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार की मौत, बेटा घायल

**उरुवा।** शहर से घर जा रहा बाइक सवार की अनियंत्रित ट्रेलर की टक्कर लगने से मौके पर मौत हो गई। जबकि साथ में रहा बेटा बुरी तरह घायल हो गया। मांडा थाना क्षेत्र के महेवा गांव निवासी 52 वर्षीय इंद्रजीत मिश्र अपने बेटे नीरज मिश्र के साथ गुरुवार की रात करीब 12 बजे बाइक पर सवार होकर प्रयागराज से घर लौट रहे थे। जैसे ही बाइक सवार उरुवा चौराहे के पास रेलब्रिज के सामने पहुंचे सामने से आ रहे अनियंत्रित ट्रेलर (ट्रक) ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार इंद्रजीत मिश्र बुरी तरह घायल हो गए, जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक पर बैठा बेटा नीरज भी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे घटना की जानकारी होते ही घटनास्थल पर पहुंची मेजा पुलिस ने इलाज के लिए भेजवाया तथा शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शहर भेज दिया। मृतक के भांजे शोभित शुक्ल पुत्र अनिल शुक्ल निवासी मवैया,थाना मेजा की तहरीर पर पुलिस द्वारा घटना में प्रयुक्त वाहन ट्रेलर नंबर 01 एबी 5878 के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कार्रवाई की जा रही है।

## जमीनी विवाद के चलते युवक की किया पिटाई

**बहरिया।** बहरिया थाना अंतर्गत ग्राम सभा हरीराम पट्टी उर्फ कटनई निवासी ओम प्रकाश पुत्र रामलाल सुबह शौच के लिए गया था। तो गांव के ही लोगों ने उसे जमकर पीट दिया। ओम प्रकाश ने आरोप लगाते हुए बहरिया थाने में एक तहरीर दी है। कि गांव के ही राकेश कुमार द्वारा मेरे पिता रामलाल को बहला-फुसलाकर बैनामा करा लिया। जिस संबंध में ओमप्रकाश ने बताया कि मेरे द्वारा सिविल कोर्ट में याचिका दायर की है। जिसकी नियत तिथि 30/11/ 2022 को है। जिससे बौखलाये राकेश कुमार, शनि कुमार आज शुक्रवार को जब मैं सुबह शौच के लिए गया था। मुझे रास्ते में पकड़कर मारा पीटा तथा किसी तरीके से जान बचाकर अपने घर गया। तो उक्त राकेश कुमार, शनि कुमार, रूपा देवी ने मेरे घर पर आकर गाली गुप्ता देते हुए घर में घुस गए और मेरी पत्नी आरती देवी को मारा-पीटा। जिससे मुझे व मेरी पत्नी आरती देवी को गंभीर चोटें आई। जिसकी लिखित तहरीर ओमप्रकाश ने बहरिया थाने में दी।

## 80 लीटर अवैध देशी कच्ची शराब के साथ चार गिरफ्तार

**थरवई।** पुलिस प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक थाना थरवई लोकेन्द्र त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर चार अभियुक्त व अभियुक्ताओं निवासी बहमलपुर थाना थरवई जनपद प्रयागराज को कुल 80 लीटर अवैध देशी कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में मु अ सं 346 / 2022 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार उपनिरीक्षक सोहराब अहमद व नफीश अहमद तेज प्रकाश नूतन यादव राम शंकर संतोष यादव महिला आरक्षी रागिनी यादव सानिया बानो आदि पुलिस टीम मौजूद रहे।

# जिंदगी कहीं मौत न बन जाए ये नाव की सवारी

**खतरा**

**प्रतापपुर यमुना घाट में स्टीमर में नाव बांधकर जान जोखिम मे डाल कर उतारते हैं नाव से पार, हादसे का संकेत**

**पी.सी. पाण्डेय**



लोगों की जान जोखिम में डालकर नाव से यमुना पार कराते नाविक

**लालापुर।** थाना क्षेत्र के प्रतापपुर घाट में लोगों कि जान जोखिम में डालकर बोट (नाव) द्वारा प्रतापपुर घाट से कौशांबी नंदा का पुरवा घाट में उतारते हैं, जब कि शासन द्वारा लोगों को पार उतारने के लिए स्ट्रीमर की व्यवस्था की गई है, लेकिन ठेकेदार द्वारा स्ट्रीमर के साथ नाव को बांधकर खींचते हुए लोगों को यमुना पार उतारा जाता है और स्टीमर व नाव में इस तरह लोगों को बैठा कर उतारा जाता है कि किसी भी समय कोई भी दुर्घटना हो सकती है। स्टीमर में सैकड़ों सवारी व मोटरसाइकिल उसके बाद नाव में भी मोटरसाइकिल व सैकड़ों सवारी भरकर यमुना घाट पार कराया जाता है।अगर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो किसी समय बहुत बड़ी घटना घट सकती है।लालापुर क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में लोगों का यमुनापार से रोज का आवागमन बना रहता है। सरकार ने लोगों की सुविधा के लिए स्थाई रूप से जब तक पुल नहीं बन जाता हैं,तब तक के लिए स्टीमर से लोगों को यमुनापार कराने के लिए शासन द्वारा व्यवस्था करायी गई है। लेकिन ठीकेदार के मनमानी रवैये के कारण लालापुर थाना क्षेत्र के प्रतापपुर घाट में हर रोज लोगों की जिंदगी दांव पर लगाकर यमुना पार कराया जाता है। नाविक लोगों की जान जोखिम की परवाह न करते हुए मनमानी रुप से स्टीमर में सवारी भरकर उसके बाद नाव में सवारी भरकर रस्सी से नाव को बांधकर घसीटते हुए यमुना पार कराया जाता है। क्षेत्रीय ने उपजिलाधिकारी बारा से अनुरोध किया है कि इस प्रकरण को संज्ञान में लेने की कृपा करें। जिससे कि ठीकेदार की मनमनी पर रोक लग सके और अप्रिय घटना होने से बच सके।

## संक्षेप

### एस ओ होलागढ़ ने दी यातायात नियमों की दी जानकारी



**होलागढ़।** होलागढ़ थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने शुक्रवार को पटेल नगर चौराहे पर यातायात जागरूकता अभियान चलाया और लोगों को यातायात के नियम बताए और थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने वहां मौजूद सभी लोगो को संकल्प दिलाया यह यातायात नियमों के साथ-साथ एमवी एक्ट व होने वाले जुर्म की जानकारी देंगे।

### लालगोपालगंज में ऑल इंडिया मुशायरा आज

**श्रृंगवेरपुर धाम।** लालगोपारगंज कस्बा के जेठवारा मार्ग स्थित फौजी कान्वेंट स्कूल के सामने 'एक शाम दानिश भाई के नाम' ऑल इंडिया मुशायरा का आयोजन किया गया है। कस्बा के हाजी अब्दुल खालिक अंसारी, रफीक अहमद (महानगरी) व जव्वार अहमद अंसारी के संरक्षण में आयोजित होने वाले मुशायरे की अध्यक्षता हाजी डॉक्टर फुजैल अहमद फारुकी करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष उपभोक्ता फोरम प्रयागराज मोहम्मद अहमद अंसारी होंगे। जबकि संचालन मुख्तार अहमद निजामी द्वारा किया जाएगा। आयोजक रिजवान गफारी ने बताया कि ऑल इंडिया मुशायरा 26 नवंबर दिन शनिवार को रात्रि 8:00 बजे से आरंभ होगा। इस आयोजन में प्रसिद्ध कवि एवं कवित्री प्रतिभाग कर रहे हैं। उन्होंने क्षेत्रीय लोगों से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील किया है।

विपणन शाखा कोरांव पर धान टोकन के लिए जुटी भीड़

### भीड़ की सूचना पर मौके पर पहुंचे एसडीएम एवं प्रभारी निरीक्षक

**कोरांव।** अपनी धान की फसल बेचने के लिए शुक्रवार को भारी संख्या में क्षेत्रीय किसान टोकन लेने के लिए कोरांव की विपणन शाखा पर पहुंचे। टोकन के लिए किसानों में आपस में धक्का-मुक्की होने लगी। सूचना पर उप जिलाधिकारी शुभम यादव एवं प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए । उन्होंने किसानों को समझाते हुए कतार में खड़ा करवाया उसके बाद केंद्र प्रभारी द्वारा किसानों का कागज टोकन के लिए जमा किया गया । जैसे जैसे धान की फसल क्षेत्र में तैयार होने लगी है क्रय केंद्रों पर धान बेचने के लिए मारामारी भी शुरू हो गई है। तहसील क्षेत्र में किसानों की धान खरीद के लिए कुल मिलाकर 16 क्रय केंद्र निर्धारित किए गए हैं जिनमें पांच क्रय केंद्र केवल विपणन शाखा के हैं । इसके अतिरिक्त पीसीएफ एवं यूपीएसएस के भी क्रय केंद्र किसानों की धान खरीद के लिए बनाए गए हैं । बात करें धान खरीद की तो अभी तक विपणन शाखा के अलावा पीसीएफ के कुछ केंद्रों पर धान तोल की शुरूआत की गई है। इसके अलावा अन्य केंद्रों पर अभी तक धान तेल का काम शुरू नहीं किया गया है जिसके चलते स्थानीय किसानों में परेशानी दिख रही है।

### सड़क पर यातायात नियमों का पालन जरूरी : धीरेंद्र सिंह



**कोरांव।** शुक्रवार को विश्वनाथ प्रसाद जूनियर हाई स्कूल बैदवार कला कोराव में यातायात जागरूकता अभियान कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में थाना प्रभारी धीरेंद्र सिंह अपने सहयोगी उप निरीक्षक और आरक्षी गणों के साथ पहुंचे। कार्यक्रम में उन्होने बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाएं, दो पहिया वाहन पर दो सवारी बैठे, कार चलाते समय सीटबेल्ट लगाएं, 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे गाड़ी ना चलाएं, सड़क पर आते जाते समय अपने बाए पटरी से ही चले, गाड़ी चलाते समय मोबाइल से बात ना करें, नशे की हालत में वाहन ना चलाएं सहित कई अन्य जानकारी दी। कई उदाहरणों के माध्यम से बच्चों को जागरूक किया वहीं बच्चों को बताया कि अपने मम्मी पापा भाई बहन को गाड़ी के साथ घर से निकलते हुए हेलमेट लगाने के लिए बोले। यदि वे ऐसा नहीं करते हैं तो उन्हें घर से बाहर ना जाने दें कई जानकारियां दी। विद्यालय में उपस्थित बच्चों ने गीत के माध्यम से यातायात नियमों की जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का पालन बेहद जरूरी है। नियमों का पालन करने से खटरा कम हो जाता है । अंत में फीता काटकर बच्चों द्वारा निकाली गई जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाई।। जिसमें विद्यालय के संरक्षक कृष्णा प्रसाद मिश्र, गीता ज्ञान एकेडमी के व्यवस्थापक विजय शंकर मिश्र, प्रधानाचार्य एस. पी. यादव सत्येंद्र अनिल सिंह, शिक्षिका अनीता, संगीता आदि मौजूद रहे।

### सार्वजनिक संपत्ति नूकसान निवारण अधिनियम के तहत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**करछना।** विकास खंड के अंतर्गत कचरी ग्राम पंचायत में प्रधान द्वारा? 22 नवंबर को गांव में विकास कार्य को लेकर कराए जा रहे नव निर्मित खड़ंजा निर्माण कार्य को गांव के कुछ दबंग किस्म के लोगो ने एक जुट होकर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई और खडंजा मार्ग को ध्वस्त कर दिया, था जिसकी शिकायत ग्राम प्रधान कचरी धर्मराज सिंह पटेल ने चार लोगों में जिसमें दो महिलाओं व कुछ अन्य लोगो को नामजद करते हुए करछना थाना में शिकायत किया था शुक्रवार को एसडीएम करछना के आदेश पर करछना पुलिस ने सरकारी संपत्ति निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है जानकारी के अनुसार गत 13 नवम्बर को प्रधान की शिकायत पर एसडीएम करछना ने राजस्व टीम मय पुलिस के साथ गांव की नाली संख्या 312 का सीमांकन कराया गया था,जिस पर प्रधान ने नाली निर्माण कार्य कराया गया था, तथा उसी नाली के नियर कास्तकारो एवं गांव के गणमान्य लोगों की सहमति से नव निर्मित खड़ंजा निर्माण कार्य को प्रधान द्वारा कराया जा रहा था कि मंगलवार को गांव के रमाकांत पटेल पुत्र राम रक्षा पटेल, दीपक पटेल पुत्र समर बहादुर, मालती देवी पत्नी रविन्द्र कुमार पटेल,व गिरिजा देवी पत्नी राम रक्षा पटेल तथा कुछ अपने साथियों को लेकर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई और खडंजा मार्ग को ध्वस्त कर दिया, जिसको लेकर प्रधान धर्मराज सिंह पटेल ने उपरोक्त सभी लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर कारवाई किए जाने को लेकर करछना थाने में नामजद तहरीर दिया था,जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# विश्व हिन्दू महासंघ के प्रांतीय अधिवेशन में प्रयागराज की रचना त्रिवेदी को किया गया सम्मानित

**करछना।** सामाजिक समरसता हिंदुत्व का प्राण है। हिंदुत्व राष्ट्रीयता का पर्याय है। लोक सन्यासी योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वृहद हिंदू समाज एकजुट होकर भारत को हिंदू राष्ट्र बनाएगा।

उक्त बातें विश्व हिंदू महासंघ के तीन दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन के समापन अवसर पर महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति ने कही। जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय अष्टावक्र सभागार में प्रदेश प्रतिनिधियों से खचाखच भरे सभागार में प्रदेश के कोने-कोने से आए हजारों प्रतिनिधियों के समक्ष प्रजापति ने कहा कि, आज का नागरिक देश में गुलामी का एहसास कराने वाले किसी भी प्रतीक को स्वीकार नहीं कर सकता। गौ, गंगा, गीता, गायत्री हमारी आस्था के केंद्र हैं, जबकि सामाजिक समरसता हम सबकी जिम्मेदारी । इसे यदि हम कर लिए तो निश्चित रूप से योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भारत हिंदू



सम्मानित होतीं रचना त्रिवेदी

राष्ट्र बनेगा । गोरक्षपीठ सामाजिक समरसता की प्रख्यात पीठ व हिंदुत्व की राजधानी है। राष्ट्रसंत अवेद्यनाथ ने कहा था कि जातिवाद ,ऊंच-नीच , छुआछूत ,अगड़ा पिछड़ा, दीन दलित जैसे शब्द बृहद हिंदू समाज को बांटते हैं । हमें इन शब्दों व कार्यों से बचना चाहिए। महासंघ आगामी मकर संक्रांति से लेकर संत रविदास जयंती तक हिंदू एकता हेतु प्रदेश व्यापी कार्यक्रम करेगा । मुख्य अतिथि के रुप में पधारे जगतगुरु श्री रामभद्राचार्य जी के उत्तराधिकारी रामचंद्र दास ,जय , पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय ,योगी सत्यनाथ , महंत डॉ हरिओम पाठक ,सत्यानंद गिरी ने योगी सरकार के कार्यों की जमकर प्रशंसा की तथा उम्मीद जताई कि योगी के नेतृत्व में हिंदुत्व विकास की जो लहर चल रही है वह सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की नई कहानी गढ़ रही है । अधिवेशन में आए सभी प्रतिभागियों को अंगवस्त्र, बैग, पराक्रम पत्रिका व भगवान गुरु गोरखनाथ का चित्र विदा किया गया।श्रीमती ज्योति करवरिया ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। अधिवेशन में प्रदेश उपाध्यक्ष गण ओमप्रकाश सिंह श्याम बिहारी अवस्थी, विनोद कुमार सक्सेना ,जयशंकर केसरी, शरद परमार प्रदेश महामंत्री श्री ओम प्रकाश यादव, विष्णु कांत चौबे, दिनेश चंद्र पांडे ,श्रीमती गंगा धाकड़, श्रीमती विनोद जैन, श्रीमती रेखा श्रीवास्तव, श्रीमती गायत्री सिंह ,श्रीमती संतोष मिश्र , चौधरी योगेंद्र सिंह ,रुद्र कुमार पाठक ,मनोज कुमार प्रजापति, रमेश कुमार सोनी इत्यादि लोगों ने भी अधिवेशन में अपने विचार व्यक्त किए।



मेजारोड बीज गोदाम पर आयोजित किसान गोष्ठी में जानकारी देते मुख्य अतिथि

## मक्का विकास कार्यक्रम अंतर्गत किसान गोष्ठी तथा मिनीकिट वितरण

**उरुवा।** मक्का विकास कार्यक्रम (आरकेवीआई) योजनान्तर्गत क्लस्टर प्रदर्शन (खरीफ) 2022 के तहत फील्ड दिवस पर शुक्रवार को किसान गोष्ठी का आयोजन संभागीय कृषि प्रसार कार्यालय मेजारोड में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता जयशंकर पांडेय,विशिष्ट अतिथि प्रधान संघ अध्यक्ष उरुवा व ग्राम प्रधान सोरांव राजेश द्विवेदी रहे। कार्यक्रम बक संचालन करते हुए बीज गोदाम प्रभारी प्रदीप बाबू ने किसानों को कम लागत में पैदा होने वाले मोटे अनाज के बारे में विस्तार से बताया। मुख्य अतिथि और भाजपा के वरिष्ठ नेता जयशंकर पांडेय ने कहा कि हमारे पूर्वजो ने हमारे देश में हर इंसान के पोषण करने वाली धरती को भारत माता का दर्जा दिया गया है। इसलिए हमारा भी कर्तव्य है कि धरती माता के पोषण का ख्याल रखें। हर किसान को चाहिए कि डीएपी यूरिया खाद की जगह जैविक खादों का प्रयोग और बीमारियों से बचने के लिऐ मोटे अनाज जौ,बाजरा,मक्का जैसे अनाजों की बुवाई करें। गोष्ठी में किसानों को मसूर एवं चने के मिनी किट का वितरण किया गया। इस मौके पर एटीएम अरुण शुक्ल, राकेश सिंह, आदिल सिद्दीकी, सुरेश पांडेय, सुधाकर शुक्ल, रविशंकर शुक्ल, विनय शुक्ल, ज्ञानचंद्र मिश्र, मनोज दुबे, मिथिलेश पांडेय, ओपी पांडेय, यूसूफ अली सहित अनेक किसान मौजूद रहे।

**आवश्यकता है**

**प्रतिभा उच्च शिक्षा संस्थान**
653 फिरोजपुर उर्फ शेखपुर, फूलपुर टाउन, प्रयागराज । पिन नंबर 212402
**स्नातक कला संकाय प्रवक्ता विषय हेतु**
**विषय-** संस्कृत- 01 पद
**योग्यता-** संबंधित विषय में एम0ए0, नेट, पीएचडी, यूजीसी उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित अहर्ता के अभ्यर्थी उक्त पदों हेतु आवेदन पत्र प्रेषित करें ।
**वेतनमान-** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी शासनादेश के क्रम वेतन देय होगा । इच्छुक अभ्यर्थी 1 सप्ताह के अंदर महाविद्यालय के उक्त पते पर आवेदन प्रेषित करें ।
Email id - arvindtripathi271@gmail.com
**सिद्धार्थ त्रिपाठी**
**प्रबंधक**
**मो0: 8707046593, 9452145821**

# दिनेश शुक्ला के खिलाफ विधिक कार्यवाही करने की शिकायत

**नैनी, प्रयागराज।** सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स), नैनी, प्रयागराज के अधिकारियों के खिलाफ झूठे व अर्नगल आरोप लगाने, धार्मिक टिप्पणी कर माहौल खराब करने, गैर कानूनी रूप से एलुमनी की बैठक बुलाये जाने के संबंध में मुख्यमंत्री पोर्टल सहित शासन-प्रशासन में शिकायत की गई।

शुआट्स मीडिया प्रभारी डा. रमाकान्त दूबे ने बताया कि दिनेश शुक्ला द्वारा गैर कानूनी रूप से एलुमनी एसोसिएशन की बैठक बुलाये जाने से शिक्षकों व छात्र-छात्राओं के बीच भ्रम की स्थिति पैदा हुई, धार्मिक टिप्पणी करने से विश्वविद्यालय का माहौल खराब हुआ, विश्व विद्यालय अधिकारियों पर झूठा आरोप लगाने से दिनेश शुक्ला द्वारा जनमानष में अधिकारियों की छवि धूमिल की गई। इन्हीं सब बिन्दुओं पर मुख्यमंत्री पोर्टल सहित जिलाधिकारी, आई.जी. महोदय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से दिनेश शुक्ला के खिलाफ विधिक कार्यवाही किये जाने की शिकायत की गई है। डा. दूबे ने बताया कि मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायतों की जांच थानाध्यक्ष नैनी कर रहे हैं वहीं धार्मिक टिप्पणी को लेकर की गई शिकायत की जांच जिला अलपसंख्यक कल्याण अधिकारी कर रहे हैं।

बता दें कि दिनेश शुक्ला शुआट्स में छात्र अवधि में अनुशासनहीनता के कार्यो में लिप्त रहते थे। उनके विरूद्ध महिला छात्राओं ने शारीरिक एवं मानसिक उत्पीढ़न किये जाने का आरोप लगाया था जिसकी जाँच विश्वविद्यालय के प्रोक्टोरियल बोर्ड द्वारा किया गया। जाँच के दौरान उन्हें सस्पेंड किया गया। दिनेश शुक्ला के कृत्यों के कारण एक महिला छात्र ने आत्महत्या करने का प्रयास किया जिसकी प्रथम सूचना रिपोर्ट, मु0अ0सं0 245/14, अन्तर्गत धारा 354ख, 506, 504 आईपीसी, पुलिस थाना नैनी में दिनांक 05-11-2014 को पंजीकृत की गई थी। वर्ष 2016 में दिनेश शुक्ला ने विश्वविद्यालय में नियुक्ति की कोशिश की। नौकरी न मिलने पर अनुचित दबाव बनाने व ब्लैकमेलिंग की मंशा से दिनेश शुक्ला द्वारा विश्वविद्यालय के अधिकारियों पर अर्नगल आरोप लगाने लगाकर उनकी छवि धूमिल कर रहे हैं।

## जागरूकता ही साइबर क्राईम से बचा सकता है : डीन छात्र कल्याण

**प्रयागराज।** शुक्रवार को आई ई आर टी प्रयागराज के आडीटोरियम में साइबर क्राईम से सुरक्षा एवं बचाव विषयक पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति एवं उत्तर प्रदेश पुलिस के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में साइबर के विषय विशेषज्ञ जय प्रकाश व प्रदीप यादव ने विस्तार से साइबर क्राईम से सुरक्षा एवं बचाव विषयक की विस्तार से जानकारी दी। जय प्रकाश ने कहा कि जागरूकता से ही हम साइबर क्राईम से बच सकते हैं हम सभी को चाहिए कि अपने आसपास घट रही घटनाओं से अवगत हो कर और लोगों को जागरूक किया जाना चाहिए। यातायात पखवाड़ा पर भी यातायात निरीक्षक संजय सिंह व मनोज सिंह ने सभी छात्रों को यातायात के नियमों का पालन करने के बारे में जानकारी दी। डीन छात्र कल्याण उमाशंकर वर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं सचिव संतोष श्रीवास्तव ने सभी को अंगवस्त्रम स्मृति चिन्ह तथा प्रशस्ति पत्र देकर सभी पदाधिकारियों को सम्मानित किया। कैप्टन सुनील निषाद ने उपस्थित जनसमूह को ट्रैफिक रूल्स को फालो करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में विशेष रूप से सर्वश्री डीन नजीबल हसन लक्ष्मी कांत मिश्र विधि सचिव हसन ए नकवी पर्यावरण सचिव कैप्टन दिब्य प्रकाश गोस्वामी विनोद त्रिपाठी विश्वनाथ एस पी कुशवाहा दीपक एस एन धूसिया संदीप सोनी राहुल मिश्रा अमन कुमार ज्योति साहू सुशीला के साथ छः सौ से अधिक छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

# यातायात नियमों को जानना हर नागरिक का कर्तव्य : अरविंद कुमार



कार्यक्रम में संबोधित करते थानाध्यक्ष माण्डा अरविंद कुमार

**माण्डा।** माण्डा थानाध्यक्ष अरविंद कुमार गौतम ने मंगला प्रसाद इण्टर कालेज में संबोधित करते हुए कहा कि यातायात नियमों को जानना हमारा कर्त्तव्य है। शुक्रवार दोपहर को थानाध्यक्ष ने यातायात नियमों से गाड़ी चलाने को लेकर के बच्चों को जागरूक किया।वाहन को किस प्रकार से रोड पर चलना चाहिए इंडिकेटर के विषय में बताया और यातायात नियमों का पालन करना हम सबका दायित्व है इस विषय पर जागरूक होने की आवश्यकता है। बाइक से यात्रा के समय सभी को हेलमेट लगाना, वाहन को नियंत्रित गति में चलाना चाहिए, मोड़ पर हार्न अवश्य बजाना चाहिए, शराब पीकर के वाहन नहीं चलाना चाहिए। उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा जो भी हेल्पलाइन नंबर चालू है उसकी भी जानकारी दी। इस अवसर पर मंगला प्रसाद इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य संतोष सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक राम केवल यादव, चौकी प्रभारी भारतगंज दुर्गेश सिंह, उपनिरीक्षक रामायण सिंह व विद्यालय के शिक्षक तथा कर्मचारी एवं भारी संख्या में बच्चें मौजूद रहें।

## शांतिभंग में दो अभियुक्त गिरफ्तार

**थरवई ।** शुक्रवार को थाना थरवई प्रभारी निरीक्षक लोकेन्द्र त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा दो अभियुक्त राजेंद्र कुमार यादव पुत्र स्व पन्नालाल यादव उम्र 52 वर्ष निवासी बेनीपुर मेड़ुआ व मंगल पाण्डेय पुत्र रामकृष्ण पाण्डेय उम्र 19 वर्ष निवासी नरायनपुर थाना थरवई जनपद प्रयागराज को शांतिभंग में गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एस एस आई राजीव कुमार श्रीवास्तव हेड कांस्टेबल प्रेम प्रकाश यादव द्वारा गिरफ्तार किया गया।

**कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, यूनिट -15**
**कन्स्ट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज,**
**उ.प्र. जल निगम (नगरीय)**
(उ0 प्र0 सरकार का उपक्रम)
11-ए, स्ट्रैची रोड बसन्त विहार कालोनी, प्रयागराज-211001
प्रधान कार्यालय : टी.सी.-38-वी,
विभूति खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ 226010
Visit us: www.cdsupjn.org
Email : cdsunit15@gmail.com
फोन :0522-2728985 फैक्स :0522-2728988

**निविदा सूचना सं. : 973/W-5/39**
**दिनांक : 23.11.2022**
**ई-निविदा सूचना**
उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा जनपद-प्रयागराज के थाना थरवई में 32 क्षमता हास्टल बैरक एवं एक विवेचना कक्ष के निर्माण कार्य हेतु सी.एण्ड डी.एस. में यथोचित श्रेणी में भवन निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 14.12.2022 के अपरान्ह 4:00 बजे तक ई-निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। उक्त कार्य हेतु ई-निविदा प्रपत्र दिनांक 26.11.2022 से दिनांक 14.12.2022 के मध्य उत्तर प्रदेश सरकार की e-procurement वेबसाइट https://etender.up.nic.in से डाउनलोड किये जा सकते है तथा ई-निविदा दिनांक 14.12.2022 को अपरान्ह 4:30 बजे सी.एण्ड डी.एस. यूनिट- 15, उ.प्र. जल निगम, प्रयागराज में निविदा खोली जायेगी। ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 10000+ GST(18%) अतिरिक्त देय होगा। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण विभाग की बेवसाइट www.cdsupjn.org एवं प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। समस्त शुद्धि पत्र (Corrigendum) https://etender.up.nic.in पर ही अपलोड किये जायगे, इनका पृथक से कोई प्रकाशन नहीं किया जायेगा। निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वे उक्त वेबसाईट का समय-समय पर अवलोकन करते रहें।

कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, यूनिट-15, कन्सट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज उत्तर प्रदेश जल निगम, (उ0प्र0 सरकार का उपक्रम), 11-ए स्ट्रैची रोड बसन्त विहार कालोनी, प्रयागराज-211001
प्रधान कार्यालय : टीसी-38-वी, विभूतिखण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ-226010
**निविदा सूचना सं0 - 977/W-5/43**
**दिनांक - 23/11/2022**
**ई-निविदा सूचना**
उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) की ओर से जनपद प्रयागराज के थाना सरायइनाइत में 16 क्षमता हास्टल बैरक के निर्माण कार्य हेतु सी0एण्ड डी0एस0 में यथोचित श्रेणी में भवन निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 14.12.2022 के अपरान्ह 4:00 बजे तक ई-निविदाएं आमन्त्रित की जाती हैं। उक्त कार्य हेतु ई-निविदा प्रपत्र दिनांक 26.11.2022 से दिनांक 14.12.2022 के मध्य उत्तर प्रदेश सरकार की e-procurement वेबसाइट https://etender.up.nic.in से डाउनलोड किये जा सकते है तथा ई-निविदा दिनांक 14.12.2022 को अपरान्ह 4.30 बजे सी0एण्ड डी0एस0 यूनिट-15, उ0प्र0 जल निगम, प्रयागराज में निविदा खोली जायेगी। ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 5000.00 + GST (18%) अतिरिक्त देय होगा। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण विभाग की वेबसाइट www.cdsupjn.org एवं प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। समस्त शुद्धि पत्र (Corrigendum) https://etender.up.nic.in पर ही अपलोड किये जायेंगे, **इनका पृथक से कोई प्रकाशन नहीं किया जायेगा।** निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वे उक्त वेबसाईट का समय - समय पर अवलोकन करते रहें।

# अन्तर्मविद्यालयी खेल प्रतियोगिता के अंन्तर्गत ग्रैपलिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**नैनी।** शुक्रवार को आर0के0 ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के तत्वाधान में प्रयाग विधि महाविद्यालय के प्रांगण में अन्तर्मविद्यालयी खेल प्रतियोगिता के अंन्तर्गत ग्रैपलिंग प्रतियोगिता (महिला व पुरुष) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो0 पवन कुमार पचौरी स्पोर्ट सेक्रेटरी प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज, रहे। मुख्य अतिथि के साथ संस्था अध्यक्ष डॉ0 आशुतोष त्रिपाठी, प्रबन्ध निदेशक इं0 आशीष त्रिपाठी एवं विधि प्राचार्य डॉ0 मुहम्मद जफर नें मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की, इसके बाद मुख्य अतिथि महोदय द्वारा फीता काटकर खेल प्रतियोगिता का आगाज किया गया। ग्रैपलिंग पुरुष वर्ग में मेजवान महाविद्यालय के बी0ए0 एल0एल0बी0 प्रथम सेमेस्टर के छात्र अर्पित सिंह ने 62 किलोग्राम भारवर्ग, पवन कुमार यादव एल0एल0बी0 प्रथम सेमेस्टर 77 किलोग्राम भारवर्ग, मो0 अशजद बी0ए0एल0एल0बी0 तृतीय सेमेस्टर 84 किलोग्राम भारवर्ग, विकास कुमार यादव



स्वर्ण पदक एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित विजेता

एल0एल0बी0 प्रथम सेमेस्टर 84 किलोग्राम भारवर्ग एवं आकाश राठौर एल0एल0बी0 प्रथम सेमेस्टर 100 किलोग्राम भारवर्ग में अपने प्रतिद्वंदी को परास्त करते हुए स्वर्ग पदक विजेता रहे। मेजवान महाविद्यालय के ही महिला वर्ग में अनामिका पाल बी0ए0 एल0एल0बी0 प्रथम सेमेस्टर 58 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक विजेता रहीं एवं उपविजेता शिवानी मिश्रा रहीं। एन0बी0एस0 कालेज के विमलेश साहू 62 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक विजेता रहे। उक्त प्रतियोगिता कोच अभय प्रताप सिंह एवं शशांक धूरिया के निर्देशन में सम्पन्न हुई।

उपरोक्त समस्त विजेताओं को संस्था अध्यक्ष डॉ0 आशुतोष त्रिपाठी जी द्वारा स्वर्ण पदक एवं प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया। उक्त कार्यक्रम में अमित कुमार पाण्डेय, सौरभ पाण्डेय, रामबाबू तिवारी, पंकज तिवारी, अंजना यादव, नीति अलेक्जेंडर, ज्योति सिंह रजिस्ट्रार अनुज शुक्ला, सुशील कुमार शुक्ला एवं सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**प्रयागराज विकास प्राधिकरण, प्रयागराज**

आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नैनी आवास योजनान्तर्गत भवन संख्या-एम0आईजी-।।ए-56 श्री सुरेन्द्र प्रकाश त्यागी पुत्र स्व0 वी0एस0 त्यागी के पक्ष में आवंटित हुआ था, जिसकी रजिस्ट्री पूर्व में सम्पादित हो चुकी है। श्री सुरेन्द्र प्रकाश त्यागी का दिनांक 30.11.2013 को निधन हो जाने के कारण उनकी पुत्री निशा त्यागी द्वारा उक्त सम्पत्ति पर अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु आनलाइन नामान्तरण आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। निशा त्यागी द्वारा आनलाइन आवेदन पत्र के साथ स्व0 सुरेन्द्र प्रकाश त्यागी का मृत्यु प्रकाश प्रमाण पत्र, तहसीलदार करछना द्वारा निर्गत पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं अपना स्वयं का शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है। यदि उक्त नामान्तरण से किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन की तिथि से 15 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में दाखिल कर दें, अन्यथा यह मानते हुए कि किसी को कोई आपत्ति नही है, प्राप्त अभिलेखों के आधार पर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही कर दी जायेगी।

(भानू प्रताप सिंह)
जोनल अधिकारी

पत्रांक-209/ज0स0अ0/वि0प्रा0/2022-23 दिनांक-25/11/2022




शुआट्स में द शटरबग्स् चतुर्थ राष्ट्रीय फोटोग्राफी प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए

# प्रयागराज

## मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 29.00 |
| न्यूनतम : | 15.00 |
| सूर्योदय : | 06.19 |
| सूर्यास्त : | 05.15 |

### मोटर सहित केबिल आदि पर अज्ञात चोरों ने किया हाथ साफ

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बालाडीह (तिलक सिंह का पूरा) निवासी संजीव सिंह पुत्र राजेंद्र प्रसाद का कहना है कि बीती रात चोरों ने उनके घर के सामने लगा। तीन हास पावर की मोटर और तीस मीटर केबिन, स्टेफ्लाजर का दस मीटर केबिल, समरसेबल, सोलर लाइट आदि समान अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। शुक्रवार को संजीव सिंह ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी पुलिस तहरीर लेकर जांच पड़ताल कर रही है।

# गंगा में किया प्रदूषण का खेल तो जाएंगे जेल : डॉ बलकार सिंह

## गंगा की तरफ आने वाले दर्जन भर नालों को 15 दिन के भीतर टैप करने के दिये निर्देश

**निरीक्षण**

**एमडी ने कार्यदाई संस्था और अफसरों को कड़ी करवाई की दी चेतावनी**

**प्रयागराज।** गंगा में प्रदूषण फैलाना महंगा पड़ेगा। गंगा स्वच्छता में लापरवाही बरतने वाली कंपनियों और उनके अफसरों के खिलाफ सरकार बड़ी करवाई की तैयारी में है। गंगा में प्रदूषण का खेल करने वाली कंपनियों और उनके अफसरों के खिलाफ नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग मुकदमा दर्ज कराएगा। प्रयागराज में विभागीय कार्यों की समीक्षा करने पहुंचे जल निगम (ग्रामीण) के एमडी डॉ बलकार सिंह ने शुक्रवार को इस बाबत अफसरों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने हर हाल में फाफामऊ एसटीपी को 20 दिसंबर से पहले शुरू करने के निर्देश अफसरों को दिए। एमडी ने कार्यदाई संस्था और अफसरों को कड़ी करवाई की चेतावनी भी दी। उन्होंने गंगा की तरफ आने वाले दर्जन भर नालों को 15 दिन के भीतर टैप करने के निर्देश दिए हैं।



अफसरों के साथ निरीक्षण करते एमडी डॉ बलकार सिंह

एमडी ने शुक्रवार को अफसरों के साथ सलोरी, नैनी और फाफामऊ में निर्माणाधीन एसटीपी का निरीक्षण किया। उन्होंने सर्किट हाउस में विभागीय अफसरों के साथ गंगा स्वच्छता और जनजीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा की। एमडी ने लापरवाह अफसरों को जम कर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि गंगा में एक भी नाला गिरा तो जिम्मेदारों की खैर नहीं होगी। उनके खिलाफ एफआईआर भी होगी और जुमार्ने की वसूली भी। उन्होंने नालों को टैप्ड करने की कार्रवाई को और तेज करने के लिए भी कहा। प्रयागराज महाकुंभ 2025 से पहले गंगा को प्रदूषण मुक्त करने के सरकार अभियान को सफल बनाने के नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के आला अधिकारी ग्राउंड जीरो पर हैं।

### सलोरी एसटीपी का होगा सौंदर्यीकरण, नैनी के प्लांट पर पौधरोपण के निर्देश

प्रबंध निदेशक जल निगम (ग्रामीण ) उत्तर प्रदेश डॉ. बलकार सिंह सलोरी एसटीपी का निरीक्षण करने पहुंचे। जल निगम के अधिकारियों को सलोरी एसटीपी का सौंदर्यीकरण करने के निर्देश दिये। साथ ही 24 घंटे मॉनीटरिंग और औचक निरीक्षण करने को भी कहा। उन्होंने स्थलीय निरीक्षण में संचालित एक-एक कार्य को नजदीक से देखा। नैनी एसटीपी का काम कर रही कम्पनी को निर्माण की गुणवत्ता बेहतर करने और प्लांट के आसपास सफाई और पौधरोपण के निर्देश दिये। समीक्षा बैठक में एमडी ने अधिकारियों को फरवरी 2023 तक झूंसी के एसटीपी को संचालित करने के निर्देश भी दिये। जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर जल योजना की भी डॉ. बलकार सिंह ने समीक्षा की। इस दौरान अधिकारियों को चेतावनी देते हुए काम समय पर पूरा किये जाने के भी अफसरों को निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार नदियों के मुद्दे पर बहुत सजग है। ऐसे में सभी अधिकारियों का दायित्व बनता है कि पूरी निष्ठा केसाथ सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य को सम्पन्न कराएं।

### एक नजर में प्रयागराज में नमामि गंगे योजना

- प्रयागराज नगर में वर्तमान में कुल 470.84 एमएलडी सीवेज का उत्सर्जन हो रहा है। 7 एसटीपी से 348.96 एमएलडी सीवेज का शोधन किया जा रहा है। जिसमें नालों से गिरने वाली गंदगी 152.18 एमएलडी और सीवर नेटवर्क की गंदगी 196.78 एमएलडी है।72 एमएलडी के 3 एसटीपी का निर्माण कार्य प्रगति पर है।
- नैनी, झूंसी और फाफामऊ में सीवेज शोधन हेतु कुल 72 एमएलडी क्षमता (42 एमएलडी नैनी-2 एसटीपी, 16 एमएलडी झूंसी एसटीपी, 14 एमएलडी फाफामऊ एसटीपी) के एसटीपी का निर्माण कार्य नमामि गंगे योजना के तहत वर्तमान में प्रगति पर है।
- 42 एमएलडी नैनी-2 एसटीपी का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। 14 एमएलडी फाफामऊ एसटीपी माह दिसम्बर तक और 16 एमएलडी झूंसी एसटीपी का कार्य भी जल्द पूरा किये जाने का लक्ष्य है।

### 20 दिसम्बर से पहले फाफामऊ एसटीपी निर्माण कार्य करें पूरा : डॉ. बलकार सिंह

फाफामऊ एसटीपी का निर्माण कर रही कम्पनी को जल निगम के एमडी डॉ. बलकार सिहं ने चेतावनी जारी करने के निर्देश दिये। हर हाल में 20 दिसम्बर से पहले एसटीपी शुरू करने और गंगा की तरफ आने वाले सभी नालों की अनिवार्य टैपिंग के भी उन्होंने निर्देश दिये। एसटीपी की प्रतिदिन की समीक्षा और प्रगति रिपोर्ट तलब की। एमडी ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि समय सीमा से एक दिन भी काम आगे बढ़ा तो कार्रवाई के लिए अफसर तैयार रहें।

# डीएम ने श्रम विभाग की संचालित योजनाओं की किया समीक्षा

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम सभागार में जिला स्तरीय श्रमबंधु की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने श्रम विभाग की संचालित योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए सम्बंधित अधिकारियों को योजनाओं से पात्र लोगो को लाभान्वित कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करने के लिए निर्देशित किया है, जिससे कि लोगो को योजनाओं के बारे में जानकारी हो सके और लोग योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठा सके। बैठक में मातृ शिशु एवं बालिका मदद योजना, मृत्यु एवं विकलांगता सहायता योजना, अंत्येष्टी सहायता योजना, शिक्षा सहायता हेतु छात्रवृत्ति योजना, निर्माण कामगार कन्या विवाह योजना, आवास सहायता योजना के प्रगति की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने उपकर संग्रह लक्ष्य के सापेक्ष सुनिश्चित किए जाने तथा उसकी फीडिंग भी शत-प्रतिशत सुनिश्चित किए जाने का निर्देश सभी विभागों को दिया है। जिलाधिकारी ने सभी अधिष्ठानों का पंजीयन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि सभी विभाग उपकर जमा करते हुए उसकी सूचना श्रम कार्यालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दें। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से सम्बंधित लाभार्थियों के आवेदन पत्रों की जांच का निस्तारण समय से करने के लिए निर्देशित किया है। जिलाधिकारी ने बाल श्रम उन्मूलन के लिए वृहद कार्ययोजना बनाकर प्रस्तुत करने के लिए कहा है। इस अवसर पर उपश्रमायुक्त राजेश मिश्रा, सहायक श्रमायुक्त सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।



जिला स्तरीय श्रमबंधु बैठक की अध्यक्षता करते जिलाधिकारी

### माटी के गीतों में भरी लोकभाषा की खुशबू सहेजना जरूरी : अशोक

**करछना।** अपनी माटी के गीतों में अपनी संस्कृति, लोकपरंपराऔर संस्कार की झलक मिलती है। इन्हीं गीतों में बसे मौसम का लोकरंग हमारे पुरखों के अतीत का प्रत्यक्ष बनकर समाज को प्रीति, नीति, रीति, अनुहार, मनुहार और लोकाचार के लोकरंग से जोड़ता है। आज के खड़ी बोली के युग वाले बदलते दौर में हमें अपने घर आंगनऔर माटी के गीतों की खुशबू सहेजना बहुत जरूरी है। यह बातें महेवा के जेआरडी पब्लिक स्कूल में आयोजित गीतों की कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि चर्चित हास्य कविअशोक बेशरम ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच कहीं। उन्होंने कहा हमारे लोकनृत्य, लोकगीतऔर लोकनाट्य स्थानीय बोली बानी में अपनी परम्परा, मान्यताओं के रूप रंग का दर्शन कराते हैं। हमारे बाल और युवा कलाकारों को कजरी, फाग, धमार, पचरा, पवांरा, चनैनी मल्लहिया, कुलदहकी, कंहरा, चंवरनाच, पितमा, नउआझखड़, सोरठी, आल्हा, तेलिया, धोबिया जैसे पारम्परिक गीतों के साथ साथ, विवाह, बेलनहाई, पुंसवन, मुण्डन, सोहर, गारी, नेहछू, माटी मागर, घाटो, पउपुजी, सोहाग, बिदाई जैसे संस्कार गीतों को भी जीवंत रखना चाहिए।

# प्रशिक्षुओ एवं उमरे के बल सदस्यों का सुरक्षा सम्मेलन






सम्मेलन को संबोधित करते संजय सांकृत्यायन, अपर महानिदेशक/ रेलवे सुरक्षा बल व उपस्थित बल सदस्य

**प्रयागराज।** शुक्रवार को रेलवे सुरक्षा बल/ क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र, सूबेदारगंज में संजय सांकृत्यायन, अपर महानिदेशक/ रेलवे सुरक्षा बल, नई दिल्ली की अध्यक्षता में क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षणरत प्रशिक्षुओ एवं उत्तर मध्य रेलवे के बल सदस्यों का सुरक्षा सम्मेलन आयोजित किया गया। सुरक्षा सम्मेलन के दौरान संजय सांकृत्यायन ने बल सदस्यों की समस्याएं सुनी एवं उनके निवारण का आश्वासन भी दिया। साथ ही बल सदस्यों को अपने कर्तव्य का पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करने, रेलयात्री/यात्री परिसर व रेल सम्पत्ति की बेहतर सुरक्षा, यात्रियों खासकर बुजुर्गो/महिलाओ व बच्चों के साथ सौहार्द पूर्वक व मित्रवत व्यवहार करने, अपने अधिकारियों एवं रेल यात्रियों की आशाओ व अपेक्षाओं पर खरा उतरने हेतु निर्देशित भी किया। समारोह के दौरान रमेश चंद्र, मुख्य सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज, विजय प्रकाश पंडित, वरिष्ठ मण्डल सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल/प्रयागराज मण्डल, आर.के. सिंह, सुरक्षा आयुक्त सह प्रधानाचार्य, रेलवे सुरक्षा बल/ क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र, बी.पी. सिंह, सहायक सुरक्षा आयुक्त(यात्री सुरक्षा)/ मुख्यालय/ उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज व बल के अन्य अधिकारीगण व स्टॉफ (कुल 116 बल सदस्य) उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### यम-नियम मेरीडियन हमारी नई औषधि : जे.पी. अग्रवाल

**प्रयागराज।** एक्यूप्रेशर संस्थान के २४वें राष्ट्रीय सम्मेलन के तीसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में पर्यटन और बंदरगाह जलमार्ग एवं जहाजरानी राज्यमंत्री श्रीपाद येसो नाईक ने सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि यह सस्ती और निरापद पद्धति भारत में स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि जल्द ही यह विधा अपने वैधानिक स्वरूप में हम सबके समक्ष होगी। संस्थान के अध्यक्ष जे.पी. अग्रवाल ने नये शोधों के परिणामस्वरूप ह्ययम-नियम मेरीडियन और अन्य नये बिन्दुओं के प्रभाव के बारे में विस्तार से समझाया। डेंगू के मामलों में प्लेटलेट्स की कमी के समय कुछ बिंदुओं पर उपचार द्वारा मिले उत्साहजनक परिणाम के बारे में जानकारी दी। प्रो. प्रभात वर्मा ने नये उपचार प्रबंधों की बुनियादी बातों को समझाया तो रामकुमार शर्मा ने हृदय के रोगों के निदान के बारे में बताया कार्यशाला में रमोला मदनानी (दिल्ली), अर्चना त्रिवेदी (बैंगलोर), चंचल अग्रवाल (कोलकाता), नैना सिंह (सूरत), एस. के. गोयल (दिल्ली), एम.वी. रवीन्द्रा (बैंगलोर), विशाल जायसवाल, रामकुमार शर्मा, सुनील मिश्रा, ए.के. द्विवेदी, एस.एस. सराफ, एस.पी. सिंह, एम के मिढा अभय त्रिपाठी, सुनील मिश्रा सहित आनलाइन आफलाइन माध्यम से १०७५ लोग शामिल रहे।

### संविधान दिवस पर संविधान मेला आज

**प्रयागराज।** संविधान दिवस की 73वीं वर्षगांठ पर हाईकोर्ट स्थित डा. अम्बेडकर मूर्ति स्थल पर आज 26 नवम्बर को पूर्वाह्न 11 बजे से संविधान के सम्मान में संविधान मेला व संविधान महोत्सव-2022 का आयोजन किया गया है। प्रबुद्ध फाउंडेशन के प्रबंधक/सचिव आईपी रामबृज बताया कि अम्बेडकर मेला में जिला एवं सत्र न्यायालय प्रयागराज के अपर जिला जज नरेन्द्र कुमार बतौर मुख्य अतिथि तथा भूमि संरक्षण अधिकारी गौरव प्रकाश, पुलिस अधीक्षक अपराध सतीश चन्द्र व पुलिस अधीक्षक प्रोटोकॉल रविशंकर निम, स्वरूप रानी अस्पताल न्यूरोलॉजी विभाग से डा. एनएन गोपाल, राजकीय मेडिकल कालेज मिजार्पुर के प्रधानाचार्य डा. अरबी कमल बतौर विशिष्ट अतिथि, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी केडी राम, एमएनएनआईटी से डा. राधा रानी, व डा. अवधेश नारायण, उत्तर मध्य रेलवे से सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी राजेश चौधरी बतौर अति विशिष्ट अतिथि अपने विचार रखेंगे।

### मुक्त विश्वविद्यालय में अब 28 नवम्बर तक प्रवेश का मौका

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के सत्र जुलाई 2022- 23 के लिए प्रवेश की तिथि 28 नवम्बर 2022 तक बढ़ा दी गई है। यह निर्णय विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने लिया। कुलपति के इस निर्णय से प्रदेश के सुदूरवर्ती छात्र लाभान्वित होंगे। प्रवेश प्रभारी डॉ ज्ञान प्रकाश यादव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि मुक्त विश्वविद्यालय में इस समय ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया प्रदेश के सभी 12 क्षेत्रीय केंद्रों से संबद्ध लगभग 1300 अध्ययन केंद्रों पर संचालित की जा रही है। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने अभी तक प्रवेश नहीं लिया है, उनको एक अवसर और प्रदान करते हुए अंतिम तिथि बढ़ाकर 28 नवम्बर कर दी गई है। इस बार प्रवेश प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रवेश पोर्टल पर आवश्यक सुधार किए गए हैं, जिससे छात्रों को असुविधा न हो। मीडिया प्रभारी डॉ प्रभात चंद्र मिश्र ने बताया कि विश्वविद्यालय में प्रवेश के इच्छुक छात्र समस्त कार्यक्रमों के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में 24 नवम्बर तक ऑनलाइन शुल्क जमा करते हुए प्रवेश ले सकते हैं। विभिन्न पाठ्यक्रमों के द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में शिक्षार्थी प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के परीक्षाफल का इंतजार किए बिना 28 नवंबर तक तुरंत प्रवेश प्रक्रिया संपन्न करा सकते हैं।

# द शटरबग्स् चतुर्थ राष्ट्रीय फोटोग्राफी प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का आयोजन

**शुभारंभ**

**मुख्य अतिथि ने कहा आज के दौर में फोटोग्राफी का सही दिशा में सही तरीके से प्रयोग आवश्यक हो गया है**

**नैनी, प्रयागराज।** स्कूल ऑफ फिल्म एण्ड मास कम्युनिकेशन, शुआट्स के तत्वाधान में दिनांक 25 नवम्बर 2022 को चतुर्थ राष्ट्रीय फोटोग्राफी प्रतियोगिता एवं प्रर्दशनी ''द शटरबग्स् '' का आयोजन किया गया। ह्यमेरा शहरह्न विषयक प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न आयामों जैसे खान-पान, रहन-सहन, जीवन शैली इत्यादि को प्रदर्शित करते हुए प्रयागराज एवं आस-पास के सौ प्रतिभागियों ने कैमरे के माध्यम से अपनी कलात्मकता का परिचय दिया।

मुख्य अतिथि विनोद बी0लाल, डायरेक्टर प्रशासन, शुआट्स नें उद्घाटन किया और जोर देकर कहा कि आज के दौर में फोटोग्राफी का सही दिशा में सही तरीके से प्रयोग आवश्यक हो गया है क्योंकि फोटोग्राफ किसी की भी छवि बनानें या बिगाड़नें में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सुप्रसिद्ध फोटो जर्नालिस्ट संजय बनौधा, डा0 सी0जे0 वैसली, संयुक्त कुलसचिव शुआट्स एवं वरिष्ठ पत्रकार श्रीमती पूजा एलेक्जेंडर ने प्रतियोगिता में जज की भूमिका का निर्वहन किया।



फीता काटकर प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि

निर्णायक मण्डल के निर्णयानुसार तीन प्रतिभागियों क्रमशः सौरभ यादव को प्रथम, नासिर नाईम को द्वितीय एवं आयशा राज को तृतीय पुरस्कार से साथ ही साथ सौम्या तिवारी एवं रोहित तिवारी को विशेष प्रशंसा पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

शुभारम्भ इमैनुएल जार्ज की प्रार्थना एवं श्रुति माइकल के मसीही गीत से हुआ। छात्र कर्नल नसिर नईम, एम0ए0 द्दतीय वर्ष ने कार्यक्रम का संचालन किया। डा0 आशीष एलेक्जेंडर, डीन ने मुख्य अतिथि एवं अतिथिगणों का पुष्पगुच्छों से स्वागत किया गया। डा0 आशीष एलेक्जेंडर ने कहा कि फोटोग्राफी प्रकाश के माध्यम से कलात्मक प्रर्दशन है, फोटोग्राफी ही सही मायने में वो कला है जो जिन्दगी को एकदम करीब से दिखानें का प्रयास करती है। कार्यक्रम के अन्त में इंजी0 अमित विलियम ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में प्रतिभागियों, छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकगणों के साथ अनन्त कुमार श्रीवास्तव, सहायक प्रधयापक, अमित विलियम, सहायक प्रधयापक, राममणि त्रिपाठी, सहायक प्रधयापक, इमैनुएल जार्ज, सहायक प्रधयापक, अनुराग मिश्रा, शोएब अंसारी, निधि मैसी, विजय सिंह, संदीप मैसी, सैय्यद आसिफ, संदीप कुमार सोनी इत्यादि उपस्थित रहे।

# निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण में दावे एवं आपत्तियाँ प्राप्त करने की तिथि 8 दिसंबर तक

**प्रयागराज।** निर्वाचक नामावली की विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण मैं दावे एवं आपत्तियों को प्राप्त करने की अंतिम तिथि 8 दिसंबर है। विशेष अभियान की तिथियाँ 26 नवम्बर एवं 04 दिसम्बर, है। इस अवधि में मतदाता सूची सभी मतदेय स्थलों पर विद्यमान रहेगी। मतदाता सूची में ऐसा व्यक्ति जो भारतीय नागरिक हो एवं सम्बन्धित विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में सामान्यतः निवास कर रहा हो और 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका हो अथवा 01 जनवरी 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हों, अपना नाम दर्ज करा सकते हैं ।फार्म सम्बन्धित बूथ लेबिल आफिसर से तहसील स्थित मतदाता पंजीकरण केन्द्र से एवं जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं अथवा www.ceouttarpradesh.nic.in/nvsp.in से डाउनलोड कर प्राप्त किये जा सकते हैं। फार्म जनपद की वेबसाइट पर District Election Officer (DEO) Portal में Voter's Registration/ Updation Forms नाम से उपलब्ध है। उक्त फार्म का लिंक https://prayagraj.nic.in/voterforms / है ।ऑन लाइन आवेदन पत्र www.ceouttarpradesh.nic.in की वेबसाइट पर Online services for voters बटन पर क्लिक करके किया जा सकता है। वोटर लिस्ट में अपना नाम जॉचने, समस्त मतदाता सेवाएं ऑनलाइन आवेदन एवं ट्रैकिंग तथा समस्त जानकारी हेतु वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कर सकते हैं या Voter portal.eci.gov.in या nvsp.in पर विजिट कर सकते हैं।

फार्म सम्बन्धित पोलिंग बूथ के बी०एल०ओ० के पास, तहसील स्थित मतदाता पंजीकरण केन्द्र पर, तहसील के उप जिलाधिकारी / निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसील के तहसीलदार/ सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा किया जा सकता है। यह जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से (हर्षदेव पाण्डेय) उप जिला निर्वाचन अधिकारी, प्रयागराज ने दी है।

# झूंसी पुलिस चोरों के आगे बेबस चोरी का नही हुआ खुलासा

**खुलासे की आस**

**बारात में गया था परिवार, चोर ले उड़े घर का समान महीने भर पहले भी टूटे थे तीन घरों के ताले नहीं हुआ खुलासा**




**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के झूंसी चौकी के एक सूने मकान का ताला तोड़ चोरों ने घर पर हाथ साफ कर दिया। शातिर चोरों ने वारदात को तब अंजाम दिया जब परिवार शादी समारोह में बिहार गया हुआ था। चोर लाखो के जेवरात व नगदी लेकर फरार हो गए।

नई झूंसी वार्ड 85 निवासी मो. अरमान सऊदी रहते है। यहाँ उनकी पत्नी रीना परिवार के साथ रहती है। रीना घर में ताला लगाकर गुरुवार को अपने भाई की बारात में बिहार गई थी। शुक्रवार की सुबह वापस आने पर घर का ताला टूटा था। अंदर सारा सामान बिखरा था। रीना ने बताया कि घर में रखे लाखो के जेवरात एक लाख नगद गयाब था। बारात में शामिल होने आये कुछ रिस्तेदारो का भी समान चोरी हुआ है। पीड़िता ने मामले की सूचना पुलिस कंट्रोम रूम को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर लौट गई। चोरी की लिखित शिकायत झूंसी पुलिस से भी की गई पर अभी तक मामले रिपोर्ट नहीं की गई है।

# मलिन बस्तियों, अस्पतालों तथा सरकारी दफ्तरों में हुआ फागिंग व एण्टीलार्वा का छिड़काव

**प्रयागराज।** वार्डवार गठित समिति की देख-रेख में 135 साईकिल माउण्टेड मशीन, 8 बड़ी मशीन एवं 143 कर्मचारियों/मशीनों को लगाकर फॉगिंग कार्य कराया जा रहा है। एन्टी लार्वा के छिड़काव हेतु क्षेत्र में 212 हैण्ड स्प्रे मशीन, 20 व्हीकल माउन्टेन एवं 352 कर्मचारियों को तैनात करते हुए नगर निगम प्रयागराज द्वारा चुनाव वार्ड- खुल्दाबाद क्षेत्र, मुट्ठीगंज क्षेत्र, कटरा क्षेत्र, अल्लापुर क्षेत्र, नैनी क्षेत्र, मुण्डेरा, बम्हरौली, पीपल गांव, झलवां क्षेत्र, फाफामऊ शान्तिपुरम क्षेत्र, झूंसी नगर पंचायत, आदि क्षेत्र में फॉगिंग तथा एन्टी लार्वा का छिड़काव कराया गया।

मलिन बस्ती- बाबाजी का बाग, काली स्थान, महबूबा पैलेस, लूकरगंज, हेला पंचायत, मदारीपुर, करैलाबाग बालूमण्डी, संजय नगर, हैजा अस्पताल, स्वराजनगर, ओमगायत्री नगर, अम्बेडकर पार्क, रसूलाबाद, चिल्ला, गुलाबबाड़ी, शाहगंज, मउसरैंया आदि क्षेत्र में फॉगिंग तथा एन्टी लार्वा का छिड़काव कराया गया। अस्पताल- स्वास्थ्य केन्द्र गौसनगर, रंजना हास्पिटल, सांईनाथ नर्सिंगहोम, मां भगवती हास्पिटल, डा0 संगीता शर्मा क्लीनिक, रिलैक्स हास्पिटल, आनन्द हास्पिटल, मोहक अस्पताल, अनुपम हास्पिटल, जय प्रकाश हास्पिटल, मयंक हास्पिटल, काल्विन अस्पताल आदि क्षेत्र में फॉगिंग तथा एन्टी लार्वा का छिड़काव कराया गया। सरकारी कार्यालय- संयुक्त आयुक्त निबंधक कार्यालय, संयुक्त उद्योग कार्यालय, एल0आई0यू0 कार्यालय, डाकघर, जिला परियोजना कार्यालय, कमिश्नर आफिस, जिलाधिकारी कार्यालय आदि में फॉगिंग तथा एन्टी लार्वा का छिड़काव कराया गया। हॉट स्पॉट- बैरहना, सलोरी, शान्तिपुरम, नैनी, छोटाबघाड़ा, गोविन्दपुर क्षेत्र में फॉगिंग तथा एन्टी लार्वा का छिड़काव कराया गया। स्कूल/कॉलेज- राजकीय बालिका इण्टर कालेज, उ0प्र0वि0 पुराना कटरा, लवकुश विधालय, किदवई स्कूल, चेतना गर्ल्स स्कूल, दून पब्लिक स्कूल, दिग्गज सिंह इण्टर कालेज, सहारा पब्लिक स्कूल, द् ब्लूपिन स्कूल, स्वामी विवेकानन्द स्कूल, एम0एल0 कान्वेंट स्कूल, परशुराम विधालय, डी0आर0 पब्लिक स्कूल, सेंटपीयर स्कूल, आदि में फॉगिंग तथा एन्टी लार्वा का छिड़काव कराया गया। इसके अतिरिक्त नियमित वाटर लॉगिंग के शिकायत निस्तारण की कार्यवाही करायी जा रही है।





नगर निगम प्रयागराज द्वारा नियमित रूप से आई0ई0सी0 एक्टिविटी के तहत विभिन्न माध्यमों जैसे-पी0ए0 सिस्टम माध्यम द्वारा सभी 198 डोर-टू-डोर कलेक्शन वाहनों से द्वारा डेंगू सम्बन्धी जानकारी दी जा रही है। वी0एम0डी0 द्वारा 40 बडे चैराहों पर, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मुटठीगंज तथा मीरापुर जोन-2 क्षेत्र में डेंगू एवं मलेरिया से रोकथाम हेतु जन जागरूक किया गया। नगर निगम प्रचार वाहनों के माध्यम से तथा वार्ड समिति की बैठक द्वारा जनमानस को जागरूक किया जा रहा हैं।

## संक्षेप

### गर्भवती महिला के साथ किया मारपीट

**सरायअकिल,कौशाम्बी।** सराय के थाना क्षेत्र के म्योहरिया गांव में भुइयादीन अपने परिवार के साथ किसानी का काम करके अपना भरण पोषण कर रहा है,पड़ोस में ही चंडी लाल से कुछ अनबन चल रहा था,एक हफ्ते पहले शाम के समय भुइयादीन की औरत सीता देवी घर से कहीं बाहर चलीं गईं थीं। घर पर सीता देवी की बहु घर पर अकेली थी। तभी पड़ोसी चंडी लाल,नीरज कुमार (पुत्र),सरिता देवी (पुत्री) और ननकी देवी (पत्नी) ने एक राय होकर सीता देवी के बहु से झगड़ने लगे, बातों-बातो में झगड़ा इतना अधिक बढ़ गया कि चंडी लाल और चंडी लाल के परिवार के लोग सीता देवी के बहु के ऊपर लात घूसो से मारने पीटने लगे। किसी ने सीता देवी के बहु के पेट में लात मार दी,जिससे सीता देवी के बहु के पेट में दर्द हो गया। दर्द बढ़ता देख कर सीता देवी ने बहु को अस्पताल ले गयी जहां डॉक्टरों ने सीता देवी के बहु के पेट में सात माह का मासूम बच्चे को मृत बताया। सीता देवी ने कोखराज थाने में लिखित तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है पुलिस ने तहरीर पाकर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यशाला संपन्न

**कार्यशाला**

**शैक्षिक संस्थानों के आस पास तम्बाकू उत्पाद की बिक्री निषेध**

**नशा एक ऐसी बीमारी हैं जो धीरे धीरे इन्सान को करती हैं खत्म : सीएमओ**



कार्यशाला को संबोधित करते मुख्य चिकित्साधिकारी डा. सुष्पेंद्र कुमार

**कौशाम्बी।** जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ टीम ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला की। यह आयोजन राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत हुआ। तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान बनाने के उद्देश्य से यह आयोजन शिक्षा विभाग के साथ किया गया है। कार्यशाला की अध्यक्षता मुख्य चिकित्साधिकारी डा. सुष्पेंद्र कुमार ने की। इस मौके पर डॉक्टर कृष्ण देव सिंह नोडल अधिकारी जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ भी उपस्थित रहे। कार्यशाला मे खंड विकास अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी व प्रधानाचार्या उपस्थित रहे। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेंद्र कुमार ने कार्यशाला मे आए हुए सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को बताया गया कि कोटपा अधिनियम 2003 को कैसे अनुपालन किया जाए जिससे कौशांबी जिला तंबाकू मुक्त घोषित हो सके उन्होंने कहा कि आप सभी जानते हैं कि नशा एक ऐसी बीमारी हैं जो धीरे धीरे इन्सान को खत्म करती हैं वह धन हानि के साथ साथ स्वास्थ्य पर बुरा असर करता हैं जो धीरे धीरे गंभीर रोग जैसे कैंसर में परिवर्तित हो जीवन को खतम करता हैं। डा. कृष्ण देव सिंह नोडल अधिकारी, जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ कौशाम्बी ने तम्बाकू के दुष्प्रभावो की जानकारी दी और उससे होने बीमारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि हमारा युवा इसकी गिरफ्त में लगातार होता चला जा रहा है युवाओं के मानसिक और शारीरिक रूप से कमजोर होता जा रहा है इसको रोकने के लिए हम सभी को आगे आना होगा जिसमें शिक्षा विभाग की एक महत्वपूर्ण भूमिका होगी। पुनीत श्रीवास्तव रीजनल कोआर्डिनेटर, उ.प्र वॉलेन्ट्री हेल्थ एसोसिएशन ने सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम कोटपा 2003 की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोटपा अधिनियम की धारा 4 में जिले के सार्वजनिक स्थानों को तंबाकू मुक्त घोषित करने के लिए साइनेज लगाना अनिवार्य है। इसी प्रकार धारा 6 बी के तहत शैक्षिक संस्थानों के प्रवेश द्वार पर भी तम्बाकू मुक्त का साइनेज लगाना अनिवार्य है। साथ ही स्कूल के 100 गज के अन्दर तम्बाकू उत्पाद बेचना प्रतिबंधित है। इसी प्रकार धारा 6ए में 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति को तंबाकू बेचना या उसके द्वारा तंबाकू बेचना दोनों ही अपराध माना जाता है। इस अपराध में 200 रुपए तक के जुमार्ने का प्रावधान है। धारा 7 के अंतर्गत बिना वैधानिक चेतावनी के तम्बाकू उत्पात नहीं बेचा जा सकता है। उन्होंने धारा 5 और 7 के बारे में भी पूरी जानकारी दी। कार्यशाला में जिला कार्यक्रम समन्यवक विष्णु गुप्ता एवं जिला कार्यक्रम सहायक वैभव कुमार सिंह द्वारा तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के उद्देश्य तथा लक्ष्यों के बारे में उदाहरणार्थ जागरूकता कानून का परिपालन तथा निगरानी पर विशेष चर्चा की गयी।

### डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार युवक घायल

**कौशाम्बी।** मंझनपुर थाना क्षेत्र के समदा गांव निवासी रोहित केसरवानी अपने दो पहिया वाहन से पेट्रोल भरा कर घर वापस लौट रहे थे,तभी टंकी के पास सामने आए एक बच्चा दिखाई पड़ा,बच्चे को बचाने के चक्कर में रोहित की दोपहिया गाड़ी डिवाइडर से टकरा गई,रोहित डिवाइडर के उस पार जा गिरे,जिससे गंभीर रूप से घायल हो गए,आसपास रहे लोगों ने सूचना रोहित के परिवारजनो को देकर लोगों ने आनन-फानन में उन्हें तेजमती अस्पताल तक पहुंचाया,तेजमती के डॉक्टरों ने रोहित को आईसीयू में रखकर ईलाज करना शुरू कर दिया, लेकिन थोडी देर बाद उसे प्रयागराज के लिये रेफर कर दिया।

## कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष ने किसानों को दलहन बीज का किया फ्री वितरण

**कौशाम्बी।** कोखराज कृषि इकाई में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के तहत दलहन की उपज को बढ़ावा देने के लिए शुक्रवार को कृषि गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष शिव मोहन मौर्या ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत में उपस्थित लोगों ने डिस्टिक कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष शिव मोहन मौर्या को माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। इस मौके पर किसानों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि दलहन की फसल लाभदायक है। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए किसानों को योजना के लाभ के बारे में प्रोत्साहित किया। दलहन की उपज के लाभ के बारे में इलाके के उपस्थित किसानों को बिस्तार से बताया और किसानों को मुफ्त चना का बीज उपलब्ध कराया। इस मौके पर कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष शिव मोहन मौर्य, दीप चन्द्र दिवाकर जिला महा मंत्री भाजपा, हरिओम गौतम तकनीकी सहायक मंझनपुर, शिव शंकर यादव प्रभारी कृषि रक्षा इकाई, मनमोहन मिश्रा, नीलेश सिंह, छविन्द्र सिंह कृषि सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## आज 95 ग्राम पंचायतों में बैंको का लगेगा कैम्प प्रत्येक व्यक्ति को बैंकिंग से जोड़ने की योजना

**कौशाम्बी।** एलडीएम जितेन्द्र चौधरी ने बताया है कि वित्तीय समावेशन से सशक्तीकरण (ग्राम पंचायत स्तरीय-वित्तीय समावेशन) अभियान के तहत 26 नवम्बर 2022 को ग्राम पंचायत-चक हिंगुई, मो0 पुरवारी, धुमाई, चक कोरियों पूरे फैज, डहरई, अढ़ौली, सोनौली, बटियावां, बिदॉव, बेरौंचा, मुस्तफाबाद, कायमपुर, थुलगुला, बदलेपुर ननसेनी, पौर काशीरामपुर, लोहरा, काजू, कनैली, गुलामीपुर, कोसम खिराज, पुरब सरावां, मीरपुर, भखन्दा, पथरावां, देवाना, चक सहनपुर, चिरारी, समसपुर, सौरई बुजुर्ग, सेलरहा पश्चिम, पहाड़पुर, पिपरहटा, रसूलपुर बड़गॉव, आदमपुर नादिर, जलालपुर शाना, मझियारी चक एलई रोशन, हरदुआ, गौसपुर नवावां, भडेहरी, अमिरसा, डेढ़ावल, एडहरा, झण्डापुर, थाम्बा इलावलपुर, फतेहपुर सहावपुर, कसिया, गौसपुर, राला, मलाक मोहिउद्दीनपुर, नसीरपुर, म्योहर, नारा, चांदेराई, उमरवल, कैमा, शम्भुई, सयारा मीठेपुर, शहजादपुर, मलाक पिंजरी, गिरधरपुर गढ़ी, ननमऊ, भरसवॉ, पेरई, उदहिन बुजुर्ग, शाहपुर टिकरी, बहादुरपुर, रक्सराई, उमरछा, बरौला, बंधुरी रसूलीपुर, मकदूमपुर ढोकसहा, सैंबसा, मुबारकपुर, कुरामुरीदन, बरेढ़ी आमदपुर, सिंहपुर, जवई, मकनपुर वारी, अटसरई, बिछौरा, भदवां, जलालपुर बोरियों, निजामपुर पुरैनी, औरैनी, बड़नपुर कादीपुर इचैली, हिसामपुर माढ़ो, उमरपुर नीवॉ, मो० अनेठा, मोहिउद्दीनपुर बेला, दानपुर, पदुमनाथपुर सुरसेनी, रामपुर सुहेला, बरीपुर, कुआंडीह एवं अगियौना (कुल-९५ ग्राम पंचायत) के पंचायत भवन में कैम्प का आयोजन किया जायेंगा, जिन लोगों के बैंक खाते नहीं खुले हैं वे सभी लोग अपना बैंक खाता निःशुल्क खुलवा सकतें हैं। इसके साथ ही विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत पात्र व्यक्ति अपना आवेदन देकर योजना का लाभ उठा सकतें हैं। एलडीएम ने बताया कि 26 नवम्बर शनिवार को ग्राम पंचायत के पंचायत भवन में बैकों द्वारा कैम्प का आयोजन कर प्रत्येक वयस्क व्यक्ति का निःशुल्क खाता खोला जायेंगा, केवाईसी की जायेंगी, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना से लाभान्वित किया जायेंगा तथा केसीसी एवं मुद्रा लोन के आवेदन प्राप्त किये जायेंगें। इसके साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को संतृप्त किया जायेंगा।

### एसपी ने साप्ताहिक परेड की ली सलामी

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस लाइन में शुक्रवार के परेड की सलामी ली, तदुपरान्त निरीक्षण के दौरान उन्होंने परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन किया तथा बेहतर टर्नआउट वाले पुलिसकर्मियों की प्रशंसा की,साथ ही परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं निर्धारित वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया,तत्पश्चात पुलिसकर्मियों में शारीरिक दक्षता विकसित करने हेतु दौड़ लगवाई गयी। इस दौरान विभिन्न थानों, कार्यालयों, शाखाओं, यातायात पुलिस कर्मियों व पुलिस लाइन के पुलिसकमीर्यों को शस्त्रो ( रबर सेल, टीएस सेल, ब्लैन्क कार्टेज, गैस गन, एन्टी राइट गन, पेपर स्प्रे, एक्सन गन आदि ) को खोलने, जोड़ने व चलाने का अभ्यास कराया गया। मौजूद सभी पुलिस निरीक्षक,उप निरीक्षक, मुख्य आरक्षी, आरक्षी व महिला आरक्षी को बलवा ड्रिल का अभ्यास कराया गया साथ ही सभी से हैण्ड ग्रैनेड/चिली बम फेकवाया गया। एसपी व एएसपी समर बहादुर सिंह ने स्वयं भी शस्त्राभ्यास कर शस्त्रो का परीक्षण किया,परेड के बाद पुलिस लाइन स्थित समस्त शाखाओं, क्वार्टर गार्ड, पीआरवी वाहनों, डायल-112 एवं एमटी शाखा का निरीक्षण कर क्वार्टर गार्ड स्थित गार्द की सलामी ली।

# ओपेन जिम व खेल मैदान के निर्माण हेतु सीडीओ ने किया बैठक



विकास भवन स्थित कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक करते सीडीओ

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा विकास भवन में जनपद के प्रत्येक ग्राम पंचायत में ओपेन जिम एवं खेल मैदान का निर्माण चरणबद्ध ढंग से कराये जाने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सक्षम युवा के अन्तर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में चरणबद्ध रूप से खेल मैदान एवं ओपेन जिम की स्थापना किया जाना है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल संस्कृति को बढ़ावा दिया जा सकें। उन्होंने कहा कि खेल मैदान के निर्मित होने के बाद उसका संचालन ग्राम पंचायत स्तर पर गठित मंगल दलों के माध्यम से किया जायेंगा। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित लेखपाल द्वारा सर्वप्रथम ग्राम पंचायतों में खेल मैदान के लिए उपलब्ध भूमि का चिन्हांकन कर निर्धारित प्रारूप पर सूचना क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी के माध्यम से जिला युवा कल्याण अधिकारी को प्रेषित किया जाय। उन्होंने सभी क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारियों को अपने-अपने ब्लॉक के बीडीओ से सहयोग एवं समन्वय स्थापित करते हुए खेल मैदान का निर्माण सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को सर्वप्रथम प्रत्येक ब्लॉक के कम से कम 5 ग्राम पंचायतों में खेल के मैदान का चिन्हांकन कर शीघ्र कार्य प्रारम्भ कराने के निर्देश दियें। जिला युवा कल्याण अधिकारी मयंक पटेल ने बताया कि विभिन्न विभागों द्वारा खेल मैदान के तहत खेल मैदान का समतलीकरण, टहलने के लिए पाथ-वे एवं दौड़ने के लिए ट्रैक/कोर्ट, बच्चों के खेलने के लिए झूला आदि, खेल उपकरण, व्यायाम के लिए ओपेन जिम की व्यवस्था, बैठने के लिए बेंच की व्यवस्था, योग स्थल की व्यवस्था, सोलर लाइट की व्यवस्था, शौचालय, पीने के पानी की व्यवस्था, डस्टबिन, बाउण्ड्रीवाल व वृक्षारोपण आदि कार्य कराये जाने हैं।

# कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़, निकाय चुनाव में होगी भारी जीत : पप्पू चौधरी

**गोष्ठी**

**नगर निकाय की सफलता को भाजपाइयों ने किया गोष्ठी**

**मुख्यालय से सटे घना का पूरा का पूरा गांव में आयोजित हुआ कार्यक्रम**



संयोजक प्रमोद नामदेव को माला पहनाते भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी पप्पू चौधरी

**कौशाम्बी।** मुख्यालय से सटे घना का पूरा का पूरा गांव में बृहस्पतिवार को नगर निकाय चुनाव की सफलता को लेकर पार्टी पदाधिकारियों ने बूथ अध्यक्ष,संयोजक के अलावा जनमानस के साथ बैठक आयोजित किया। इस दौरान पार्टी नेता पप्पू चैधरी ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होता है और नगर निकाय के चुनाव में गैर भाजपा दलों की जमानत जप्त होनी तय है। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं को पूरे जोशो खरोश के साथ पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाने के लिए आह्वान किया। कहा कि जिस तरह से देश और प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार विकास की योजनाओं को लेकर तेजी से काम कर रही है उसका लाभ पाकर जनता पूरी तरह से खुशहाल है। इस दौरान पार्टी नेता प्रेमचंद चैधरी, आशीष कुमार उर्फ बच्चा, रामनरेश केसरवानी, दुर्गेश गुप्ता आदि लोगों ने भी बैठक संबोधित किया, कार्यक्रम में पदाधिकारियों ने बूथ अध्यक्ष व संयोजक को माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में संयोजक प्रमोद कुमार नामदेव, अनिल कुमार नामदेव मिथिलेश कुमार शिवकुमार सहित भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और गांव के लोग मौजूद रहे।

### डीएम ने आईजीआरएस व सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की किया समीक्षा

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा उदयन सभागार में आईजीआरएस एवं सीएम हेल्पलाइन के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने आईजीआरएस एवं सीएम हेल्पलाइन के तहत प्राप्त शिकायतों की विभागवार विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों से कहा कि 30 नवम्बर तक सभी शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाय, कोई शिकायत लम्बित न रहने पाये। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण समयान्तर्गत एवं गुणवत्तापूर्ण न पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जायेंगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण में समय व गुणवत्ता अवश्य सुनिश्चित करने के साथ ही टाइप आख्या ही अपलोड करने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी अधिकारियों को शासन द्वारा निर्धारित समयावधि तक अपने-अपने कार्यालय में फरियादियों की शिकायतों को सुनकर निस्तारित करने के भी निर्देश दियें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय, सभी उपजिलाधिकारीगण एवं ई-डी०एम० कीर्त कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## दो पक्षो में चले लाठी-डण्डे, आधा दर्जन से अधिक लोग घायल

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के शाहपुर पेरवा गांव में सरकारी नौकरी वाली दुल्हन को लेकर सुबह दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। घटना में दोनों तरफ से आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए है। दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने क्रास केस दर्ज कर घायलों को मेडिकल के लिए चायल सीएचसी भेज दिया। वही एक पक्ष के गंभीर रूप से घायल चार लोगों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पिपरी के शाहपुर पेरवा गांव निवासी कृष्णा पाल पुत्र मसुरिया दीन पाल महाराष्ट्र के पूना शहर में रह कर प्राइवेट नौकरी करते हैं। उनके मुताबिक पिपरी में ही दरियापुर गांव निवासी उनकी साली रेलवे विभाग में चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी है। उनके साथ कृष्णा पाल कोर्ट मैरिज कर चुके हैं। इधर कुछ दिनों से उनके बीच रिश्ते में मन मुटाव हो गया है। आरोप है कि उनके गांव का ही एक युवक भी उससे कोर्ट मैरिज करने का दावा कर रहा है। शनिवार को बहू भोज का आयोजन भी तय किया जा चुका है। शुक्रवार को रामायण पाठ कराने की तैयारी चल रही थी। इसी बीच किसी बात को लेकर दोनों पक्षों से कहासुनी और फिर गाली-गलौज शुरू हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों के दर्जन भर लोग लाठी डंडे लेकर आ गए। जमकर चले खूनी संघर्ष में कृष्णा पाल समेत दो पक्षों के आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घटना के दौरान आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर झगड़ा शांत कराया तो दोनों पक्षों के लोग थाना पहुंचे। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घायलों को डाक्टरी के लिए चायल सीएचसी भेज दिया और जांच में जुट गई हैं।

### ट्रेन की टक्कर से युवक की मौत

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के सैय्यद सरावां रेलवे स्टेशन के पास ट्रेंन की टक्कर से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। युवक की मौत की सूचना पर पहुंची रेलवे पुलिस ने मृतक के पास मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान की है। मृतक संत कबीर नगर का रहने वाला था,मृतक वहा कैसे पहुंचा इसकी जांच पुलिस कर रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई।

### युवक किशोरी के साथ गायब

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के एक गांव में एक किशोरी को गांव का ही एक युवक निखिल कुमार दिवाकर एक हफ्ते पहले किशोरी को लेकर गायब हो गया है, किशोरी के पिता ने किशोरी का बहुत खोजबीन की किंतु कोई पता नहीं चल सका किशोरी के पिता ने चरवा थाने में किशोरी की गायब होने की तहरीर दी,तहरीर पाकर चरवा पुलिस ने युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुट गई है।

# दहेज के लोभियों ने विवाहिता को घर से निकाला, शिकायत

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के बरूआ गांव निवासी विजय शंकर द्विवेदी पुत्र इंद्र नारायण द्विवेदी ने अपनी पुत्री का विवाह स्थानीय थाना क्षेत्र के तरौना गांव निवासी हिमांशु पांडे के साथ किया था। विजय शंकर द्विवेदी ने अपनी पुत्री के विवाह में अपनी हैसियत के मुताबिक काफी दहेज भी दिया था, लेकिन दहेज के लोभी विवाहिता को आए दिन परेशान करते थे,एक हफ्ते पहले हिमांशु पांडे पुत्र स्वर्गीय राज नारायण पांडे (पति )सुशील पांडे, महिमा पांडे गांव निवासी तरौना और गुड़िया देवी पत्नी कुलदीप मिश्रा जाठी थाना सराय अकिल ने मिलकर दहेज की मांग किया एवं विवाहिता के नाम कुछ जमीन भी थी,जिसे अपने नाम लिखवाने के लिए विवाहिता पर दबाव बनाने लगे। विवाहिता के मना करने पर आरोपियों ने भुक्तभोगी कृष्णा देवी को मारपीट और गाली गलौज करके कमरे के अंदर बंद करके जान से मारने की कोशिश की, विवाहिता के हो हल्ला मचाने पर पड़ोसियों ने दबंगों के चंगुल से किसी तरह से विवाहिता की जान बचाई,विवाहिता अपने मायके आकर आपबीती अपने पिता विजय शंकर द्विवेदी से बताया विजय शंकर द्विवेदी अपनी पुत्री को लेकर पश्चिम शरीरा थाने में आरोपियों के विरुद्ध तहरीर दी,तहरीर पाकर पश्चिम शरीरा पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज का छानबीन में जुट गई है। इसी तरह सराय अकिल थाना क्षेत्र के बेरूई गांव निवासी रुखसार अहमद ने अपनी बेटी अलशिफा बानो का विवाह खखरेरू थाना क्षेत्र के जहांगीरनगर निवासी अशरफ अली के साथ किया था, अशरफ अली और उनके बड़े भाई शादिक अली, मुर्शीद अली, शाहिद अली ,अमजद अली और अशरफ अली की भाभी जुबैदा बेगम, गुलनूर बेगम आदि लोगों ने मिलकर अलशिफा बानो से दहेज की मांग करने लगे अलशिफा बानो अपने पिता के घर आकर कई बार दहेज की मांग के लिए कहा भुक्तभोगी के पिता ने कई बार जहांगीर नगर जाकर समझौता करने की कोशिश की किंतु दहेज के लोभियों ने एक भी बात नहीं मानी। 6 महीने पहले आरोपियों ने एक राय होकर अलशिफा बानों से दहेज की मांग फिर से करने लगे। अलशिफा बानो दहेज देने से इनकार कर दिया, बौखलाए दहेज के लोभियों ने विवाहिता के जेवरात को भी छीन लिया और मारपीट कर घर से भगा दिया, विवाहिता अपने मायके बेरूई आकर अपने पिता से गुहार लगाई, विवाहिता का पिता उन्हें समझाने की कोशिश करता रहा किंतु एक भी बात नहीं मानी, आजिज होकर विवाहिता का पिता ने महिला थाना मंझनपुर में आरोपियों के विरुद्ध लिखित तहरीर दी है,महिला थाना पुलिस ने लिखित तहरीर पाकर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुट गई है।

### फर्जी कंपनी चलाकर लोगों के साथ किया ठगी

**कौशाम्बी।** देश में कई ऐसी कंपनियां रजिस्टर्ड होकर आयी और लोगों का धन दोगुना करने के बहाने लोगों का पैसा जमा कराया, किंतु सरकार के शक्ति के कारण कंपनियों के ऊपर मुकदमा चलाकर कंपनियां बंद करा दी गई, लेकिन ठगी करने वालों की कमी नहीं है। ताजा मामला कोखराज थाना क्षेत्र के मूरतगंज के पास शेरगढ़ गांव निवासी बृज किशोर शुक्ला पुत्र देवेश शुक्ला और महेंद्र कुमार शुक्ला पुत्र देवेश शुक्ला ने मूरतगंज ब्लॉक गेट के सामने वाईयशजी ग्रुप चिटफंड कंपनी के नाम से ऑफिस खोल रखा है,बहुत लोगों से धन दोगुना करने के बहाने पैसा जमा कराया, जब लोगों का समय पूरा हुआ तो लोग अपना बांड लेकर उनके ऑफिस पहुंच गए,देखा तो ऑफिस में ताला लटक रहा है,गुरु प्रसाद कुशवाहा पुत्र रामविलास कुशवाहा गांव निवासी दरवेशपुर थाना कोखराज ने उनके घर शेरगढ़ पहुंच गए। उन्होंने बृज किशोर शुक्ला और महेंद्र कुमार शुक्ला से अपने पैसे की मांग की इतने पर बृजकिशोर और महेंद्र कुमार शुक्ला लाल बबूला हो गए और गाली गलौज करने लगे, भुक्तभोगी ने गाली गलौज का विरोध किया तो जान से मारने की धमकियां देने लगे। भुक्तभोगी ने कोखराज थाने में फर्जी चिटफंड कंपनी चलाने वाले दोनों आरोपियों के विरुद्ध लिखित तहरीर दी। लेकिन आरोपियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं हो सकी।

# प्रत्येक वार्ड भाजपा की जीत संगठन का लक्ष्य : अनीता

**बैठक**

**योगी की सरकार में हुआ है सबका विकास : निर्मला पासवान**

**नगर पालिका परिषद मंझनपुर के वार्ड सावित्रीबाई फूले नगर में हुई बैठक**



बैठक को संबोधित करतीं अनीता त्रिपाठी

**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद मंझनपुर में निकाय चुनावों की तैयारियां युद्ध स्तर पर शुरू हो गई हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को नगरपालिका के सावित्रीबाई फुले नगर में संगठन की एक बैठक आहूत की गई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि एमएलसी निर्मला पासवान मौजूद थे, जबकि अध्यक्षता पार्टी के जिला अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर पालिका के संयोजक दिनेश कुमार पांडे और मंडल अध्यक्ष महेश लोधी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में बोलते हुए पार्टी की जिला अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हम नगर निकाय के प्रत्येक वार्ड में जीत दर्ज करें जिससे आगामी समय में हमारे नगर पालिका परिषद में होने वाले अध्यक्ष को विकास की मुख्यधारा बनाने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस मौके पर एमएलसी व प्रभारी निर्मला पासवान ने कहा कि प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार में समाज के हर वर्ग का विकास हुआ है। प्रदेश में ईमानदार शासन से जनता को भय एवं अराजकता से मुक्ति मिली है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अब हम सबकी जिम्मेदारी बनती है कि केंद्र और राज्य के बाद अब नगर पालिका में भी भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को जी दिलाएं जिससे सरकार के द्वारा चलाई जा योजना सीधे जनता तक पहुंच सके। इस मौके पर प्रमुख रूप से वार्ड के पालक दुर्गेश गुप्ता, वेद प्रकाश पाण्डेय, पप्पू चैधरी, अंशुल केसरवानी, नरेश केशरवनी, अशोक चौधरी, सत्यम, अनिल तिवारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### आशा बहू के साथ छेड़खानी का मुकदमा दर्ज

**प्रतापगढ़।** कंधई थाना क्षेत्र के एक गांव की आशा बहू के साथ गांव के ही युवकों ने छेड़खानी की। पुलिस ने मामले में दो लोगों को नामजद करते हुए चार लोगों के खिलाफ छेड़खानी का मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िताका कहना है कि उसके पिता शहर में नौकरी करते हैं जबकि वह गांव में ही रहती है। गांव के ही प्रकाश मिश्रा से उसके परिवार की रंजिश चल रही है। बीते 27 अक्तूबर की दोपहर वह किसी काम से दीवान का पुरवा जा रही थी। इस दौरान रास्ते में प्रदीप कुमार ने उसका हाथ पकड़ लिया। अपने दो साथियों के साथ सुनसान स्थान में खींचकर ले गया। आरोप है कि उसके साथ दुराचार का प्रयास किया गया। पुलिस ने प्रदीप कुमार, प्रकाश मिश्रा व दो अज्ञात के खिलाफ छेड़खानी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

# कांग्रेस सभी सीटों पर लड़ेगी नगर निकाय चुनाव, की गई प्रभारियों की नियुक्ति



बैठक की अध्यक्षता करते जिलाध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी व उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ता

**प्रतापगढ़।** होने जा रहे आगामी नगर निकाय चुनाव में कांग्रेस नगर पलिका, नगर पंचायत व सभासदों के चुनाव में अपने प्रत्याशी मैदान में उतारेगी। पार्टी नेतृत्व के निर्देश पर शुक्रवार को शहर स्थित कॉग्रेस कार्यालय पर पदाधिकारियों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी व संचालन महेन्द्र शुक्ल ने किया। बैठक में नगर निकाय का चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों से आवेदन करने को कहा गया। ताकि प्रत्याशियों के आवेदन को तैयार कर लखनऊ भेजी जा सके। लालजी त्रिपाठी ने कहा कि कॉग्रेस पार्टी नगरपालिका, नगर पंचायत सहित सभी वार्डों पर अपने प्रत्याशी लड़ाएगी। बैठक में पदाधिकारियों ने विधानसभा वार प्रभारियों की नियुक्ति की भी घोषणा की। जिसमें सदर से सांसद प्रतिनिधि डा0 नीरज त्रिपाठी, रानीगंज से नरसिंग प्रकाश मिश्र, विश्वनाथगंज से लल्लन सिंह, पट्टी से राम निवास यादव को प्रभारी बनाया गया है। इसी प्रकार रामपुर खास से केडी मिश्र, बाबागंज से हरीश चन्द्र सरोज, कुण्डा से करूण पांडेय व नगरपालिका प्रतापगढ़ के लिए इरफान अली, आशुतोष त्रिपाठी को प्रभारी नियुक्त किया गया है। बैठक में कहा गया कि नियुक्त सभी प्रभारी अभी से ही अपने-अपने क्षेत्रों में चुनाव प्रचार की कमान सम्भाल लें। इस बैठक में पूर्व प्रत्याशी सदर डा0 नीरज त्रिपाठी, इरफान अली, महेन्द्र शुक्ल, सुनीता पटेल, योगेश यादव, इश्तियाक, राम रतन तिवारी श्याम शंकर तिवारी, मनीष सिंह, वेदांत तिवारी आदि मौजूद रहे।

## मेडिकल कालेज में लगाई गई बायोमैट्रिक मशीन




**प्रतापगढ़।** मेडिकल कॉलेज में कर्मचारियों और डॉक्टरों की उपस्थिति दर्ज करने के लिए शुक्रवार को बायोमीट्रिक मशीन लगा दी गई। इसमें अंगूठा लगाने पर ही उनकी हाजिरी मानी जाएगी। इससे लेटलतीफी पर अंकुश लगने की उम्मीद जताई जा रही है। मेडिकल कॉलेज के सीएमएस डॉक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि इस मशीन के लग जाने से कर्मचारियों पर समय से पहुंचने के लिए मनोवैज्ञानिक दबाव भी बनेगा। मेडिकल कालेज में डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ और कर्मचारियों के आने का कोई समय निर्धारित नहीं था। मरीज सुबह से ही डॉक्टरों के चैंबर के सामने लाइन लगाकर खड़े हो जाते थे। काफी देर इंतिजार करने के बाद मरीज डॉक्टर के आने के बारे में पता लगाने में परेशान रहते थे। उन्हें बताने वाला कोई नहीं था। क्योंकि कर्मचारी भी मर्जी के अनुसार आते थे। पैरा मेडिकल स्टाफ का भी आने का रवैया वही था। लेट लतीफी पर कई बार शिकायत भी लोगों ने जिम्मेदारों से की लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। उम्मीद जताई जा रही है कि बायोमैट्रिक मशीन से हाजिरी होने पर अब सभी लोग समय पर हॉस्पिटल पहुंचेंगे।

# बाबू मयन बहादुर सिंह की जयंती पर पखवाड़े का आयोजन


पौधरोपण करते विनय सिंह भोला, नगीना सिंह व सदस्यगण

**प्रतापगढ़।** सहोदरपुर वार्ड के प्रथम सभासद शिक्षक व पत्रकार स्व0 मयन बहादुर सिंह की 94वीं जयंती को 25 नवम्बर से 8 दिसम्बर के बीच सामाजिक सरोकार पखवाड़े के रूप में मनाई जा रही है। शुक्रवार को बाबूजी के याद में सहोदरपुर वार्ड स्थित उनके आवास पर बाबू जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुपन अर्पित किया गया। योजना समिति के सदस्य विनय सिंह भोला, नगीना सिंह आदि ने उनके आवास स्थित परिसर व बाग में आम्रपाली सहित अन्य प्रजाति के पौधे लगाये। पखवाड़ा कार्यक्रम का संयोजन बाबूजी के पौत्र भाजपा आईटीसेल के जिला संयोजक पंकज सिंह ने किया। आयोजन समिति ने बाबू जी के जयंती पर स्वच्छता, स्वास्थ्य जॉच शिविर आदि सेवा के कार्य करने का निर्णय लिया है। पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बाबूजी को याद करते हुए उन्हें सच्चा समाज सेवक बताया। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक के रूप में उनके द्वारा पढ़ाये कई विद्यार्थी देश और प्रदेश में प्रशासनिक व सामाजिक सेवा में अहम पदों पर अपना योगदान दे रहे हैं। एक पत्रकार के रूप में बाबूजी हमेशा गरीबों, मजलूमों व सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दे उठाते रहे हैं। एक दौर था जब बाबूजी को अफसर व नेता बड़ी सम्मान की नजरों से देखा करते थे। उनके बताए हुए रास्ते पर हम सभी को चलना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस दौरान श्याम नारायण सिंह, चन्द्र प्रकाश पाल, ललित मिश्र, बृजेन्द्र सिंह, हरिकेश सिंह, रोहित सिंह, गौतम शर्मा, नरेन्द्र बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।

## थाने में सम्पन्न कराया प्रेमी युगल का विवाह

**प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को प्रेमी-प्रेमिका का थाने में ही विवाह सम्पन्न कराकर दोनों परिवार के बीच शुरू हुए विवाद को शांत कराया। लालगंज कोतवाली के पूरे तिलकराम खलहिया निवासी सुरेंद्र सरोज उर्फ बाबू पुत्र मोहनलाल सरोज का अर्जुनपुर रानीगंज कैथौला गांव की आरती पुत्री स्वर्गीय रामसुख सरोज के साथ लम्बे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। लेकिन अचानक जाने क्या हुआ कि युवक ने शादी करने से इंकार कर दिया। इससे प्रेमिका के परिजनों ने कोतवाली आकर पुलिस को तहरीर दी। कोतवाल कमलेश पाल ने बताया कि दोनों पक्षों को समझा बुझाकर मामले को किसी तरह शांत कराया गया। इसके बाद पुलिस की मौजूदगी में शुक्रवार को सुरेन्द्र व आरती का विवाह सम्पन्न करा दिया गया। नव विवाहित जोड़े परिवार के साथ खुशी से घर चले गये।

# लूट की दो घटनाओं का खुलासा, तीन आरोपी गये जेल

**प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली पुलिस ने बीते माह हुई लूट की दो घटनाओं का खुलासा किया है। पुलिस ने दोनों घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। वहीं एक आरोपी अभी भी फरार चक रहा है। कोतवाल कमलेश पाल ने बताया कि लालगंज क्षेत्र के रायपुर तियांई स्थित पेट्रोल पम्प मैनेजर के साथ बीते अटठाईस अक्टूबर को बाइक सवार बदमाशों ने पेट्रोल पम्प मैनेजर रायबरेली जिले के नसीराबाद क्षेत्र निवासी प्रभात मिश्र के साथ दो लाख साठ हजार रुपए की लूट की थी। मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने गुरूवार की दोपहर घटना के आरोपी अर्पित पाण्डेय उर्फ गोलू पुत्र राजकुमार पाण्डेय निवासी सोनार का पुरवा ढ़िगवस को ननकू दुबे का पुरवा से तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम द्वारा इस घटना के आरोपित जयकृष्ण शुक्ल उर्फ गोल्डी पुत्र रामकिशोर शुक्ल निवासी नरायनपुर तथा दीपक सिंह उर्फ सत्यविजय सिंह पुत्र दिनेश सिंह निवासी हरिपुर चुर्री चैराहा को उनके गांव से गिरफ्तार किया। वहीं घटना के चैथे आरोपी मंदीप उर्फ दुर्गेश पुत्र राजेन्द्र दुबे निवासी ननकू दुबे का पुरवा की तलाश पुलिस कर रही है। कोतवाल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के पास से लूट के छब्बीस हजार रुपए की बरामदगी की गयी है। कोतवाल के अनुसार इन्हीं आरोपियों द्वारा बीते छः नवंबर की शाम दुकान बंद करके घर जा रहे मुस्ताक पुत्र मो. अब्बास निवासी नरायनपुर सरैंया के साथ गांव के रास्ते पर पन्द्रह हजार रुपए व मोबाइल की लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। पहली घटना को अर्पित पाण्डेय उर्फ गोलू तथा मंदीप उर्फ दुर्गेश ने अंजाम दिया था। जबकि उनके अन्य दोनों साथियों ने इस घटना की रेकी की थी। वहीं व्यापारी के साथ हुई लूट की घटना में जयकृष्ण शुक्ल उर्फ गोल्डी ने रेकी की थी तथा अन्य तीन ने घटना को अंजाम दिया था। व्यापारी के साथ हुई लूट की घटना को लेकर गिरफ्तार आरोपियों के पास से लूट के पांच हजार पांच सौ रुपए व मोबाइल की बरामदगी की गयी है। कोतवाल ने यह भी बताया कि गिरफ्तार आरोपी अर्पित उर्फ गोलू तथा दीपक उर्फ सत्यविजय के खिलाफ कोतवाली मे एससीएसटी का मुकदमा भी दर्ज है। गिरफ्तार तीनों आरोपियों को शुक्रवार को जेल भेज दिया गया। फरार आरोपी मंदीप उर्फ दुर्गेश की तलाश में दबिश दी जा रही है, शीघ्र ही उसे भी गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### महिला का पर्स सहित मोबाइल चोरी

**पट्टी।** मेला देखने आई महिला का पर्स, मोबाइल के साथ ही नकदी चोरी हो गया। महिला ने मामले की जानकारी मेला कमेटी के साथ पुलिस को दी है। पट्टी कस्बे की बीबीपुर की रहने वाली मंजू जायसवाल पत्नी अजय जायसवाल शुक्रवार मेला देखने पट्टी आई थी। अपनी सास के साथ वह मेला देख रही थी। आरोप है कि एक युवती उसके पास खड़ी थी जो कि उसका पर्स लेकर चली गई। सामान खरीदने के बाद जब उसने पैसा देने के लिए पर्स देखा तो उसके पास पर्स नही था। महिला ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। पर्स में 15 सौ रुपए नगद व मोबाइल फोन था।

# डीएपी की किल्लत व धान की सरकारी खरीद न होने पर वकीलों ने सौंपा ज्ञापन


तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते वकील

**लालगंज।** क्षेत्र में डीएपी खाद की किल्लत तथा धान क्रय केंद्रो पर सरकारी खरीद नहीं होने पर शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने डीएम को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह को सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि क्षेत्र में सरकारी समितियों पर डीएपी खाद की किल्लत है। इसके चलते किसान रवी की बुवाई नहीं कर पा रहा है। किसान बाजारों में कालाबाजारी का शिकार हो रहा है। तहसील परिसर में डीएपी की किल्लत तथा धान क्रय में अव्यवस्था को लेकर वकीलों ने नारेबाजी भी की। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अगुवाई में दिए गये ज्ञापन में प्रशासन से डीएपी खाद पर्याप्त मात्रा मे उपलब्ध कराए जाने की मांग की गयी है। तहसील क्षेत्र के धान क्रय केन्द्रों पर बिचैलियेपन का भी आरोप लगाया गया है। धान की सरकारी खरीद पारदर्शिता से न होने के कारण मध्यम वर्गीय किसान औने पौने दाम में अपना धान बाजार में बेचने को मजबूर है। किसानों की समस्याओं का समाधान न होने पर अधिवक्ता संघर्ष की शुरूआत करेंगे। इस मौके पर उपाध्यक्ष बीके तिवारी, विपिन शुक्ल, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, अनूप पाण्डेय, रामलखन शर्मा, धनश्याम मिश्र, संतोष तिवारी, विपिन शुक्ल, गया प्रसाद मिश्र, शैलेन्द्र सिंह, सत्येंद्र श्रीवास्तव आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## महिला सिपाही से भिड़ी फरियादी

**प्रतापगढ़।** पति से चल रहे विवाद में अपना पक्ष रखने के लिए महिला सहायता प्रकोष्ठ आई युवती और महिला सिपाही में भिड़ंत हो गई। मारपीट के दौरान फरियादी युवती प्रकोष्ठ के बाहर गिर गई और शोर मचाने लगी। इससे वहां अफरातफरी मच गई। फरियादी के साथ इस व्यवहार को लेकर पुलिस पर सवाल खड़े हो रहे हैं। अमेठी की युवती की शादी प्रतापगढ़ के एक युवक से हुई है। पति से विवाद पर युवती ने महिला सहायता प्रकोष्ठ में शिकायत की है। शुक्रवार को वह अपना पक्ष रखने एसपी कार्यालय परिसर स्थित महिला प्रकोष्ठ आई। प्रकोष्ठ के बाहर वह जोर-जोर से बोल रही थी। एक महिला सिपाही बाहर निकलकर उससे बातचीत करने लगी। इस दौरान युवती और महिला सिपाही में मारपीट होने लगी। इससे युवती गिर गई। इसके बाद वह जोर से सिपाही पर चिल्लाने लगी। यह देख एसपी ऑफिस परिसर में मौजूद लोगों की भीड़ महिला प्रकोष्ठ के सामने जमा हो गई। सीओ सिटी सुबोध गौतम नेबताया कि युवती अकारण बोल रही थी। महिला सिपाही ने उसे रोका तो वह उलझ गई।

# दुनिया भारत के दर्शन व सिद्धान्तों की कायल : प्रमोद तिवारी


प्रमोद तिवारी को अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए

**लालगंज।** बाबागंज क्षेत्र के बुद्धीधर स्थित बीडी इण्टर कालेज में शुक्रवार को विभिन्न शिक्षण संस्थाओ के संस्थापक अध्यक्ष एवं समाजसेवी पं. बद्रीधर द्विवेदी का जन्मदिन समारोहपूर्वक मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि विचारधारा के क्षेत्र में देश की मजबूती के लिए समाज के जागरूक तबके को कारगर भूमिका निभानी होगी। वैचारिक शोध के क्षेत्र में आज दुनिया भारत के दर्शन तथा सिद्धांतो की कायल है। हमारी विचारधारा सदैव मानवीय पहलुओं व रचनात्मकता पर आधारित रही है। उन्होनें स्व. बद्रीधर द्विवेदी को जिले तथा प्रदेश के समीपवर्ती इलाकों में शिक्षा के क्षेत्र में एक सशक्त योगदान देने वाला महापुरूष बताया। प्रमोद तिवारी ने देश के चरित्र तथा संस्कृति के संवर्धन में सबको मिलकर अपना चिंतन व योगदान देने की अपील की। शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने विधायक निधि से विद्यालय के विकास के लिये सहयोग राशि की घोषणा की। अध्यक्षता प्राचार्य डा. अखिलेश कुमार पाण्डेय ने की। प्रबंध निदेशक डा. विनय कुमार द्विवेदी ने अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर अनिल त्रिपाठी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, ओमानंद द्विवेदी, रामआसरे पाण्डेय, जिपंस दिलीप पाण्डेय, डा. प्रवीनसागर शुक्ल, राजेश पाण्डेय, मनोज कुमार पाण्डेय, राजेश तिवारी बाबा, डा. दलवीर यादव, डा. शिवाकांत त्रिपाठी, पारसनाथ शुक्ल आदि मौजूद रहे।

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को सात वर्ष की कारावास व अर्थदण्ड

**प्रतापगढ़।** अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो पंकज कुमार श्रीवास्तव ने सुधीर विश्वकर्मा निवासी सिरसा, थाना जेठवारा को नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म के आरोप में दोषी पाते हुए सात वर्ष के कारावास व नौ हजार रुपए अर्थदंड तथा राजन शुक्ला निवासी सिरसा, थाना जेठवारा को अपहरण के आरोप में दोषी पाते हुए तीन वर्ष के कारावास व दो हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया। वादी मुकदमा के अनुसार 17 जून 2014 को समय आठ बजे रात को वह घर के दरवाजे पर बैठी थी तभी सुधीर उर्फ बबऊ व राजन शुक्ल दरवाजे पर कट्टा लेकर आए और गाली गुप्ता देते हुए उसकी लड़की को जबरन पकड़ ले जाने लगे। उसने मना किया तो उसे मारने के लिए सुधीर ने कट्टा लगा दिया। उसकी लड़की को जबरन लेकर चले गए और कहा कि किसी से यदि बताओगी तो जान से मार डालेंगे। पीड़िता ने दौरान साक्ष्य बताया कि सुधीर व राजन जबरदस्ती बाइक पर बैठाकर ले गए। राजन बाइक चला रहा था सुधीर हमको पकड़ कर बैठाया था। राजन इलाहाबाद मुझे छोड़कर चला आया और सुधीर मुझे कमरे में ले गया और मेरा मुंह दबाकर मेरा बलात्कार किया। राज्य की ओर पैरवी विशेष लोक अभियोजक देवेश चंद्र त्रिपाठी व अशोक त्रिपाठी ने की है।

# छात्र - छात्राओं ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प


पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते छात्र-छात्राएं

**संकल्प**

**आज प्रकृति से छेड़छाड़ करने के कारण ही प्राकृतिक आपदाएं आ रही हैं : प्रबंधक**

**प्रतापगढ़।** डॉक्टर जयमंगल सिंह प्राथमिक प्रशिक्षण संस्थान भुपियामऊ में शुक्रवार को पर्यावरण जागरूकता संगोष्ठी हुई। जिसमें वक्ताओं ने अपने विचार रखे। छात्र - छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। प्रबंधक धर्मेन्द्र सिंह ने दीप प्रज्वलन कर संगोष्ठी की शुरूआत किया। उन्होंने कहा कि आज प्रकृति से छेड़छाड़ करने के कारण ही प्राकृतिक आपदाएं आ रही हैं। इससे मनुष्यों में विभिन्न प्रकार के रोग व विकृतियां उत्पन्न हो रही हैं। प्राचार्य डा. सन्तोष कुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं को पौधरोपण कर उनको संरक्षित करने की शपथ दिलाई। सिम्मी सिंह,कमलाकर शर्मा, रीता सिंह,विशाखा श्रीवास्तव ने विचार व्यक्त किया। संचालन सुनील सिंह ने किया। कालेज की अंकिता सिंह, मो. आमिर खान,इसराइल खान, निकिता सिंह,सलोनी पाण्डेय, श्वेता के विचारों को पुरस्कृत किया गया। शालिनी त्रिपाठी, प्रिया श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

### नवजात बच्चे के अपहरण के आरोप में महिला को सजा

**प्रतापगढ़।** अपर सत्र न्यायाधीश कुंदन किशोर ने अपहरण की दोषी किरन तिवारी निवासी मिश्रौली थाना कोहडौर को दोषी पाते हुए तीन वर्ष के कारावास व पांच हजार रूपया अर्थदंड से दंडित किया। वादी मुकदमा ओमप्रकाश के अनुसार 28 जनवरी 2012 को उसने अपनी पत्नी चंद्र कली को जिला अस्पताल प्रतापगढ़ में भर्ती कराया। उसे प्रसव पीड़ा हो रही थी,उसकी देख रेख में उसकी भाभी प्रेमा देवी व सास रमराजी थी। भर्ती कराने के दूसरे दिन उसको लड़का पैदा हुआ। डॉक्टर ने बताया यह बच्चा बहुत कमजोर है और एक पर्ची में दवा लिखकर मुझे लाने के लिए दिया। मैं दवा लेने चला गया और बच्चों को अपनी भाभी प्रेमा देवी की गोद में दे दिया। मैं लौट कर आया मेरी भाभी ने बताया कि मैं तुम्हारी पत्नी का कपड़ा साफ करने चली गई और बच्चे को तुम्हारे सास को दे दिया था। इसी बीच एक औरत ने बच्चा मेरी सास की गोदी से लेकर गायब हो गई। गायब होने के तीन दिन बाद उसे जानकारी हुई कि पुलिस ने उस महिला से बच्चा बरामद कर लिया है, उसका नाम किरन है। बच्चा मुझे पुलिस द्वारा वापस कर दिया गया। राज्य की ओर से पैरवी एडीजीसी अनिल मिश्रा ने की।

## बारात जा रहे साले की सड़क हादसे में मौत, बहनोई समेत दो घायल

**पट्टी।** कंधई थाना क्षेत्र में बहनोई के साथ बारात में शामिल होने जा रहे साले की सड़क हादसे में मौत हो गई। जबकि बहनोई और उसका एक साथी बुरी तरह घायल हो गया। घायलों को प्रयागराज स्थित स्वरूप रानी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।थाना क्षेत्र के सोनाही गांव निवासी रामआसरे सिंह का 23 साल का बेटा संदीप कुमार उर्फ चुन्नू सिंह बीती रात अपने बहनोई दीपक सिंह के साथ घर से अंतू क्षेत्र के बिहारगंज बारात में शामिल होने के लिए निकला था। उनके साथ दीपक का एक साथी भी बाइक पर सवार था। रास्ते में बीरमऊ गांव के के पास रात लगभग 9 बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से तीनों गिरकर बुरी तरीके से जख्मी हो गए। थोड़ी देर बाद संदीप की मौत हो गई। उसका बहनोई दीपक व साथी बुरी तरीके से घायल हो गए। घायलों को प्रयागराज रेफर कर दिया गया। मौजूद लोगों ने सभी को जिला अस्पताल भेज दिया। यहां पर डॉक्टरों ने संदीप को मृत घोषित कर दिया। संदीप के परिजन पहुंचे तो रोने-बिलखने लगे। राम आसरे अपने बेटे को शव को देखकर बिलख पड़ा । उसे विश्वास ही नहीं हो रहा था कि उसका छोटा बेटा इस दुनिया में नहीं रहा।

### प्राथमिक विद्यालय में हुई चोरी, दी तहरीर

**लालगंज।** कोतवाली क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय पूरे नोती मे हुई चोरी की घटना को लेकर प्रधानाध्यापक ने पुलिस को तहरीर दी है। प्रधानाध्यापक राजेन्द्र प्रसाद तिवारी के अनुसार बीते गुरूवार की रात अज्ञात चोरों ने विद्यालय का ताला तोडकर अंदर कमरे मे रखा सिलेण्डर बर्तन व कई महत्वपूर्ण अभिलेख उठा ले गये। अगले दिन शुक्रवार को सुबह प्रधानाध्यापक स्कूल पहुंचे तो विद्यालय का ताला टूटा देख वह आवाक रह गये। कोतवाल कमलेश पाल का कहना है कि मामले की जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## जनसंपादकीय

# पर्यावरण संरक्षण जरूरी

आज विश्व पर्यावरण दिवस है। पर्यावरण संतुलन बनाए रखना तथा इसके लिए विश्व में जागरूकता उत्पन्न करना इस दिवस को मनाने का उद्देश्य है ।यह भी अनुभव किया गया है कि वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ी समस्या पर्यावरण से जुड़ी है तथा पर्यावरण संरक्षण बहुत जरूरी है । वनस्पतियों, प्राणियों मानव जाति सभी के साथ संबंध, सहजीवन को पर्यावरण कहा जाता है। इस प्रकार पर्यावरण में वायु, जल ,पेड़ पौधे ,जीव जंतु ,मानव और विविध गतिविधियों के परिणाम आदि सभी का समावेश होता है । इस पृथ्वी के समस्त प्राकृतिक परिवेश घनिष्ठ रूप से संबंधित हैं। प्रदूषण के कारण सारी पृथ्वी दूषित हो रही है। यदि इस पर रोक न लगाई गई तो मानव जीवन पर इसके भयानक प्रभाव पड़ेंगे । मानव जीवन का सुरक्षित रहना भी कठिन हो जाएगा।

पर्यावरण से संबंधित विश्व का पहला और बड़ा सम्मेलन 5 से 16 जून तक स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में 1972 में हुआ जिसमें 119 देशों ने प्रतिभाग किया था यह अंतर्राष्ट्रीय चेतना एवं पर्यावरण आंदोलन था। जिसमें सभी देशों ने एक ही धरती के सिद्धांत को सर्वमान्य तरीके से मान्यता प्रदान की और विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाने लगा। 1972 तक किसी देश में पर्यावरण मंत्रालय नहीं थे। बाद में इसकी स्थापना की गयी। भारत ने 1985 में पर्यावरण और वन मंत्रालय स्थापित किया गया। पर्यावरण और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (यूएनसीईडी) को पृथ्वी शिखर सम्मेलन भी कहा जाता है। यह 3 से 14 जून तक 1992 में ब्राजील की राजधानी रियो डि जनेरियो में आयोजित किया गया ।सम्मेलन में विश्व के 182 देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था।

प्रदूषण के लगभग एक दर्जन प्रकार हैं इनमें मुख्य प्रदूषण में जल प्रदूषण- अपने पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए सबसे पहले जल प्रदूषण से बचना होगा कारखानों का गंदा पानी, घरेलू गंदा पानी ,नालियों में प्रवाहित मल, सीवर लाइन का गंदा पानी समीपस्थ नदी या समुद्र में गिरने से रोकना होगा।

पर्यावरण संरक्षण इसलिए जरूरी है कि असंतुलित पर्यावरण के दूरगामी दुष्प्रभाव हैं जो बहुत ही घातक हैं। जैसे आणविक विस्फोटों से रेडियोधर्मिता का आनुवांशिक प्रभाव, वायुमंडल का तापमान बढ़ना, ओजोन परत की हानि, भूक्षरण आदि के घातक दुष्प्रभाव है। प्रत्यक्ष दुष्प्रभावों के रूप में जल ,वायु तथा परिवेश का दूषित होना एवं वनस्पतियों का नष्ट होना, मानव का अनेक रोगों से आक्रांत होना आदि देखे जाते हैं। बड़े बड़े कारखानों से विषैला पदार्थ ,अपशिष्ट बाहर निकलने से प्लास्टिक आदि के कचरे से प्रदूषण की मात्रा बढ़ जाती है। यदि हम प्रदूषण के प्रकारों की चर्चा करते हैं तो प्रदूषण के लगभग एक दर्जन प्रकार हैं इनमें मुख्य प्रदूषण में जल प्रदूषण- अपने पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए सबसे पहले जल प्रदूषण से बचना होगा कारखानों का गंदा पानी, घरेलू गंदा पानी ,नालियों में प्रवाहित मल, सीवर लाइन का गंदा पानी समीपस्थ नदी या समुद्र में गिरने से रोकना होगा। यह नदियों के जल को विषैला कर देता है जल जीवों व मानव जीवन को भी प्रभावित करता है। जल जीवों का जीवन संकट ग्रस्त हो जाता है । मनुष्य पर भी इसका प्रभाव पड़ता है क्योंकि यही जल सिंचाई में प्रयोग होने पर प्रदूषित जल मिट्टी का उपजाऊपन नष्ट कर देता है। विषैली भूमि की उपज ,अनाज ,सब्जी, फल आदि खाने से मानव का स्वास्थ्य बिगड़ जाता है और वह अनेक बीमारियों का शिकार हो जाता है । स्कूली छात्र / छात्राओं को पर्यावरण की सुरक्षा का व्यापक ज्ञान दिया जाना चाहिए ।

वायु प्रदूषण भी हमारे जीवन के लिए हानिकारक है। वायु प्रदूषण का सामना करना किसी चुनौती से कम नहीं है। विकास की ओर बढ़ रहे युग में बड़े-बड़े कारखानों की चिमनी से उठने वाला घुआं व हवा में मिलकर गिरने वाली चिमनियों से राख ,रेलवे ,अनेक प्रकार डीजल, पेट्रोल से चलने वाले वाहनों से निकलने वाला धुआं ,एसी, इनवर्टर , आदि से कार्बन डाइऑक्साइड ,नाइट्रोजन, सल्फ्यूरिक एसिड ,नाइट्रिक एसिड प्रतिक्षण वायुमंडल में घुलते रहते हैं इससे ग्लोबल वार्मिंग होती है । मानव के गुर्दे, यकृत ,मस्तिष्क को नुकसान पहुंचता है इसी से हृदय व फेफड़े के रोग भी होते हैं वन्य जीवन भी से प्रभावित होता है।

ध्वनि प्रदूषण भी मानव जीवन के लिए बहुत हानिकारक है ध्वनि प्रदूषण वातावरण को नुकसान पहुंचाता है ।अभी तक ध्वनि प्रदूषण से नुकसान महानगरों में होता था पर अब गांव में भी ध्वनि प्रदूषण पहुंच गया है। लाउडस्पीकर ,डीजे, पटाखा जलाना ,मोटरसाइकिल सहित अन्य वाहनों की ध्वनि प्रभावित करती है । प्राकृतिक संतुलन में ज्वालामुखी आते हैं। मानव निर्मित मशीनें, टेलीविजन ,बोरिंग ड्रिलिंग मशीनें प्रदूषण करती हैं इससे कार्यस्थल में उत्पादकता में कमी, नींद की कमी, बहरापन ,उच्च रक्तचाप तनाव ,आदि मानव को बीमारियों का शिकार बना देते हैं

इसके अतिरिक्त मृदा प्रदूषण भी पर्यावरण को असंतुलित करता है यह भूमिक्षरण होता है रसायनों का प्राकृतिक मिट्टी में मिल जाना औद्योगिक गतिविधियां भी मृदा की गुणवत्ता में कमी कर देती हैं कृषि उत्पादन में भी कमी आ रही है । प्रकाश प्रदूषण- महानगरों में रहने वाले लोगों के लिए रात्रिकालीन आकाश में सितारों को धुंधला कर देते हैं ,खगोलीय वेधशाला में के साथ हस्तक्षेप करते हैं प्रदूषण के किसी अन्य रूप की तरह परिस्थितिक तंत्र को बाधित करते हैं। स्वास्थ्य पर बहुत ही प्रतिकूल प्रभाव डालता है।

देश में पर्यावरण सुरक्षा और पर्यावरण सुधार का सबसे व्यापक कानून केंद्र सरकार ने 23 मई 1986 को पारित किया था तथा 19 नवंबर 1986 से लागू किया है कि केंद्र सरकार को सभी रूपों में पर्यावरण प्रदूषण और देश के विभिन्न हिस्सों में विशिष्ट पर्यावरणीय समस्याओं से निपटने के लिए प्राधिकरण स्थापित करने हेतु अधिकृत करता है इस प्रकार एक व्यापक कानून है। पर्यावरण संरक्षण में सब की भूमिका निहित होती है प्रत्येक व्यक्ति को इस में सहभागिता करनी चाहिए पर्यावरण संतुलन के लिए हम छोटे-छोटे उपाय और कार्यों भी कर सकते हैं भी घर की खाली जमीन बालकनी छत पर पौधे लगाए , दिन में सूरज की रोशनी से काम चलाएं, लीक हो रहे नल ठीक करवाएं ,शावर के बजाय बाल्टी के पानी से नहाएं, सोलर पैनल लगवाए सोलर कुकर में खाना बनायें, प्रकाश के लिए सी एफ एल/एल ईडी लगाएं बल्व न लगाएं लोगों को बर्थडे पार्टी में पौधे गिफ्ट करें गिफ्ट करें, कपड़ा धोने से बचे पानी को पौधों में डाल दें या जमीन पर डालें, प्लास्टिक की जगह कांच की बोतल या तांबे की बोतल का प्रयोग करें, मोबाइल उपयोग में नहीं आ रहे हैं उनको स्विच से निकाल दें, लिफ्ट के बजाय सीढ़ियों का उपयोग करें, प्लास्टिक के कप प्लेट की जगह मिट्टी के कुल्हड़, कागज यह पत्तों से बनी प्लेट का प्रयोग करें, पर्यावरण सुरक्षा जीवन का कवच है और जीवन को स्वस्थ कर सकता है इसके प्रति जागरूकता के लिए ही पर्यावरण एवं पर्यावरण संरक्षण दिवस मनाया जाता है यदि पर्यावरण असंतुलित होता रहेगा तो पृथ्वी पर पेड़ पौधे वन्य जीव तथा मानव जीवन नहीं बचेगा सौरमंडल में नौ ग्रह हैं उनमें केवल एक पृथ्वी ग्रह ही है जिस पर जीवन संभव है लेकिन स्थितियां बिगड़ती गयीं तो यह ग्रह भी वैसा ग्रह हो जाएगा जैसे कि अन्य जीवन रहित ग्रह हैं।



**ओम प्रकाश सुमन**
**लेखक स्मृति महाविद्यालय भीरा लखीमपुर खीरी के पूर्व प्रवक्ता हैं**

# गहलौत की कांग्रेस हाईकमान को खुली चुनौती

## समय- संदर्भ



राज खन्ना

अशोक गहलौत सीधे संघर्ष की मुद्रा में हैं। सचिन पायलट उनके निशाने पर हैं लेकिन चुनौती वे हाईकमान को दे रहे हैं। अब तक जो बातें वे नेतृत्व से बंद कमरे में करते थे , अब उसे सार्वजनिक मंच से बेलाग लहजे में बयान कर रहे हैं। राजस्थान का मुख्यमंत्री पद गांधी परिवार के गले की हड्डी बन गया है। जाहिर तौर पर पार्टी की कमान राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के हाथों में है लेकिन राजस्थान की कुर्सी में फेरबदल किसकी मंशा से मुमकिन है , ये जगजाहिर है।उधर गुरुवार को सचिन पायलट बुरहानपुर (मध्य प्रदेश) में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा से भेंटकर उनके वायदे की याद दिल रहे थे तो इधर जयपुर में एक न्यूज चैनल से गहलौत कह रहे थे , ₹ पायलट की गद्दारी को मैंने खुद भुगता है। 102 विधायकों में से किसी भी विधायक को सीएम बना दो लेकिन पायलट को स्वीकार नहीं करेंगे।₹ जाहिर है गहलौत उन्हें (राहुल और प्रियंका को) संबोधित कर रहे थे , जिन्होंने पायलट को राजस्थान चुनाव के पूर्व इस कुर्सी पर बिठाने का वायदा कर रखा है।

अशोक गहलौत एक चतुर राजनेता हैं। राजस्थान विधायक दल के बड़े हिस्से पर उनकी जबरदस्त पकड़ उनकी अतिरिक्त शक्ति है। उन्हें पता है कि इस ताकत के रहते हुए भी उन्हें कब लचीला होना है और कब अपनी शक्ति का आभास देते हुए अड़ जाना है। 25 सितंबर के पहले तक अशोक गहलौत की गिनती गांधी परिवार के बेहद भरोसेमंद लोगों में थी। उन्हें पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने की भी तैयारी थी। लेकिन इस तारीख को जयपुर में पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर बुलाई गई पार्टी के विधायक दल की बैठक का गहलौत समर्थकों ने वहिष्कार करके अपने बागी तेवर दिखा दिए थे। इन विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष को अपने इस्तीफे भी सौंपे थे। सीधे तौर पर यह केंद्रीय नेतृत्व को चुनौती थी। लेकिन चतुर गहलौत ने इस टकराव को टाला। माफी मांग कर फौरी संघर्ष स्थगित किया। लेकिन यह आत्मसमर्पण नहीं था। वे दो कदम आगे बढ़ने के लिए एक कदम पीछे हटे थे।

अशोक गहलौत ने 29 सितंबर को सोनिया गांधी से भेंटकर केंद्रीय नेतृत्व की मंशा के अनुकूल जयपुर में कांग्रेस विधायक दल की बैठक न हो पाने के लिए माफी मांगी थी। दिलचस्प है कि अपनी माफी को गहलौत ने ही सार्वजनिक किया था। समझा गया था कि आगे राजस्थान में वही होगा जो पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व चाहेगा। लेकिन सिर्फ आठ दिन बाद सात अक्टूबर को जयपुर की बिजनेस समिट में गहलौत , गौतम भाई की प्रशंसा कर रहे थे। ये गौतम भाई वही अडानी हैं , जिनकी मोदी से निकटता का जिक्र करते हुए राहुल गांधी दोनो पर हमले का कोई मौका नहीं छोड़ते। समिट में गहलौत ने गौतम अडानी की कारोबारी काबिलियत की तारीफ की थी , तो दूसरी तरफ अडानी ने अगले पांच - सात साल में राजस्थान में पैंसठ हजार करोड़ के निवेश का वायदा किया है। अडानी की तारीफ की खबरों से सजी गहलौत और अडानी की मुस्कुराती तस्वीरों ने भाजपा को खिलखिलाने का मौका दिया तो कांग्रेसियों को बगलें झांकने के लिए मजबूर किया था। अपनी पदयात्रा के दौरान राहुल गांधी ने यह कहकर बचाव का रास्ता निकाला कि कोई भी मुख्यमंत्री अपने राज्य में इतने बड़े निवेश के प्रस्तावों का स्वागत करेगा। साथ में जोड़ दिया था कि अगर राजस्थान सरकार अडानी को कोई बेजा फायदा पहुंचाते दिखेगी तो वे इसका विरोध करेंगे।

लेकिन गहलौत यहीं नहीं रुके। एक नवंबर को मानगढ़ धाम के कार्यक्रम में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी प्रशंसा कर डाली। उधर मोदी ने गहलौत से अपने मुख्यमंत्री रहने के समय से चले आ रहे संबंधों की याद दिलाकर रिश्तों की मिठास बढ़ाई। मोदी ने मुख्यमंत्री के तौर पर गहलौत की वरिष्ठता का हवाला दिया। गहलौत ने मुस्करा कर आभार जताया। मोदी के प्रति राहुल कितने कटु हैं , ये उनके रोज के बयान बताते हैं। खुद मोदी भी गांधी परिवार को घेरने का कोई मौका नहीं छोड़ते। मोदी की विदेश यात्राओं और इन यात्राओं की उपलब्धियों को कांग्रेस पार्टी लगातार नकारती रही है। लेकिन प्रधानमंत्री, कुछ केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा शासित राज्यों मध्यप्रदेश और गुजरात के मुख्यमंत्रियों के साथ मंच साझा करते हुए गहलौत आखिर मोदी के प्रति इतने उदार क्यों थे ?

कश्मीर से कन्याकुमारी की 3,570 किलोमीटर की लंबी पदयात्रा के पग - पग पर राहुल गांधी देश के लोकतंत्र को खतरे में बता रहे हैं। उन्हें देश को जगाने और जोड़ने के लिए निकलना पड़ा है । क्यों ? क्योंकि वे और उनकी पार्टी मानती है कि मोदी सरकार विभाजनकारी ताकतों को बढ़ावा दे रही है। दूसरी ओर क्या गहलौत की सोच अपनी पार्टी से अलग है ? उनका भाषण तो कुछ ऐसा ही बताता है। मोदी की तारीफ में मानगढ़ के कार्यक्रम में गहलौत ने कहा था , ₹ विदेशों में पी. एम. मोदी को खूब सम्मान मिलता है और वह इसलिए क्योंकि वे जिस देश के प्रधानमंत्री हैं, वह देश महात्मा गांधी का है और वह देश जहां लोकतंत्र की जड़ें मजबूत और गहरी हैं और सत्तर साल बाद भी वहां लोकतंत्र जिंदा है। दूसरे देशों के लोग ये सोचकर गर्व करते हैं कि ऐसे देश के प्रधानमंत्री हमारे देश में आ रहे हैं।



सत्ता दल और विपक्ष के बीच खींचतान या आरोप - प्रत्यारोप लोकतांत्रिक प्रक्रिया का अनिवार्य हिस्सा है। लेकिन 2014 में नरेंद्र मोदी के सतारूढ़ होने के बाद से मोदी और गांधी परिवार के बीच रिश्ते सहज और सामान्य नहीं रहे हैं। मोदी पर हमले के लिए राहुल गांधी देश के दो बड़े उद्योगपतियों अडानी और अंबानी के नाम का खूब इस्तेमाल करते हैं। उन अडानी के प्रति उदार होकर गहलौत ने क्या संदेश दिया ? ...और फिर उससे भी आगे बढ़कर मोदी की तारीफ करके गहलौत ने पार्टी को असहज स्थिति में डाल दिया। इसकी टाइमिंग और जगह और चौंकाने वाली थी। गहलौत गुजरात चुनाव के लिए पार्टी के प्रभारी हैं। जिस स्थान पर कार्यक्रम हुआ , वह गुजरात का सीमावर्ती है । एक ओर राज्य विधानसभा के चुनाव के मद्देनजर मोदी के गुजरात के दौरों की धूम और उसके बीच प्रतिद्वंदी खेमे के एक वरिष्ठ नेता की प्रशंसा ने क्या संदेश दिया था ?

ये माना जा रहा था कि कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष पद के चुनाव के बाद राजस्थान के नेतृत्व के सवाल पर कोई फैसला लेगी।लेकिन मल्लिकार्जुन खरगे के अध्यक्ष चुने जाने के सवा महीने बाद भी राजस्थान के सवाल पर नेतृत्व अनिर्णय की स्थिति में है। पार्टी के राजस्थान प्रभारी अजय माकन ने अनुशासनहीनता के आरोपी विधायकों पर कोई कार्रवाई नहीं किए जाने के विरोध में अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। सचिन पायलट का धैर्य भी चुकता नजर आ रहा है। वे पार्टी को याद दिला चुके हैं कि उन नेताओं पर कार्रवाई का यह सही समय है , जिन्हें पार्टी ने अनुशासनहीनता के आरोप में नोटिस दे रखी है। राहुल गांधी की पदयात्रा के बीच वे कई बार उनसे भेंट कर चुके हैं। कल की मुलाकात के समय प्रियंका भी मौजूद थीं। इस भेंट की खबर के साथ ही आमतौर पर संकेतों में बात कहने वाले अशोक गहलौत ने सीधा मोर्चा खोल दिया है , आलाकमान तय कर ले कि मुझे रखना है कि किसी और को सीएम बनाना है। पायलट ने प्रदेशाध्यक्ष रहते हुए गद्दारी की थी विधायक उनका नाम नहीं सुनना पसंद नहीं करते हैं। जिनके पास 10 विधायक नहीं हों ,उन्हें कोई सीएम कैसे बना सकता है ?

मुख्यमंत्री की कुर्सी के लिए लंबा खिंचता इंतजार अगर पायलट को बेचैन कर रहा है तो गहलौत भी अपनी कुर्सी पर लटकती तलवार के चलते खफा हैं। गहलौत क्या चाहते हैं , इसे वे साफ कर चुके हैं। क्या इसके बाद भी राहुल - प्रियंका मुख्यमंत्री की कुर्सी पायलट को सौंपने का फैसला ले सकेंगे ? फिलहाल वे इसकी हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। गहलौत को हटाने के लिए कांग्रेस विधायक दल पर उनकी पकड़ कमजोर करना जरूरी होगा। पायलट इसमें नाकाम रहे हैं और गांधी परिवार अब इतना मजबूत नहीं रहा कि उनके इशारे को राज्य के विधायक आदेश मानकर सिर माथे पर ले लें। बहुसंख्य कांग्रेसी विधायक तो पिछली बार इस्तीफे पेश कर हाईकमान को उसकी हद याद करा चुके हैं।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, संपर्क 94150 56650)**

समिट में गहलौत ने गौतम अडानी की कारोबारी काबिलियत की तारीफ की थी , तो दूसरी तरफ अडानी ने अगले पांच - सात साल में राजस्थान में पैंसठ हजार करोड़ के निवेश का वायदा किया है। अडानी की तारीफ की खबरों से सजी गहलौत और अडानी की मुस्कुराती तस्वीरों ने भाजपा को खिलखिलाने का मौका दिया तो कांग्रेसियों को बगलें झांकने के लिए मजबूर किया था। अपनी पदयात्रा के दौरान राहुल गांधी ने यह कहकर बचाव का रास्ता निकाला कि कोई भी मुख्यमंत्री अपने राज्य में इतने बड़े निवेश के प्रस्तावों का स्वागत करेगा। साथ में जोड़ दिया था कि अगर राजस्थान सरकार अडानी को कोई बेजा फायदा पहुंचाते दिखेगी तो वे इसका विरोध करेंगे।

# संविधान में हम भारत के लोग

## प्रसंगवश



डॉ. चित्रा माली

संविधान में लिखे शब्दों को सिर्फ याद रखना जरूरी नहीं बल्कि उनका इस्तेमाल करना ज्यादा जरूरी है और हमें आदत हो गई है सुबह चाय पीते हुए ऐसी खबरें पढ़ने की और पढ़कर कुछ न करने की । यह संवाद फिल्म 200 हल्ला हो का है जो वास्तविक घटना पर आधारित है । 2004 में नागपुर (महाराष्ट्र) में दलित महिलाओं ने एक स्थानीय गुंडे,बलात्कारी को भरी अदालत में मौत के घाट उतार दिया था । इस घटना के बाद महिला आयोग के द्वारा एक कमेटी का गठन किया जाता है । जिसके अध्यक्ष रिटायर्ड जज विट्ठल डांगले (अमोल पालेकर) को बनाया जाता है जो स्वयं दलित है लेकिन जज होने से उनकी सामाजिक हैसियत सामान्य दलितों पिछड़ों से भिन्न है । वे संविधान को सर्वोपरि मानते हैं उनका मानना है कि न्याय के सामने जाति झ धर्म का हवाला देना बेकार है । इस पर नायिका आशा सुर्वे (रिंकु राजगुरु ) कहती हैं कि ह्यजाति के बारे में क्यों न बोलूं सर,जब हर पल हमें हमारी औकात याद दिलाई जाती हैह्न । ये फिल्म दलित पिछड़ों के साथ होने वाले जघन्य अपराधों पर पसरी खामोशी पर कई कड़े सवाल उठाती है और उनके जवाब तलाशती भी है। इसके पूर्व भी कई फिल्मों में दलित और पिछड़ी जातियों के साथ हो रहे अन्याय को दिखाया गया है और उन पर विमर्श भी हुआ है । कुछ वास्तविक घटनाओं का चित्रण भी कई फिल्मों में किया गया है लेकिन हमारी संवेदनाओं का लगातार ह्रास होने से हम इस दर्द को,अन्याय को न देख पा रहे हैं और न ही महसूस कर पा रहे हैं । बहरहाल 26 नवंबर को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में संविधान की प्रस्तावना का पाठ सभी लोगों के द्वारा किया जायेगा,इसमें वे लोग भी शामिल होंगे जिनकी आस्था भारतीय संविधान में नहीं हैं और वे अपने अनुसार संस्थाओं को संचालित करते हैं । एक तबका उन लोगों का भी है जो संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए मुहिम चला रहे हैं । जब हम भारतीय संविधान की प्रस्तावना को पढ़ते हैं या उसका पाठ करते हैं तो इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि संविधान निमार्ताओं ने इसका निर्माण भारत की विविधता से भरी संस्कृति को ध्यान में रखकर किया था जिसमें कास्ट,क्लास और जेंडर के विभेद को भी प्रतिबद्धता के साथ समाप्त करने की कोशिश की गई है लेकिन इतने वर्षों बाद भी कास्ट,क्लास,जेंडर और वर्ग के भेदभाव को हर जगह देखा जा सकता है । जाति के आधार पर लोगों को प्रताड़ित करने की खबरें हर रोज न्यूज चैनल और अखबारों में पढ़ व देख सकते हैं । न्याय व्यवस्था और पुलिस प्रशासन की मौजूदगी के बावजूद भी इन घटनाओं को रोका नहीं जा सका है । इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता हैं कि आज भी जाति की जड़ें कितनी मजबूत हैं । जेंडर और कास्ट के आधार पर कई वीभत्स घटनाएं घटित हुई हैं जो आज भी लोगों के जेहन में ताजा है । जेंडर,जाति के बाद वर्ग के आधार पर भी कई घटनाएं रोज घटित होती है जिनकी एफ.आई. आर. तक दर्ज नहीं हो पाती हैं क्योंकि वे रसूखदार तबके के लोग हैं । बावजूद इसके भी संविधान का महत्व बरकरार है उन लोगों के लिए जो भारतीय संविधान में आस्था रखते हैं और न्याय के लिए प्रतिबद्ध है जो एक उम्मीद भी है कि संविधान के अतिरिक्त अन्य कोई और व्यवस्था मान्य नहीं है । संविधान का निर्माण अन्तिम जन के हितों की रक्षा के लिए किया गया था लेकिन संविधान को लागू करने वालों की मंशा या कहें प्रतिबद्धता में कमी के चलते उस महान लक्ष्य को आज भी प्राप्त नहीं किया जा सका है जो भारतीय संविधान के नीति निमार्ताओं ने भारत देश के लिए तैयार किया था । भारतीय संविधान की वर्तमान प्रस्तावना में भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्वसंपन्न, समाजवादी,सेकुलर, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने का संकल्प व्यक्त किया गया है । 1976 में बयालीसवें संविधान संशोधन के बाद समाजवाद और सेकुलर शब्द को संविधान की प्रस्तावना में जोड़ा गया है । भारतीय संविधान की मूल प्रस्तावना इस प्रकार थी ₹हम भारत के लोग,भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्वसंपन्न, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक,आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार,अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समानता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं। हम भारत के लोग .... इस संविधान को अंगीकृत,अधिनियमित और आत्मार्पित करते है । तीन जनवरी 1977 में प्रभुत्व संपन्न गणराज्य के स्थान पर 'समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य' शब्द को भारतीय संविधान की प्रस्तावना में जोड़ा गया है । भारतीय संविधान की प्रस्तावना में एक एक शब्द का अपना विशिष्ट अर्थ और महत्वपूर्ण स्थान है जो भारत को एक लोकतंत्रात्मक राष्ट्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध करते हैं । भारतीय संविधान हर एक नागरिक की स्वतंत्रता और स्वतंत्र विकास के लिए वचनबद्ध है । भारतीय संविधान में मौलिक अधिकारों का वर्णन किया गया है जिससे किसी भी नागरिक को उसके चाहने पर भी नहीं वंचित नहीं किया जा सकता है । यह व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है । राज्य के नीति-निर्देशक तत्वों का समावेश भी इसमें किया गया है ताकि कल्याणकारी राज्य का सपना साकार किया जा सके । इसी के साथ नागरिकों के मूल कर्तव्यों का वर्णन भी भारतीय संविधान में किया गया है । आर्टिकल 14 में भारत राज्य क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति को विधि के समक्ष समानता या विधियों के समान संरक्षण से वंचित नहीं किया जा सकता है का प्रावधान किया गया है । आर्टिकल 15 व 16 में वर्णित है कि राज्य किसी भी नागरिक के विरुद्ध केवल धर्म,मूलवंश, जाति, लिंग, जन्मस्थान या इनमें से किसी भी आधार पर भेदभाव नहीं करेगा। आर्टिकल 17 में अस्पृश्यता का अंत किया गया है। आर्टिकल 19 में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को शामिल किया गया है जिसमें वाक स्वतंत्रता, समवेत होने,संघ बनाने,संचरण, निवास और वृत्ति की स्वतंत्रता का समावेश किया गया है । आर्टिकल 20 में विधि के अधीन दोषसिद्धि के बाबत सुरक्षा का अधिकार, दोहरे दंड और स्वयं को अपराध में फसाने के विरुद्ध संरक्षण का प्रावधान किया गया है।

आर्टिकल 21 जिसमें संविधान की आत्मा गूंजती है जो किसी भी व्यक्ति को मानवीय गरिमा के साथ जीने का अधिकार प्रदान करता है । 86 वां संविधान संशोधन अधिनियम 2002 के तहत आर्टिकल 21क में 6 वर्ष से 14 वर्ष तक के सभी बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान किया गया जो राज्य की जिम्मेदारी है । आर्टिकल 23 मानव के दुर्व्यवहार का प्रतिषेध व आर्टिकल 24 परिसंकटमय नियोजन में बालकों को लगाने का प्रतिषेध करता है जो शोषण के विरुद्ध अधिकार प्रदान करता है । धर्म की स्वतंत्रता आर्टिकल 25, किसी विशिष्ट धर्म की अभिव्यक्ति में करों के संदाय में स्वतंत्रता आर्टिकल 27,राज्य की शिक्षा संस्थानों में धार्मिक शिक्षा या धार्मिक उपासना में सम्मिलित होने की स्वतंत्रता आर्टिकल 28, इसके अतिरिक्त शिक्षा व संस्कृति के अधिकार भी मौलिक अधिकारों में शामिल हैं जिन्हें भारतीय संविधान की आत्मा कहा जाता है । राज्य के नीति निर्देशक तत्वों में कल्याणकारी राज्य की संकल्पना को परिभाषित किया गया है जिससे राज्यों का चरित्र कल्याणकारी हो और वे बिना किसी भेदभाव के महिलाओं, बच्चों, कमजोर व दुर्बल तबकों के लिए उनके विकास के लिए कल्याणकारी योजनाओं का निष्पादन करें। इसके साथ साथ सभी नागरिकों के कुछ कर्तव्य भी निर्धारित किए गए हैं जिनका पालन किया जाना अनिवार्य है जो संविधान के प्रति हमारी आस्था और प्रतिबद्धता को व्यक्त करते हैं लेकिन वर्तमान में घटित घटनाएं कहीं न कहीं कल्याणकारी राज्य की अवधारणा को भी ध्वस्त करती हैं और साथ ही व्यक्ति के मौलिक अधिकारों के हनन को भी उजागर करती है । आर्टिकल 51क में उल्लेखित कर्तव्यों का भी मखौल कई चर्चित लोगों के द्वारा उड़ाया गया है जो निंदनीय है । आर्टिकल 15 फिल्म उन्नाव की घटना पर बनाई गई है जो भारतीय संविधान की शपथ लेने वालों को भी सवालों के कटघरे में खड़ा करने का प्रयास करती है । भारतीय संविधान की निर्माण प्रक्रिया को जानने समझने के लिए श्याम बेनेगल द्वारा बनाए गए संविधान धारावाहिक को देखा जाना चाहिए । गहन विचार विमर्श की एक लंबी अवधि 2 वर्ष 11 माह 7 दिनों के बाद इस महत्वपूर्ण ग्रंथ का निर्माण किया गया जो भारत के स्वरूप और अस्तित्व को प्रकट करता है ।

इस संविधान दिवस पर यह आवश्यक हो जाता है कि हम भारत के लोग भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सिर्फ पाठ न करें,बल्कि उसे याद रखते हुए व्यवहारिक जीवन में कार्यान्वित भी करें । साथ ही देश में हो रही घटनाओं पर विचार विमर्श के साथ सक्रिय प्रयास भी करें उन्हें रोकने का जिससे संविधान की मूल आत्मा को बचाया जा सके ।

**(लेखिका सामाजिक चिंतक एवं स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# शहर के वास्ते गजल संग्रह मौजूदा वक़्त का आइना

## मूल्यांकन



भगवान स्वरूप कटियार

अगर सच बोल करके हम गलत हैं / नहीं जो बोलते क्या कम गलत हैं।

तुम्हारे सही को क्यूँ सही माने / बताएं तो हम कहाँ पर गलत हैं।

भरें गे जख्म कैसे सरहदों के / दवाएं गलत हैं मरहम गलत हैं।

जाने माने शायर,गजलकार धर्मेन्द्र कटियार के नये गजल संग्रह शहर के वास्ते की यह धारदार पक्तियां इस बात का सबूत है कि वह कितने सजग,सचेत और अपने समय की समझ के तमीजदार शायर हैं। उनका यह संग्रह आकृति प्रकाशन दिल्ली से हाल में ही प्रकाशित हुआ है। इस ताजा संग्रह की गजलें मौजू हैं और दिलो दिमाग को मथने वाली हैं। इसके पहले उनके दो गजल संग्रह मुल्क का मौसम एवं चेहरा रौशनी का प्रकाशित हो चुके हैं। धर्मेन्द्र जी अदम गोंडवी साहब के खास दोस्तों में रहे हैं और उनके साथ मंच साझा किये हैं। इसी संग्रह की उनकी यह पक्तियां मौजूदा निजाम की करतूतों की तस्वीर पेश करती है; हाथ में बंदूक पैसा जेब में / कायदा कानून जेबी होगया है/ चढ़ रहा सर है वही धार्मिक जुनून / वक़्त फिर औरंगजेबी हो गया है।

धर्मेन्द्र जी अपने समय और समाज की नब्ज और उसकी धडकनों को किस तरह टटोलते और समझते हैं उसका खूबसूरत नमूना है इसी संग्रह की यह पंक्तियाँ; खंडहर हो गयी है इमारत पुरानी / कहाँ तक छुडायेंगे जाला बदलिए / यकीनन है उनपे कोई मास्टर की / मुनासिब है गुजराती ताला बदलिए। धर्मेन्द्र जी अपनी गजलों में जालिम निजाम पर किस तरह हमलावर होते हैं उसका एक खूबसूरत नमूना यह पंक्तियाँ पेश करती हैं, बातें पहले की जिए दो जून के आहार की / शौक से फिर कीजिए बुलट के रफ़्तार की। धर्मेन्द्र जी किसान परिवार से हैं और कृषि परास्नातक भी। आप बीज निगम के जीएम भी रहे हैं। इसलिए वह किसानी जीवन के मर्मज्ञ और विशेषज्ञ भी हैं। किसान के दर्द का इजहार वह अपनी गजलों में कैसे करते हैं इस पर गौर फरमाएं, मर गया कोने में पड़ा बूढ़ा / रो रहे हैं सब सगे मिट्टी रखे ले रहा नींद शहर ए सी में / गाँव की काट कर बिजली रखें। उसी का एक और नमूना, पब्लिक कबूतर / कुर्सी गुलेल है/ खुद के है पहरे में / जीस्त खुली जेल है / दगी बोफोर्स नहीं / उड़ रहा राफेल है। धारदार शायरी की जरूरत को रेखांकित करते हुए वह अपनी गजल में लिखते हैं, है निहायत ही जरूरी शायरी जिन्दा रहे / गर्मी-ए-अल्फाज से ही आदमी जिन्दा रहे/ हम वकालत सिर्फ गंगा की नहीं हैं कर रहे / दोस्त हिंदुस्तान की हर इक नदी जिन्दा रहे। उनकी गजलों में किसान के दर्द का बार-बार इजहार होता है, खेल खेती के साथ खेले गए / किसान रोटियों से बेले गए/ देख कर बिकाऊ नेता अफसर / फिर न मजलूम कभी मेले गये। धर्मेन्द्र जी मौजूदा निजाम के आकाओं की तस्वीर पेश करते हुए अपनी गजलों में लिखते हैं, शख्स वो नब्ज देख लेता है / यूँ सही जुमले फेंक लेता है/ झोंक ईंधन सा आपको हमको / रोटियां अपनी सेंक लेता है। इस तरह हम देखते हैं धर्मेन्द्र कटियार हमारे समय के अजीम शायर हैं जो अपनी शायरी से अपने समय और समाज की असल तस्वीर पेश करते हैं, जिसमें सम्वेदना और इंसानियत झांकती दिखती है। वह इंसानी उसूलों के तलबगार और तरफदार हैं। उम्मीद है शहर के वास्ते धर्मेन्द्र जी नया गजल संग्रह पाठकों का ध्यान आकर्षित करेगा।




रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# दो जोन 5 सेक्टर में बंटा गड़बड़ा धाम मेला क्षेत्र

**लिया जायजा**

**ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने किया मेले का निरीक्षण**

**28 नवंबर से शुरू होगा गड़बड़ा धाम मेला**

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** 28 नवंबर से शुरू होने वाले वार्षिक मेला के मद्देनजर शुक्रवार को उपजिलाधिकारी लालगंज ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नवनीत सेहरा ने निरीक्षण किया। स्थलीय निरीक्षण के दौरान उन्होंने सेवटी नदी पर बन रहे पुल का भी जायजा लिया।

इस दौरान पुल में गुणवत्ता व निर्माण कार्य में देरी पर एई फटकार लगाई और तत्काल निर्माण कार्य में तेजी लाकर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। इस दौरान एसडीएम ने मेला क्षेत्र में साफ सफाई का जायजा लिया और सेवटी नदी पर पुल के निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई और पुल के मरम्मत को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए मातहतों को निर्देश दिया। एसडीएम ने मेला के मद्देनजर दर्शनार्थियों की सहूलियत को देखते हुए शौचालय, पेयजल की व्यवस्था, साफ सफाई बनाए रखने के लिए ब्लॉक प्रशासन को निर्देश दिया।

एसडीएम ने बताया कि गड़बड़ा धाम मेला को दो जोन और 5 सेक्टर में बांटा गया है जिसके लिए तहसीलदार के नेतृत्व में नायब तहसीलदार, कानूनगो व राजस्व कर्मियों की तैनाती की गई है। ठंड से बचाव के लिए अलाव के इंतजाम के लिए भी तहसीलदार को निर्देश दिया। सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम रहे इसके लिए राजस्व और पुलिस विभाग के दोनों विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सामंजस्य से मेला क्षेत्र में ड्यूटी लगाई गई है। बताते चलें कि गड़बड़ा धाम मेले में कई राज्यों के दर्शनार्थी मां शीतला का दर्शन करने के लिए आते हैं जिसके मद्देनजर उपजिलाधिकारी लालगंज द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नवनीत सेहरा ने बताया कि दूरदराज से आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो इसके लिए लगातार निरीक्षण किए जा रहे हैं और सभी अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए हैं कि मेले में आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत ना हो।



पुल का निरीक्षण करते ज्वाइंट मजिस्ट्रेट

## जमीन की जुताई को लेकर हुआ विवाद मारपीट, तीन घायल



**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के राजपुर गाँव में शुक्रवार को दोपहर खेत जुताई करते समय गाँव के ही तीन लोग पहुँच कर गाली देते हुए लाठी डंडे से पिटाई कर दी जिससे तीन लोग घायल हो गये पीडित ने थाने में तहरीर दे कर कार्यवाही की मांग की है। राजपुर गाँव निवासी सुदामा ने तहरीर दे कर कहा है कि अपने खेत की जुताई कर रहा था कि गाँव के ही तीन व्यक्ति जुताई करने से मना करने लगे और अश्लील शब्दों का प्रयोग किया। बगल में जुताई कर रहे रामजतन बीच बचाव करने पहुंचे तो उन्हें भी मारपीट कर घायल कर दिया है। जिससे सिर में चोटे आयी है। बीच बचाव मे पत्नी सावित्री को भी चोटें आयी है गाँव के ही तीन नाम जद लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस जांच पड़ताल में जुट गयी है।

## संक्षेप

### 12 वर्षों से फरार चल रहा हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**जमालपुर।** अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान शुक्रवार को 12 वर्षों से पुलिस से आंख मिचौली करते हुए फरार चल रहे हिस्ट्रीशीटर राजेश गौड़ उर्फ राजू पुत्र दशरथ गौड़ निवासी शेरवां को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वही पांच नफर आरोपी सुखदेव सोनकर पुत्र हरी सोनकर, विजय कुमार उर्फ बुद्धू पुत्र कैलाश सिंह, राजेश यादव पुत्र बीरबल यादव निवासी जफरपुरा, धनेश हरिजन पुत्र स्वर्गीय मोती लाल, संजय हरिजन पुत्र सोती निवासी मदरा को धारा 151/107/116 के तहत गिरफ्तार कर सम्बन्धित न्यायालय में पेशी हेतु भेजा गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम मे थाना प्रभारी मनोज कुमार, उपनिरीक्षक राकेश राय, कृष्ण कुमार सिंह, रोहिणी शुक्ला, सुबाष चन्द्र सहित पुलिस टीम मौजूद रही।

### दो आरोपियों के कब्जे से 6 मोबाइल 772 रुपये बरामद

**मीरजापुर।** ट्रेनों में बढ़ती चोरी की घटनाओं की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना जीआरपी प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिहं के निर्देशन में उ0नि0 विनोद कुमार सरोज, मय उ0नि0 बाढ़ू यादव मय हमराह का0 अमित सिंह व हे0का0 विनोद कुमार सिंह के द्वारा मुखवीर कि सूचना रेलवे स्टेशन चोपन के प्लेटफार्म न0 4/5 पर जाने वाले नये फोब के नीचे से 02 शातिर आरोपी अंकित सोनी पुत्र भीष्म नरायन सोनी निवासी ग्राम व थाना विशुनपुरा जिला गढवा राज्य झारखण्ड कुनाल पासवान पुत्र स्व0 ब्रम्हदेव पासवान नि0 ग्रा0 विशुनपुरा थाना विशुनपुरा जिला गढ़वा राज्य झारखण्ड को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से 6 मोबाइल 772 रुपये नगद बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर आरोपी अंकित सोनी व कुनाल पासवान की गिरफ्तारी करते हुये सुसंगत धाराओं में चालान कर भेजा गया।

### एसपी ने जवानों से लगवाई दौड़

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा शुक्रवार की साप्ताहिक परेड के दौरान पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउण्ड पर परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात जवानों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवायी गयी, अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल तथा शस्त्र कवायद सहित दंगा निरोधक उपकरणों के प्रयोग की जानकारी देते हुए अभ्यास कराया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा डॉग स्क्वाड की ली गयी सलामी तथा जवानों को शस्त्राभ्यास कराया गया। पुलिस लाइन निरीक्षण के क्रम विभिन्न शाखाओं के रजिस्टरों तथा अभिलेखों को चेक करते हुए सम्बन्धित को अभिलेखों को अद्यतन रखने के लिए एवं पुलिस लाइन मेस ,पुलिस लाइन कार्यालय, बैरक, आवासीय परिसर आदि का निरीक्षण कर साफ-सफाई एवं समुचित रख-रखाव के निर्देश दिए गये।

### उपचार के दौरान महिला की मौत

**मीरजापुर।** ईलाज के दौरान शुक्रवार को जली हुई महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पड़री थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव निवासिनी रीता पत्नी नंदकिशोर उम्र 30 वर्ष विगत दिनों पहले खाने बनाते समय झुलस गई थी, जिसका मण्डलीय अस्पताल में उपचार चल रहा था। ईलाज के दौरान शुक्रवार को महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया।

### गैंगस्टर अपराधी धराया भेजा जेल

**मड़िहान।** थाना संतनगर क्षेत्र स्थित अमोई सिरसी नहर की पुलिया से चंदौली जनपद के फतेहपुर कला निवासी प्रदीप मौर्य पुत्र शम्भूनाथ मौर्य थाना चंदौली को लालगंज कोतवाली से गैंगेस्टर एक्ट में निरुद्ध अभियुक्त को थाना संतनगर प्रभारी कमल टावरी ने पकड़ कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर लालगंज थाना से गैंगेस्टर अपराधी को पकड़ कर जेल भेजा गया।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना विंध्याचल पर 4 नवम्बर को थाना विंध्याचल क्षेत्रांतर्गत निवासी एक व्यक्ति द्वारा नामजद आरोपी के विरुद्ध अपनी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जहां एसपी के निर्देश के क्रम में शुक्रवार को उ0नि0 रमाशंकर यादव मय पुलिस बल द्वारा आरोपी साहेवे आलम उर्फ सद्दाम पुत्र सलीम निवासी सीताकुण्ड नईबस्ती अष्टभुजा थाना विंध्याचल को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेजा गया।

# जानकारी, समझदारी व समन्वय से बच सकती है जान : एसपी सिटी

**आयोजन**

**यातायात माह के तहत रैली निकाल किया गया जागरूक**

**कछवां।** क्षेत्र में स्थित विंध्य महिला महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा शुक्रवार को यातायात जागरूकता अभियान के तहत रैली निकालकर लोगों को यातायात नियमों से जागरूक किया गया। वही आपको बता दें कि नवंबर माह यातायात माह जाना जाने वाला होता है। हर वर्ष एक नवंबर से 30 नवंबर तक यातायात जागरूकता माह का आयोजन किया जाता है। इन दिनों में ट्रैफिक पुलिस के अलावा प्रशासनिक अफसर जगह-जगह वाहन चेकिंग कर चालकों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी देते हुए जान जोखिम में न डालने की सलाह देते हैं।

शुक्रवार को महिला महाविद्यालय की ओर से आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे एएसपी सिटी श्रीकांत प्रजापति ने कहा कि यदि हम चार चीजों का पालन करें। जानकारी सन्यम समझदारी एवं समन्वय तो किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सकता है। सीओ सदर शैलेंद्र त्रिपाठी ने भी अपने संबोधन के दौरान कहा कि सड़क पर चलते समय हेलमेट की पट्टी सीट बेल्ट अवश्य लगाएं और गाड़ी चलाते समय मोबाइल का प्रयोग बिल्कुल भी ना करें तथा ओवर स्पीड में ना चले तो दुर्घटना होने की संभावना कम हो जाती है। उसके बाद महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा आयोजित जागरूकता रैली को एएसपी सिटी व सीओ सदर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रैली थाना तिराहा, क्रिश्चियन हास्पिटल तिराहा, कछवां-जमुआ चौराहा होते हुए नगर भ्रमण कर पुनः विद्यालय परिसर में समाप्त किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी रामस्वरूप वर्मा ने कहा कि यातायात नियम का पालन करने से जान बच सकती है। लोग अपंग होने से बच सकते हैं।



छात्र व छात्राओं को संबोधित करते एसपी सिटी

# जिलाधिकरी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न

**बैठक**

**दशमोत्तर छात्रवृत्ति, संचालित वृद्धजन आवास में देय सुविधाए जाति प्रमाण पत्र**

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2022-23 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति, शुल्कप्रतिपमति योजनान्तर्गत जनपद अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति उत्पीड़न आर्थिक सहायता योजना तथा जाति प्रमाण पत्र सत्यापन से सम्बन्धित जिला स्तरीय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस, मुख्य राजस्व अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नक्सल महेश चन्द्र अत्री, मुख्यकोषाधिकारी अर्चना त्रिपाठी, जिला समाज कल्याण अधिकारी गिरीश चन्द्र, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, प्राचार्य के0बी0पी0जी0 कालेज सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व स्वैच्छिक संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में निर्देशित किया गया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में सम्बन्धित स्तरों पर मास्टर डाटाबेस का वेरीफाई समयावधि के अन्दर सुनिश्चित करा लिया जाय। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित स्वैच्छिक संस्था के माध्यम से वृद्धजन आवास (वृद्धाश्रम) पटेंगरा नाला विन्ध्याचल में संवासियों को भोजन व अन्य देय सुविधाओं के बारे में विस्तृत चर्चा की गयी। जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद में पटेंगरा नाला विन्ध्याचल में एक वृद्धजन आवास संचालित है जिसके कुल क्षमता 150 व्यक्तियों की हैं। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि वृद्धाश्रम में मानक/मीनू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन दिया जाय। भोजन में प्रयुक्त होने वाली सामाग्री ब्राडेंड हो खुली खाद्य सामाग्री को क्रय न किया जाय। जिलाधिकारी द्वारा जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति की बैठक कुल 05 प्रकरणकी सुनवाई की गयी। बैठक में उपस्थित फरियादियों के द्वारा दिये गये अभिलेखों को सम्बन्धित उप जिलाधिकारी को जांच कर आख्या अगली बैठक में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया।



बैठक को संबोधित करतीं डीएम

# जांच में मिला एक व्यक्ति के नाम से कई जॉब कार्ड

**मीरजापुर।** विधायक मड़िहान से प्राप्त शिकायत के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस द्वारा खण्ड विकास अधिकारी राजगढ़ से जांच कराया गया। खण्ड विकास अधिकारी राजगढ़ द्वारा ग्रांम पंचायत विशुनपुर में मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश के क्रम में ग्राम पंचायत विशुनपुर में मनरेगा योजनान्तर्गत श्रमिकों के जाबकार्ड का यादृच्छिक रूप से जांच किया गया, जाँच के दौरान स0वि0अ0 सांख्यिकीय सेक्टर प्रभारी अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, ग्राम प्रधान, ग्राम रोजगार सेवक एवं सचिव ग्राम पंचायत जो कि विलम्ब से ग्राम पंचायत में पहुँचे उपस्थित थे।

जाँच में यह तथ्य प्रकाश में आया कि एक ही परिवार में एक से अधिक जाबकार्ड बने हुए हैं और कुछ परिवार में पति-पत्नी के नाम से भी जाबकार्ड बने हुए हैं और एक ही व्यक्ति के नाम के एक से अधिक जॉबकार्ड भी बने हैं। जाबकार्ड 1255 निशा पत्नी दिनेश व जाबकार्ड 97 दिनेश पुत्र फत्ते एक ही परिवार में पति-पत्नी के नाम से दो जाबकार्ड बने हैं व भुगतान भी हुआ है। 6. जाबकार्ड 1191 सोनी पत्नी रविन्द्र कुमार व 1022 रविन्द्र कुमार एक ही परिवार में दो जाबकार्ड बने है। उक्त के सम्बन्ध में ग्राम रोजगार से पृच्छा करने पर बताया किया ग्राम पंचायत में मनरेगा के 7 रजिस्टर मेरे पास जब से मेरी ग्राम पंचायत में तैनाती हुई है तब से मेरे पास उपलब्ध नहीं है। जिससे अभिलेखीय मिलान नहीं हो सका। सचिव ग्राम पंचायत ने बताया कि वे अभिलेख मेरे पास भी नहीं हैं। इस प्रकार मनरेगा जैसे महत्वपूर्ण रोजगार परक योजना में सचिव और ग्राम रोजगार सेवक द्वारा व्यापक लापरवाही बरती गयी है। एक ही व्यक्ति से नाम से एक से अधिक जाबकार्ड, एक परिवार में एक से अधिक जाबकार्ड, पति-पत्नी के नाम से जाबकार्ड बनाया जाना मनरेगा गाइडलाइन का उल्लंघन है यह कृत्य किन परिस्थितियों में किया गया है जाँच का विषय है जिसका सेक्टर प्रभारी सहित 4 सदस्यों की समिति गठित कराकर उचित नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। इस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए खण्ड विकास अधिकारी द्वारा समिति गठित कर ग्राम प्रधान एवं सचिव को नोटिस जारी कर दिया गया। तत्कम में खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि समस्त कार्यवाही पूर्ण कर 10 दिवस के अन्दर अवगत कराना सुनिश्चित करें।



फोटो नं 03 सीडीओ के निर्देश पर जांच करतीं टीम

## फसल जलते देख किसान की हृदयगति रुकने से मौत

**मड़िहान।** थाना सन्तनगर क्षेत्र के पटेहरा कला प्रधान बीनू कोल के खलिहान में बृहस्पतिवार को आग लग गई। आग की सूचना पर प्रधान के पति हंसराज कोल व देवर धर्मराज कोल आग बुझाने में लग गए किन्तु जेठ बंशराज बगल में ही पशुओं को चराने गये हुए थे। आग लगने की खबर सुनते ही वापस खलिहान पहुंचे जहा आग देखते ही बेहोश हो गए। उस समय हल्का लेखपाल कुंवर बहादुर भी पहुंचे थे। ग्रामीणों के सहयोग से आग पर किसी प्रकार काबू पाया गया तब तक लगभग 5 बीघे की फसल जल कर खाक हो चुकी थी। बेहोश भाई बंशराज कोल को लेकर दीपनगर निजी हास्पिटल ले गए जहां से बीएचयू हेतु रेफर किया गया। बीएचयू में इलाज चल ही रहा था कि देर रात मौत हो गई। मौत की खबर शुक्रवार को सुनते ही गांव में मातम छा गया। क्षेत्रीय लेखपाल कुंवर बहादुर ने बताया कि आग लगने की रिपोर्ट तहसील को दी गयी है किंतु किसान को किसान दुर्घटना का लाभ नही मिलेगा। राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ मिल सकता है।

# किसी भी स्थिति में बोरी की नहीं होनी चाहिए कमी

**बोले ज्वाइंट मजिस्ट्रेट**

**ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने किया क्रय केद्रों का निरीक्षण**

**जनसंदेश न्यूज**

**लालगंज।** ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नवनीत सेहरा ने शुक्रवार को लालगंज में स्थित खाद्य विभाग के धान क्रय केंद्र सहित महुगढी और बबुरा कला में पीसीएफ धान क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण किए। इस दौरान उन्होंने क्रय केंद्र पर मौजूद किसानों से धान तौल और टोकन के बारे में जानकारी लिया। धान क्रय केंद्रों पर उपलब्ध बोरा व खरीद किए गए धान की विस्तृत जानकारी लिए। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नवनीत सेहरा ने बताया कि किसी अब धान क्रय केंद्रों पर तकनीकी गड़बड़ी के कारण किसानों को धान का मूल्य मिलने में कुछ विलंब हो सकती है।

जबकि खाद्य विभाग के खरीद केंद्रों पर किसानों का भुगतान ससमय हो रहा है। उन्होंने धान क्रय केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिया कि किसी भी स्थिति में बोरी की कमी नहीं होनी चाहिए। केंद्र पर पर्याप्त बोरी की व्यवस्था बनाए रखें। लालगंज स्थित खाद्य विभाग के केंद्र प्रभारी दशरथ लाल ने बताया कि प्रथम व तृतीय दोनो सेंटरो पर क्रमशः 472 व 366 क्यूंटल धान की खरीद की गई है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने बताया कि पीसीएफ के एक केंद्र पर गड़बड़ी का मामला संज्ञान में आया है जिसकी जांच के बाद संभवतः कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि किसानों के धान खरीद में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें किसानों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव न बरतें किसी भी क्रय केंद्र पर किसानों द्वारा शिकायत न मिले।



क्रय केद्र का निरीक्षण करते ज्वाइंट मजिस्ट्रेट

# पत्रकार भवन निर्माण कराने के सम्बंध में पत्रकारों ने डीएम को दिया पत्रक

**मांग**

**डीएम ने सटीक जगह चुनने के लिए एडीएम वित्त को किया निर्देशित**

**मीरजापुर।** शुक्रवार को पत्रकारों का प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी को पत्रकार भवन निर्माण के लिए जिलाधिकारी दिव्या मित्तल को ज्ञापन सौंपते हुए मांग किया कि जनपद में दर्जनों पत्रकार समाजसेवा में पूरी ईमानदारी व मेहनत के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहें हैं जिसमे जनता की समस्याओं और सरकार के योजनाओं को एक दूसरे तक आदान प्रदान करने में कड़ी का कार्य कर रहें हैं। तत्कालीन राज्यपाल स्व मोतीलाल बोरा के द्वारा सन 1995 में पाँच लाख रुपये पत्रकार भवन निर्माण हेतु दिया था किंतु जिला प्रशासन द्वारा आज तक पत्रकार भवन निर्माण न कराया जाना एक दुःखद समस्या हैं। उक्त प्रकरण को जिलाधिकारी ने गम्भीरता पूर्वक विचार करते हुए तत्काल एडीएम वित्त/राजस्व शिवप्रताप शुक्ल को निर्देशित किया कि सटीक जगह को सुनिश्चित किया जाय। जिससे पत्रकार भवन निर्माण कराया जा सकें। अपर जिलाधिकारी ने सूचना अधिकारी ओमप्रकाश उपाध्याय व पत्रकारों बीच पत्रकार भवन निर्माण हेतु जगह चयन के लिए विचार विमर्श किया गया जिसमें पत्रकारों ने मांग किया। जिला कलेक्ट्रेट कम्पस से पाँच सौ मीटर परिधि में पत्रकार भवन बनवाया जाय ताकि हम लोगों को समाचार संकलन में सुविधा मिल सकें। इस अवसर पर घनश्याम ओझा, अमरनाथ सेठ, मंगलापति द्विवेदी, विजय दुबे, राजेश कुमार अग्रहरि, विष्णुकांत पांडेय, रविन्द्र जायसवाल, विनय जायसवाल, सपनेश पटेल, सुधीर सिंह, अशोक कुमार अदि लोग मौजूद रहे।

## 26 नवम्बर को मनाया जायेगा भारत का 73वां संविधान दिवस

**मीरजापुर।** आगामी 26 नवम्बर 2022 को भारत का 73वां सविधान दिवस मनाया जायेगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुये प्रभारी पूर्ण कालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि 26 नवम्बर 2022 को संविधान दिवस मनाया जायेगा। इस अवसर पर संविधान के मूल्य एवं सिद्धान्तों का उल्लेख करते हुये विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष की भांति आयोजित किये जायेंगे तथा समारोह में संविधान के आदर्शो को बनाये रखने हेतु हमारी प्रतिबद्धता एवं संविधान की प्रस्तावना पर विस्तृत प्रकाश डाला जायेगा। उन्होने जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी समस्त उप जिलाधिकारी को जारी एक पत्र में निर्देशित करते हुये कहा कि समस्त विद्यालयों के प्राचार्य, अध्यापको एवं कर्मचारियों के मध्यम भारतीय संविधान में उल्लिखित नागरिको के मौलिक कर्तव्यों एवं अधिकारों, राष्ट्रध्वज, राष्ट्रगान के प्रति आदर भाव प्रेरित करने के उद्देश्य तथा राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियिम की जानकारी से संदर्भित लोक जागरूकता शिविर, कार्यशाला, गोष्ठी, वाद विवाद प्रतियोगिताओं के माध्यम से कार्यक्रमो का आयोजन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराया जाय।

# जरबेरा व गुलाब के फूल की खेती कर मालामाल हो रहे किसान

**फायदा**

**शादी विवाह के साथ होटल की सजावट में प्रयोग हो रहा है जरबेरा का फूल**

**मीरजापुर।** जिले के करौदा में किसान जरबेरा और गुलाब के फूल की खेती करके मालामाल हो रहे है। जरबेरा के फूलों के आपूर्ति कई महानगरों में किया जाता है। पाली हाउस में किसान फूल की खेती कर रहे है, जहां इससे कई अन्य लोगों को भी रोजगार मिला हुआ है।

जरबेरा के फूलों का प्रयोग शादी विवाह के साथ होटल की सजावट सहित अन्य जगहों पर किया जाता है।



किसान के खेत में तैयार फूल

### तीन बीघा में होती है खेती, मालामाल हो रहे है किसान

**मीरजापुर।** जिले के करौदा में भदोही के निवासी नज्म अंसारी के द्वारा तीन बीघे में जरबेरा और गुलाब के फूलों की खेती की जा रही है। इस पाली हाउस में जरबेरा की खेती होती है, जहां 15 से 20 लोग काम करते है। जरबेरा के फूलों की सप्लाई लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, प्रयागराज सहित अन्य कई जनपदों में होता है। एक फूल की कीमत 8 से 10 रुपये होती है। पाली हाउस में जरबेरा के फूलों की खेती की जाती है। जरबेरा की खेती करके किसान मालामाल हो रहे है। किसान नजम अंसारी ने बताया कि जरबेरा की खेती कुछ सालों पहले की थी, जहां अब इससे काफी मुनाफा कमाने को मिल रहा है। पाली हाउस में देखभाल की जाती है। एक फूल की कीमत 8 से 10 रुपये है, जहां इसे महानगरों में सप्लाई किया जाता है। शादी विवाह के समय में इसकी कीमत और बढ़ जाती है। ठंड के समय में इसका उत्पादन काफी कम होता है, जहां पाली हाउस में 20 से 25 डिग्री सेल्सियस तापमान में ही इसकी खेती अच्छे से की जा सकती है।

### 15 से 20 दिन तक हरा भरा रहता है फूल

जरबेरा का फूल दिखने में काफी आकर्षक होता है। इसके रंग बिरंगे पंखुड़ियों को देखने के तनाव कम होता है। जरबेरा के फूलों का प्रयोग शादी समारोह की सजावट, गुलदस्ते बनाने, आफिस, रेस्टोरेंट और होटल ।के सजावट में प्रयोग किया जाता है। इसके साथ ही इसका प्रयोग आयुर्वेदिक दवा बनाने में भी की जाती है। इस फूल की खासियत यह है कि पानी के बोतल में इसे रखने पर यह दो हफ्तों से अधिक समय तक हरा भरा रहता है। यह फूल 12 महीने उपलब्ध रहता है, जहां पीला, नारंगी, सफेद, गुलाबी, लाल और अन्य रंग में मौजूद होते है।

# आधा दर्जन पर दर्ज हुई बिजली चोरी की रिपोर्ट

**जनसंदेश न्यूज**

**कार्रवाई**

**एक्सियन की कार्रवाई से बिजली चोरी करने वालों में मचा हड़कंप**

**मीरजापुर।** जिले में हो रही बिजली चोरी एवं राजस्व को बढ़ाने के लिए अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड द्वितीय अनिल कुमार सिंह द्वारा गुरुवार को देर रात्रि अभियान चलाया गया। अभियान के तहत कतवारू का पूरा में स्थित श्रेयांश अस्पताल पर छापेमारी की गई तो छापेमारी के दौरान बिजली चोरी का मामला प्रकाश में आया जिसमें विभाग द्वारा जांच कराई गई तो 10 किलो वाट का बिजली अस्पताल द्वारा खर्च की जा रही थी जबकि सामान्य कनेक्शन लिया गया था। जिसको देखते हुए अधिशासी अभियंता अनिल कुमार सिंह ने एफ आई आर दर्ज कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा राजकीय इंटर कॉलेज जाने वाले मार्ग पर स्थित राधे लान की जांच कराई गई।

जांच के दौरान बिजली चोरी का प्रकरण पाया गया। इनके खिलाफ भी अधिशासी अभियंता द्वारा एफ आई आर दर्ज कराई गई। साथ ही चार अन्य छोटे बकायेदारों पर भी अभियान चलाकर कार्रवाई की गई।

जिसके क्रम में बेनी बाबू की गली में छापेमारी के दौरान 4 लोगों पर एक्सईएन द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई। यह जानकारी देते हुए अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड द्वितीय अनिल कुमार ने बताया कि आगे भी चोरी के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। साथ ही जिन लोगों की बिजली के बिल बकाया है वह तत्काल बिजली बकाया भुगतान करना सुनिश्चित करें। अन्यथा विभागीय कार्रवाई के दौरान कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। देर रात तक चले अभियान में बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ताओं में हड़कंप मचा रहा।

# स्पोर्ट्स



दोहा में फीफा विश्वकप में पुर्तगाल के क्रिस्टीयानो रोनाल्डो गोल करते हुए।

# न्यूजीलैंड ने पहले ही एकदिवसीय में भारत को 7 विकेट से हराया

## धवन की कप्तानी में पहली हार, लाथम ने बनाये 145 रन विलियमसन ने 94

**ऑकलैंड।** टॉम लाथम 145 और कप्तान केन विलियमसन के 94 रनों की शानदार पारियों से मेजबान न्यूजीलैंड ने तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज के पहले ही मैच में टीम इंडिया को 7 विकेट से हरा दिया। इस मैच में पहले खेलते हुए भारतीय टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में सात विकेट पर 306 रन बनाये। इसके बाद जीत के लिए मिले 307 रनों के लक्ष्य को मेजबान न्यूजीलैंड टीम ने 47.1 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 309 रन बनाकर हासिल कर लिया। इस प्रकार भारतीय टीम को सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय गेंदबाज इस मैच में विफल रहे और कीवी बल्लेबाजों ने उनको जमकर पीटा। उमरान मलिक ने दो जबकि शार्दुल ठाकुर ने एक विकेट लिया।



लाथम को उनकी शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। इस मैच में जीत के साथ ही कीवी टीम को सीरीज में 1-0 की बढ़त मिल गयी है।

इस मैच में मेजबान टीम के कप्तान विलियमसन ने टॉस जीतकर भारतीय टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया।

भारत की ओर से कप्तान शिखर धवन और युवा बल्लेबाज शुभम गिल और श्रेयस अय्यर ने अर्धशतक लगाये। अय्यर ने 76 गेंदों में 80 रन बनाये। वहीं न्यूजीलैंड की ओर से तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन ने 59 रन देकर तीन विकेट लिये इसके अलावा टिम साउदी ने भी इतने ही विकेट लिए। भारत की ओर से धवन और शुभमन ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए पहले ही विकेट के लिए 124 रन बना दिये। शुभमन ने एकदिवसीय करियर का चौथा अर्धशतक जड़ते हुए 50 रन बनाये 24वें ओवर की पहली गेंद पर वह लॉकी फर्ग्यूसन की गेंद पर पेवेलियन लौटे। उनके आउट होते ही शिखर धवन भी अगले ही ओवर में आउट हो गये। धवन ने 77 गेंदों में 72 रनों की पारी खेली. उन्होंने इस दौरान करियर का 39वां अर्धशतक भी लगाया। साउदी ने धवन का विकेट लिया।

उपकप्तान ऋषभ पंत एक बार फिर नाकाम रहे। वह 23 गेंद में 15 रन बनाकर लॉकी फर्ग्यूसन को शिकार बने। बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव भी असफल रहे। वह भी लॉकी फर्ग्यूसन की गेंद पर आउट हुए।

संजू सैमसन ने 38 गेंदों में चार चौके की मदद से 36 रन बनाये। सैमसन ने अय्यर के साथ पांचवें विकेट के लिए 94 रनों की साझेदारी भी निभाई। वह एडम मिल्ने की गेंद पर आउट हुए। वहीं वाशिंगटन सुंदर ने 16 गेंदों में 37 रनों की आक्रामक पारी खेली।

### धवन ने अर्धशतक के साथ ही लिस्ट ए क्रिकेट में 12000 रन पूरे किये

**ऑकलैंड।** भारतीय टीम के कार्यवाहक कप्तान शिखर धवन ने यहां मेजबान न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले ही एकदिवसीय क्रिकेट मैच में शानदार बल्लेबाजी करते हुए 72 रन बनाये। इसी के साथ ही धवन ने लिस्ट ए क्रिकेट में अपने 12000 रन भी पूरे कर लिए। इस मैच में धवन ने कप्तानी पारी खेली और यूवा बल्लेबाज शुभमन गिल के साथ भारतीय टीम को अच्छी शुरुआत दी। शुभमन ने भी अर्धशतक लगाया। दोनो ने ही पहले विकेट के लिए 124 रनों की साझेदारी की। धवन ने जहां 77 गेंदों पर 13 चौके लगाकर 72 रन बनाये। वहीं शुभमन ने 65 गेंदों पर 3 छक्के व एक चौका लगाकर 50 रन बनाए। धवन ने अपनी इस पारी के दौरान लिस्ट ए क्रिकेट में अपने 12000 रन भी पूरे किये।धवन ने दो साल बाद एकदिवसीय क्रिकेट में शतक लगाया।

33 ओवर के बाद भारत का स्कोर चार विकेट पर 160 रन था। अय्यर को यहां सैमसन 36 का अच्छा साथ मिला और दोनें ने पांचवें विकेट के लिए 94 रन की साझेदारी की। सैमसन एक बार फिर अर्धशतक नहीं बना पाये पर उन्होंने 38 गेंद की पारी में कई अच्छे शॉट लगाये।



### आखिरी मिनटों में ईरान ने दागे दो गोल, चेश्मी और रजियान ने इंजरी टाइम में वेल्स को चौंकाया

कतर विश्व कप के छठे दिन ईरान ने वेल्स को हराकर अपनी पहली जीत हासिल की। उसने ग्रुप-बी में वेल्स के खिलाफ निर्धारित समय के बाद इंजरी टाइम में दो गोल दागकर मैच को अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ ही ईरान के तीन अंक हो गए हैं। वहीं, वेल्स के दो मैच में एक ही अंक हैं। वेल्स के वेन हेनेसी विश्व कप इतिहास में रेड कार्ड पाने वाले तीसरे गोलकीपर हैं। उनसे पहले 1994 में इटली के गोलकीपर जियानलुक पेगलिउका को नॉर्वे के खिलाफ बाहर का रास्ता दिखाया था। वहीं, दक्षिण अफ्रीका के इटुमेलेंग कूने को उरुग्वे के खिलाफ 2010 में रेड कार्ड मिला था। ईरान के रूबेज चेश्मी ने मैच समाप्त होने से एक मिनट पहले गोल कर टीम को जीत दिला दी। उन्होंने इंजरी टाइम (90+8वें) में गोलकर वेल्स को चौंका दिया। यह गोल उनका इसलिए भी खास है क्योंकि यह इस विश्व कप में पेनल्टी एरिया से बाहर का पहला गोल है। अब तक जितने भी गोल हुए हैं सारे पेनल्टी एरिया के अंदर किए गए हैं।

## सुंदर ने तोड़ा सुरेश रैना और कपिल देव का रिकॉर्ड, न्यूजीलैंड की धरती पर किया यह कमाल

### 16 गेंद पर नाबाद 37 रन की पारी खेल पूर्व ऑलराउंडर सुरेश रैना और पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव का रिकॉर्ड तोड़ दिया

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे मैच में वॉशिंगटन सुंदर ने अपनी बल्लेबाजी से कमाल कर दिया। 16 गेंद पर नाबाद 37 रन की पारी खेल पूर्व ऑलराउंडर सुरेश रैना और पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस दौरान सुंदर की स्ट्राइक रेट 231.25 रही। सुंदर अपनी इस कैमियो पारी के दौरान तीन चौके और इतनी ही छक्के लगाए।



अपने धमाकेदार स्ट्राइक रेट के साथ, वाशिंगटन ने भारत के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी सुरेश रैना का न्यूजीलैंड की धरती पर एक भारतीय खिलाड़ी द्वारा वनडे में सबसे तेज 30 से ज्यादा स्कोर बनाने का रिकॉर्ड तोड़ दिया। रैना ने 2009 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 18 गेंद में 38 रन बनाए थे। इस दौरान 211.11 की स्ट्राइक रेट था। वाशिंगटन ने 1992 में कपिल देव के 206.25 के स्ट्राइक रेट को भी पीछे छोड़ दिया है। ब्रॉडकास्टर प्राइम वीडियो से बात करते हुए सुंदर ने कहा, टीम के लुिए कुछ रन बनाना बहुत अच्छा था। मैं भी अपने शॉट्स की योजना बनाता हूं, ताकत के साथ सही समय का इंतजार करता हूं। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवरों में 306/7 का स्कोर बनाया। सलामी बल्लेबाज शिखर धवन और शुभमन गिल ने अर्धशतक लगाए और श्रेयस अय्यर ने सबसे ज्यादा 76 गेंद में 80 रन बनाए। हालांकि, भारत यह मैच हार गया। न्यूजीलैंड ने लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को सात विकेट से हराया। टॉम लेथम ने नाबाद 145 रन और कप्तान केन विलियमसन ने नाबाद 94 रन की पारी खेली। भारत की तरफ से उमरान मलिक ने दो विकेट लिए और शार्दुल ठाकुर को एक विकेट मिली। वाशिंगटन ने बॉलिंग में 10 ओवर में 42 रन खर्च किए। उन्हें कोई भी विकेट नहीं मिला।

### 2006 के बाद पहली बार वर्ल्ड कप में अपना ओपनिंग मैच जीता पुर्तगाल



३पुर्तगाल ने ग्रुप-एच के मुकाबले मे घाना को 3-2 से हरा दिया। इस रोमांचक मैच में हाफ-टाइम तक दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर सकी थीं। पांचों गोल दूसरे हाफ में आखिरी 25 मिनट में आए। 65वें मिनट में पुर्तगाल के कप्तान रोनाल्डो ने मैच का पहला गोल दागा और इतिहास रच दिया। वह फीफा वर्ल्ड कप के पांचवें संस्करण में गोल करने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए।

इसके बाद 73वें मिनट में घाना की ओर से कप्तान आंद्रे एयू ने गोल दाग घाना की वापसी कराई। हालांकि, 78वें मिनट में जोआओ फेलिक्स और 80वें मिनट में राफेल लियाओ ने गोल दाग पुर्तगाल को 3-1 से आगे कर दिया। 89वें मिनट में घाना के ओसमान बुकारी ने गोल दाग घाना को मैच में वापस लाने की कोशिश की।इंजरी टाइम में पुर्तगाल के गोलकीपर डिओगो कोस्टा ने बड़ी गलती की। वह गेंद छोड़ चुके थे, तभी घाना के खिलाड़ी विलियम्सन ने उनसे गेंद छीन ली, लेकिन पुर्तगाल के डिफेंडर्स की सूझबूझ के चलते गोल नहीं कर सके। इस गलती पर रोनाल्डो ने भी सर पकड़ लिया था।

## भारत अगर एशिया कप खेलने पाकिस्तान नहीं आया तो हम वर्ल्ड कप खेलने इंडिया नहीं जाएंगे- रमीज राजा

**नई दिल्ली** । पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष व पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर रमीज राजा ने फिर से पुराने विवादों को हवा दे दी। रमीज राजा ने एक बार फिर से खुले तौर पर कहा कि अगर भारतीय क्रिकेट टीम एशिया कप 2023 में हिस्सा लेने के लिए पाकिस्तान नहीं आएगी तो पाकिस्तान क्रिकेट टीम भी 2023 वनडे वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने भारत नहीं जाएगी और वो हमारे बिना ही इस टूनार्मेंट का आयोजन करें। रमीज राजा ने ये बातें उर्दू न्यूज पर कही।



आपको बता दें कि एशिया कप 2023 का आयोजन पाकिस्तान में किया जाएगा जबकि अगला वनडे वर्ल्ड कप भारत की मेजबानी में 2023 में खेला जाएगा। कुछ दिन पहले भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सचिव जय शाह ने साफ तौर पर कहा था कि भारतीय टीम एशिया कप में हिस्सा लेने के लिए पाकिस्तान नहीं जाएगी और हम कोशिश करेंगे कि एशिया कप का आयोजन तटस्थ स्थल पर किया जाए। उनके इस बयान के बाद इस मामले ने काफी तूल पकड़ लिया था और पीसीबी की तरफ से भी इस पर काफी तीखे कमेंट किए गए थे। यही नहीं इसके बाद कई पूर्व भारतीय व पाकिस्तानी क्रिकेटरों ने भी जमकर इस मामले पर अपनी राय पेश करते हुए आए थे। वहीं बीसीसीआइ की तरफ से साफ कर दिया गया था कि भारतीय टीम पाकिस्तान का दौरा करेगी या नहीं ये देश की सरकार पर निर्भर करता है और ये फैसला लेने का अधिकार सिर्फ उनके पास है। पीसीबी ने उस वक्त भी कहा था कि जय शाह का बयान कहीं से भी सही नहीं है, लेकिन एक बार फिर से पीसीबी के चीफ रमीज राजा की ये बातें विवाद पैदा कर सकती है। भारत और पाकिस्तान की टीम अब द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेलते हैं बल्कि दोनों या तो एशिया कप या फिर आइसीसी इवेंट में ही एक-दूसरे के खिलाफ मैदान पर उतरते हैं। साल 2012 के बाद दोनों टीमों को बीच अब तक कोई द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली गई है। भारत और पाकिस्तान के बीच हाल में टी20 वर्ल्ड कप 2022 के दौरान मुकाबला खेला गया था जिसमें टीम इंडिया को जीत मिली थी।

### अय्यर ने की रमीज की बराबरी

**ऑकलैंड।** भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले ही एकदिवसीय में अर्धशतकीय पारी खेलकर एक अहम रिकार्ड बनाया है। इसी के साथ ही अय्यर न्यूजीलैंड की धरती पर लगातार चार एकदिवसीय मैचों में 50 रनों से ज्यादा की पारी खेलने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बने हैं। इससे पहले यह उपलब्धि केवल पाक के पूर्व क्रिकेटर रमीज राजा के नाम थी। रमीज ने भी न्यूजीलैंड में लगातार चार मैचों में अर्धशतक लगाये थे। पिछली बार भी जब भारतीय टीम इंडिया साल 2020 में न्यूजीलैंड दौरे पर आई थी तब भी श्रेयस ने यहां तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में शानदार पारियां खेली थीं। उन्होंने इस बार भी अपने उस बेहरतीन प्रदर्शन को जारी रखा है। अय्यर टी20 सीरीज में भले ही विफल रहे पर एकदिवसीय की उन्होंने शानदार शुरूआत की है। श्रेयस ने पहले ही एकदिवसीय मुकाबले में 76 गेंदों का सामना करते हुए 80 रन बनाए साथ ही अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने 4 छक्के व 4 चौके भी लगाये। अय्यर ने न्यूजीलैंड की धरती पर अब तक कुल 4 एकदिवसीय मैच खेले हैं और इन मैचों में उन्होंने 103 52 62 और 80 रन की पारी खेली है। इससे पहले भारतीय टीम की ओर से किसी भी अन्य बल्लेबाज ने चार लगातार एकदिवसीय मैच में 50 से अधिक रन नहीं बनाये हैं।

## इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ब्रॉड पापा बने

**लंदन।** इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड शादी के बिना ही पापा बन गये हैं। ब्रॉड की मंगेतर मॉली किंग ने एक बेटी को जन्म दिया है। ब्रॉड और मॉली ने सोशल मीडिया के अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पेज पर बेटी के जन्म की जानकारी दी है। उन्होंने बेटी की दो तस्वीरें भी इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। इसमें पहली तस्वीर में मॉली अपने बेटी को गोद में लिए उन्हें बड़े गौर से देख रही हैं। वहीं दूसरी तस्वीर में वह बेटी को गोद में लिए प्यार कर रहे हैं। ब्रॉड ने बेटी के साथ ही समंदर किनारे तस्वीर भी खिंचाई है। ब्रॉड ने बेटी का नाम एन्ना बेला रखा है। इस दंपत्ति को बेटी के जन्म के बाद से ही सोशल मीडिया पर बधाईयां मिल रही हैं। ब्रॉड ने जून में अपने जन्मदिन से पहले सोशल मीडिया के जरिए पिता बनने की घोषणा की थी। ब्रॉड ने इस साल जून में इंस्टाग्राम पर एक बेहद खूबसूरत तस्वीर साझा की थी। इसमें ब्रॉड की मंगेतर मॉली बेबी बंप के साथ नजर आ रही थीं। वहीं ब्रॉड घुटनों पर बैठे मॉली के बेबी बंप को चूम रहे थे। ब्रॉड और मॉली किंग ने साल 2021 की शुरूआत में सगाई की थी। दोनों पिछले साल शादी करना चाहते थे पर बाद में किसी कारण से इसे टाल दिया गया। ब्रॉड और मॉली किंग साल 2012 से डेटिंग कर रहे हैं। ब्रॉड अब पाकिस्तान दौरे पर इंग्लैंड की ओर से 3 मैचों की टेस्ट सीरीज में खेलते हुए नजर आएंगे।





कतर में फीफा विश्व कप में ब्राजील के रिचार्लिसन गोल दागते हुए।

### विश्व टीम शतरंज सेमीफाइनल में भारत हारा

**यरूसलम।** फिडे विश्व टीम शतरंज चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में भारत को हार का सामना करना पड़ा है। उसे उज्बेकिस्तान के हाथों 1-3 से हार मिली। इस मुकाबले में पहले दौर के बाद दोनो ही टीमें 2-2 से बराबरी पर थी। भारत के एसएल नारायणन ने काले मोहरों के साथ खेलते हुए उज्बेकिस्तान के शमसीदीन वोखिडोव पर शानदार जीत के साथ ही भारत को बढ़त दिलायी पर इसके बाद भारतके एस पी सेथुरमन को अज्बेक खिलाड़ी जाखोंगिर वोखिडोव ने हरा दिया। वहीं विदित गुजराती और नोर्डिरबेक याकूबबोएव के अलावा निहाल सरीन और जावोखिर सिंधारोव का मुकाबला बराबरी पर रहा पर विदित और सरीन को दूसरे दौर में उज्बेकिस्तान के याकूबबोएव और सिंधारोव के हाथों हार का सामना करना पड़ा। अब तीसरे स्थान के लिए भारतीय टीम को स्पेन पर जीत दर्ज करनी होगी।



सिडनी ओवल में महिला क्रिकेटर एलिसी पैरी और तहलिया मैक्ग्रा ट्रॉफी उठाये हुए।

# ओंकारेश्वर में नर्मदा आरती में शामिल हुईं प्रियंका और राहुल गांधी, ज्योतिर्लिंग के भी करेंगे दर्शन

## भारत जोड़ो यात्रा शुक्रवार को 23 किलोमीटर पैदल चलने के बाद अपने आखिरी पड़ाव सनावद पहुंची, बॉक्सर विजेन्द्र सिंह भी यात्रा में पहुंचे, मुक्का दिखाते हुए सेल्फी ली, महिलाओं की भागीदारी पर सवाल करने वाली बीजेपी पर बोली कांग्रेस-जाकी रही भावना जैसी

**इंदौर।** एमपी में भारत जोड़ो यात्रा के तीसरे दिन राहुल गांधी ओंकारेश्वर पहुंचे। यहां वह नर्मदा आरती में शामिल हुए। राहुल गांधी के साथ उनकी बहन प्रियंका गांधी ने नर्मदा आरती की। इस दौरान राहुल गांधी धार्मिक रंग में रंगे नजर आए।

उन्होंने सिर पर मेहरून कलर की पगड़ी पहनी थी। गले में माला नजर आई। साथ ही, ऊं लिखा पीले रंग का शॉल ओढ़ रखा था, जबकि प्रियंका ने सिर पर चुनरी ओढ़ रखी थी। राहुल गांधी के साथ उनकी बहन प्रियंका गांधी, पूर्व सीएम कमलनाथ और दिग्विजय सिंह समेत कांग्रेस के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद हैं। राहुल गांधी ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के भी दर्शन करेंगे। इससे पहले शुक्रवार को यात्रा 23 किलोमीटर पैदल चलने के बाद अपने आखिरी पड़ाव सनावद पहुंची। यहां लोगों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया। यात्रा का रात्रि विश्राम मोरटक्का में है। इससे पहले यात्रा मॉर्निंग ब्रेक के बाद दोपहर करीब साढ़े 3 बजे खरगोन जिले के भानबरड से शुरू हुई। यात्रा में राहुल गांधी के साथ उनकी बहन प्रियंका गांधी और पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह समेत कई कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता चल रहे हैं। बॉक्सर विजेन्द्र सिंह भी यात्रा में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी के साथ मुक्का दिखाते हुए सेल्फी ली। दोनों मूंछों पर ताव देते भी नजर आए।



इससे पहले शुक्रवार सुबह यात्रा खरगोन जिले के खेरदा गांव से शुरू हुई। करीब 10 किलोमीटर चलने के बाद भानबरड में मॉर्निंग ब्रेक हुआ। राहुल गांधी ने इस दौरान प्रदेश में सरकारी परियोजनाओं के कारण विस्थापित ग्रामीणों से भेंट कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने कहा कि इनका पुनर्वास सरकार की जिम्मेदारी है, जिसे वह भूल गई है। राहुल गांधी ने कहा कि आपके यह आंसू व्यर्थ नहीं जाएंगे। हम साथ मिलकर आपके हक की लड़ाई लड़ेंगे और जीतेंगे। भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी द्वारा महिलाओं और लड़कियों के हाथ थामकर चलने पर भाजपा लगातार हमलावर रही है। इसे लेकर कांग्रेस ने पहली बार खुलकर जवाब दिया। पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता रागिनी नायक ने कहा- जाकी रही भावना जैसी, जिसके मन में खुद इस तरह की दुर्भावना रहती है वह इस तरह के आरोप लगाता है। यह निम्न स्तरीय आरोप हैं, जिनके घरों में पिता और बड़े भाई का स्नेह बहन और बेटियों को नहीं मिलता है वही इस तरह की ओछी मानसिकता का परिचय देते हैं। आगे रागिनी ने कहा- महिलाओं के पास सिक्स सेंस होता है कि वे 6 फुट दूर खड़े आदमी की नजरें देखकर उसकी भावनाएं समझ जाती हैं कि कोई व्यक्ति किस तरह का नजरिया रख रहा है। कोई व्यक्ति स्नेह और प्यार के साथ हमारी तरफ देखता है या हाथ पकड़कर चलता है या कंधे पर हाथ रखता है तो यह महिलाएं बहुत अच्छी तरह से समझ सकती हैं। जिनकी नाक के नीचे हाथरस जैसे कांड हुए हों वे अब महिलाओं की तरफ से बोलने के भी ठेकेदार बनने लगे हैं।

## मोरबी हादसे में हाईकोर्ट की सरकार को कड़ी फटकार

**गांधीनगर।** गुजरात हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को कड़ी फटकार लगाई। हाईकोर्ट ने कहा कि हादसे में अनाथ हुए बच्चों को 3000 रुपए प्रतिमाह दिया जा रहा है। इतनी राशि में तो स्कूल की ड्रेस और किताबें भी नहीं आएंगी।

हाईकोर्ट ने मुआवजा भी 10 लाख रुपए करने के निर्देश दिए हैं। हाईकोर्ट ने मृतकों की सूची में उनकी जाति का उल्लेख करने पर भी आपत्ति जताई। गुजरात हाईकोर्ट ने मोरबी पुल हादसे की सुनवाई करते हुए गुजरात राज्य के सभी पुलों का सर्वे कराने और उनकी वास्तविक स्थिति का पता लगाने के निर्देश सरकार को दिए हैं। सरकार ने जांच होने के बाद रिपोर्ट हाईकोर्ट में तलब की हैं। उल्लेखनीय है कि जो बच्चे अनाथ हुए थे। उन्हें गुजरात सरकार मात्र 3000 प्रतिमाह दे रही थी। इस पर हाईकोर्ट ने कड़ी लताड़ लगाई। मोरबी पुल हादसे में 140 लोग मारे गए थे। 7 बच्चे अनाथ हो गए हैं। 12 बच्चों के माता या पिता की इस हादसे में मौत हुई है।

# बढ़ सकती हैं ऋचा चड्ढा की मुश्किलें



**नई दिल्ली।** ऋचा चड्ढा का ट्वीट अब उन्हीं पर भारी पड़ता हुआ नजर आ रहा है। भारतीय सेना को लेकर किए गए ट्वीट के बाद उन्हें चारों ओर से आलोचना झेलनी पड़ रही है। एक तरफ जहां सोशल मीडिया पर उनकी फिल्म फुकरे 3 को बायकॉट करने का मन यूजर्स ने बना लिया है, तो वही बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार और अनुपम खेर सहित कई सितारे भी एक्ट्रेस के ट्वीट को री-ट्वीट करते हुए उन्हें काफी खरी-खोटी सुना रहे हैं। ऋचा चड्ढा के माफी मांगने के बाद भी लोगों का गुस्सा शांत नहीं हो रहा है और अब एक्ट्रेस की मुश्किलें और ज्यादा बढ़ती हुई नजर आ रही हैं। फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्पलॉयज ने उनके ट्वीट को गैर-जिम्मेदार बताते हुए महाराष्ट्र गवर्मेंट से एक्ट्रेस के खिलाफ एक्शन लेने की मांग की है और साथ ही कहा है कि फिल्म समुदाय भी उनकी कड़ी निंदा करें। फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्पलॉयज ने कुछ समय पहले ही अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर ऋचा चड्ढा के खिलाफ एक स्टेटमेंट जारी किया है। इस स्टेटमेंट में उन्होंने ऋचा चड्ढा द्वारा 'गलवान' ट्वीट की कड़ी निंदा की है। सोशल मीडिया पर जारी किए गए इस बयान में उन्होंने एक्ट्रेस के बयान को सबसे ज्यादा गैर जिम्मेदार बताते हुए उन पर भारतीय सेना का अनादर करने का आरोप लगाया है।

## खास खबर

### पूर्व सपा नेता और विधायक पिंकी यादव के पिता का निधन

**मुरादाबाद।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री विजेंद्र पाल सिंह का शुक्रवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उनकी पुत्री पिंकी यादव वर्तमान में संभल जिले की असमोली विधानसभा सीट से सपा विधायक हैं। सिंह के निधन की खबर मिलते ही सपाइयों व उनके समर्थकों में शोक की लहर दौड़ गई। विजेंद्र पाल ने अपने राजनीतिक सफर की शुरूआत कांग्रेस से की थी। शनिवार को संभल में उनका अंतिम संस्कार होगा। सिंह प्रदेश सरकार में मंत्री रहे थे। वह कांग्रेस के सांसद भी रहे थे। पेट के संक्रमण की वजह से उन्हें चार दिन पहले अस्पताल में भर्ती किया गया था। उन्हें शुक्रवार को दो बार हार्ट अटैक आया और उनकी मृत?यु हो गई। उनकी बेटी पिंकी यादव वर्तमान समाजवादी पार्टी की विधायक हैं। वह लगातार तीसरी बार विधायक बनी हैं। 2012 के बाद 2017 में भी भाजपा की आंधी के बावजूद वह सपा को असमोली सीट जिताने में कामयाब रही थीं। इस बार हुए विधानसभा चुनाव में वह फिर विधायक बनीं।

### संगमा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आश्वासन दिया है कि वह सीमा पर ह्यह्यअसम पुलिस की ओर से हुई गोलीबारी की केंद्रीय एजेंसी से जांच कराने के उनके अनुरोध पर विचार करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री शाह के साथ मुलाकात के दौरान उन्होंने गोलीबारी में मारे गए लोगों के लिए न्याय और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। संगमा ने इस बात पर बल दिया कि असम पुलिस कर्मियों ने मेघालय में पश्चिम जयंतिया हिल्स के मुकरोह गांव में निर्दोष लोगों पर गोली चलाई थी। संगमा ने कहा कि उन्होंने केंद्र से असम के साथ सीमा विवाद में हस्तक्षेप करने का भी अनुरोध किया ताकि दोनों राज्यों के बीच संवाद और विश्वास में सुधार हो सके।

# मध्यप्रदेश में तीसरे दिन जारी रही राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा

## पूर्व सीएम कमलनाथ और दिग्विजय सिंह हुए शामिल

**खरगोन।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा शुक्रवार को मध्यप्रदेश में तीसरे दिन भी जारी है और उनके साथ पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और उनके पति राबर्ट वाड्रा भी शामिल हो रहे हैं। राहल गांधी ने शुक्रवार सुबह पदयात्रा खरगोन जिले के खेरदा से प्रारंभ की जो आज के पहले पड़ाव पर 10 बजे के बाद भानबरड पेट्रोल पंप पर पहुंचेगी। पदयात्रा में प्रियंका के पुत्र और पुत्री भी शिरकत कर रहे हैं। कड़के की ठंड के माहौल और सख्त सुरक्षा प्रबंधों के बीच श्री गांधी रात्रि विश्राम के बाद खेरदा से सुबह रवाना हुए। उनके साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव जीतू पटवारी और दर्जनों नेता व पदाधिकारी भी साथ चल रहे हैं।



पदयात्रा भानबरड पेट्रोल पंप से दोपहर बाद फिर शुरू होगी जो शाम को सनावद बस स्टैंड पहुंचकर समाप्त होगी। रात्रि विश्राम मोरटक्का गांव में रहेगा। यहीं पर यात्रा में शामिल सभी लोग रात्रि विश्राम करने वाले हैं।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा पार्टी के पूर्व अध्यक्ष एवं अपने भाई राहुल गांधी की अगुवाई वाली ह्यभारत जोड़ो यात्राह्ल में अपने पति और बेटे के साथ लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को शामिल हुईं। मध्यप्रदेश में यात्रा के तीसरे दिन राहुल गांधी ने खरगोन जिले के खेरदा से पैदल चलना प्रारंभ किया। यात्रा में प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ उनके पति रॉबर्ट वाड्रा और बेटे रेहान भी पैदल चलते दिखाई दिए। मध्यप्रदेश कांग्रेस समिति के मीडिया विभाग के अध्यक्ष के.के. मिश्रा ने बताया कि राहुल गांधी की अगुवाई वाली यात्रा शुक्रवार शाम भगवान शिव के ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ओंकारेश्वर में ज्योतिर्लिंग के दर्शन और नर्मदा नदी की आरती करने वाले हैं।

## आफताब के बचाव में उतरा 'राशिद निकला विकास', 35 की जगह 36 टुकड़े करने की कही थी बात

**बुलंदशहर।** नई दिल्ली में श्रद्धा के हत्या में आफताब के कृत्य को सही ठहराने के साथ ही दिल्ली से राशिद बनकर वीडियो वायरल करने वाले का बड़ा फजीवाड़ा सामने आ ही गया है। बुलंदशहर पुलिस ने बड़ा आपरेशन चलाकर आफताब के कृत्य को सही ठहराने वाला वीडियो जारी करने वाले विकास को गिरफ्तार किया है। विकास ने राशिद बनकर इस वीडियो को वायरल किया था। बुलंदशहर का विकास अपराध करने के लिए विकास से राशिद बना था। उसने सोशल मीडिया के माध्यम से दिल्ली में बना वीडियो वायरल किया। उस वीडियो में उसने श्रद्धा वालकर की हत्या में आफताब के कृत्य को सही ठहराते हुए अपना बयान भी दिया था। विकास ने अपना नाम राशिद बताते हुए आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।श्रद्धा की नृशंस हत्या के बाद विकास से राशिद बने इस शख्स ने एक वीडियो जारी किया था। जिसमें कहा था कि मैं आफताब के स्थान पर होता तो श्रद्धा के शरीर के 35 के बजाय 36 टुकड़े करता। बुलंदशहर के एसएसपी श्लोक कुमार के नेतृत्व में सिकंदराबाद पुलिस ने इसके बाद लगातार प्रयास कर आज बड़ी सफलता प्राप्त की है।

# 2002 में उन्हें सबक सिखाया, गुजरात में अब स्थायी शांति : अमित शाह

## अमित शाह ने कहा- कांग्रेस की शह पर होती थी सांप्रदायिक हिंसा

**खेड़ा।** गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान शुक्रवार को 2002 का साल याद दिलाया। शाह ने खेड़ा की एक रैली में कहा- 1995 से पहले जब राज्य में कांग्रेस की सरकार थी, तब असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद थे। 2002 में हमने उन्हें ऐसा सबक सिखाया कि वे हिंसा करना भूल गए। इसके बाद भाजपा ने पूरे गुजरात में स्थायी शांति ला दी।



शाह ने कहा- गुजरात में सांप्रदायिक दंगों को भड़काने का काम कांग्रेस ने किया। मैं आज भरूच जिला में हूं। मैंने यहां बहुत दंगे देखे हैं। 2002 में इन्होंने हिंसा करने की हिम्मत की थी, इनको ऐसा पाठ पढ़ाया, चुन-चुन कर सीधा किया। जेल में डाला तो उसके बाद से 22 साल हो गए, कहीं कर्फ्यू नहीं लगाना पड़ा।

शाह ने आगे कहा कि कांग्रेस राज्य में दंगे करवाकर अलग-अलग समुदाय और जाति के लोगों को एक-दूसरे से लड़ने के लिए भड़काती थी। कांग्रेस अपने वोट बैंक के लिए लोगों को हिंसा करने के लिए शह दिया करती थी। कांग्रेस ने सिर्फ अपने वोट बैंक को मजबूत किया और समाज के एक बड़े वर्ग के साथ अन्याय किया।

शाह ने कहा- अपराधियों को कांग्रेस से लंबे समय तक समर्थन मिलने के कारण हिंसा करने की आदत हो गई थी। गुजरात में जब कांग्रेस का शासन था तो यहां इज्जू शेख, पीरजादा और लतीफ जैसे दादा हुआ करते थे। लेकिन, आज गुजरात के गांवों में अगर कोई एक दादा है तो वे हैं 'हनुमान दादा'। बाकी कोई नहीं।

***कांग्रेस कश्मीर से धारा 370 खत्म नहीं करना चाहती थी***

शाह ने जम्मू कश्मीर के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को लेकर भी कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने वोट बैंक की वजह से कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के खिलाफ थी। लेकिन पीएम मोदी ने वोट बैंक के लिए नहीं, बल्कि देश की भलाई के लिए 370 अनुच्छेद को निरस्त किया।

***राहुल गांधी से कहा- 1 जनवरी 2024 को तैयार हो जाएगा राम मंदिर***

अमित शाह ने आगे कहा- कांग्रेस ने अनुच्छेद 370 की तरह सालों तक राम मंदिर के मुद्दे को उलझाए रखा। कभी सेशन कोर्ट में, कभी हाईकोर्ट में और कभी सुप्रीम कोर्ट में। जब मोदी दूसरी बार प्रधानमंत्री बने तो राम जन्मभूमि का भूमिपूजन बिना खून की एक बूंद बहाए किया गया। राहुल बाबा मुझे ताना मारते थे कि मंदिर वहीं बनाएंगे तिथि नहीं बताएंगे। अब मैं आपको बताता हूं कि अगर आप 1 जनवरी 2024 का टिकट बुक कराते हैं तो वहां गगनचुंबी राम मंदिर बनकर तैयार हो जाएगा।

# अनवर इब्राहिम मलेशिया के 10वें प्रधानमंत्री बने

## विपक्ष के रूप में श्री इब्राहिम लगभग तीन दशक बिता चुके हैं और उनके लिए यह एक उल्लेखनीय वापसी

**कुआलालंपुर।** मलेशिया में अनवर इब्राहिम के समर्थकों ने उनके प्रधानमंत्री बनने पर जमकर जश्न मनाया उनके समर्थकों की नए प्रधानमंत्री के रूप में श्री इब्राहिम की नियुक्ति का लंबे समय से इंतजार था। मलेशिया में पिछले सप्ताहांत हुए आम चुनाव के बाद उत्पन्न हुए राजनीतिक गतिरोध में वहां के राजा ने हस्तक्षेप कर उन्हें देश का 10वां प्रधानमंत्री नामित किया था जिसके बाद 75 वर्षीय विपक्षी नेता श्री इब्राहिम नेदेश के शीर्ष पद की शपथ ली।

गौरतलब है कि विपक्ष के रूप में श्री इब्राहिम लगभग तीन दशक बिता चुके हैं और उनके लिए यह एक उल्लेखनीय वापसी है। उन्हें अनैतिक संबंधों और भ्रष्टाचार के आरोपों में 10 वर्ष जेल में रहना पड़ा। जिसे उन्होंने राजनीति से प्रेरित करार दिया था। पाकतन हरपन (पीएच) गठबंधन के प्रमुख श्री इब्राहिम ने मलेशिया के शासक सुल्तान



अब्दुल्ला सुल्तान अहमद शाह के समक्ष देश और लोगों की सेवा करने का संकल्प लिया। इस समारोह में श्री अनवर के राजनीतिक सहयोगी भी मौजूद रहे।

श्री इब्राहिम ने 1993 से 1998 तक बारिसन नेशनल सरकार (बीएन) में पूर्व प्रधानमंत्री महाथिर मोहम्मद के अधीन उप प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया था। श्री महाथिर से मतभेद के बाद श्री अनवर ने पीपल्स जस्टिस पार्टी का गठन किया और बाद में कई राष्ट्रीय चुनावों में चुनाव लड़ा। उन्होंने बीएन में अपने राजनीतिक जीवन के दौरान संस्कृति युवा एवं खेल शिक्षा कृषि और वित्त के विभागों को संभाला था।

# नीतिश कुमार ने बिहार में शराब की दुकाने बंद कर उसकी होम डिलीवरी शुरू कर दी : पीके

## 100 रुपये की शराब घर में 400 रुपये में मिल रही

**पटना।** पूर्व चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर इन दिनों जन सुराज पदयात्रा पर निकले हैं। पश्चिम चंपारण के बाद पूर्वी चंपारण में सभाएं कर रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को गांधी आश्रम में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान पीके ने सीएम नीतीश पर फिर से करारा हमला किया है। इस बार शराबबंदी को लेकर उनकी नीति की आलोचना की है। पीके ने कहा सीएम नीतीश कुमार इंजीनियर हैं। इसी बुद्धि का उपयोग कर बिहार में शराबबंदी तो करा दी लेकिन अमेजन व फ्लिपकार्ट की तरह घर-घर होम डिलीवरी शुरू करा दी है। प्रशांत किशोर ने बिहार में राजनीतिक विकल्प बनने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आजकल विश्वभर में लोग अमेजन व फ्लिपकार्ट से घर बैठे खरीदारी करते हैं। उसके लिए उन्हें दुकान पर जाने की आवश्यकता नहीं होती।



ठीक वैसे ही बिहार में सीएम नीतीश कुमार ने अपनी इंजीनियरिंग बुद्धि से शराब की दुकान बंद करवा कर उसकी होम डिलीवरी चालू करवा दी है। अब सौ रुपये की शराब 400 रुपये में घर-घर होम डिलीवरी से आ जाती है। इससे बिहार के राजस्व का 20 हजार करोड़ का नुकसान हो रहा है।

पीके ने कहा महात्मा गांधी से लेकर बाबा साहब तक सबके सपनों का यह भारत देश है। जनता के सुंदर राज का सम्यक रूप है जन सुराज। उस सपने को एक आकार देने का हमारा प्रयास चल रहा है।


आपका प्रतिनिधि आपके बीच से चुनकर आना चाहिए न किसी नेता या पार्टी से प्रभावित होकर आप उसे वोट दें। इस प्रयास में मैं अकेला नहीं हूं। मेरे साथ 250 से ज्यादा लड़के साथ चल रहे हैं। ये बिहार को आने वाले 10 सालों में कैसे एक विकसित राज्य बनाया जाए इसका खाका तैयार कर रहे हैं।

# अमिताभ के नाम, आवाज, फोटो के इस्तेमाल पर रोक

## दिल्ली हाईकोर्ट ने सरकार से कंटेंट हटाने को कहा

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को अमिताभ बच्चन का नाम, आवाज और फोटो को उनकी परमिशन के बिना इस्तेमाल पर रोक लगा दी। कोर्ट ने यह अंतरिम आदेश उनकी एक याचिका पर दिया, जिसमें वे पब्लिसिटी और पर्सनैलिटी राइट्स चाहते थे। हाईकोर्ट ने इलेक्ट्रानिक एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी मिनिस्ट्री और टेलिकॉम सर्विसेस को भी उनके बताए कंटेंट हटाने का आदेश दिया। दरअसल, कई छोटी-बड़ी कंपनियां बिना परमिशन के अमिताभ की फोटो, आवाज और नाम का इस्तेमाल करती हैं। कई विज्ञापनों में उनकी इजाजत के बिना चेहरा दिखाया जाता है। इसी बात को लेकर अमिताभ के वकील हरीश साल्वे ने दिल्ली हाईकोर्ट में एक याचिका दाखिल की थी। इसमें अपील की गई थी कि कॉमर्शियल इंडस्ट्री में इस पर रोक लगानी चाहिए।

***आज सुनवाई में क्या हुआ?***



इस केस की सुनवाई शुक्रवार को जस्टिस नवीन चावला की अदालत में हुई। जस्टिस चावला ने इलेक्ट्रानिक एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी मिनिस्ट्री और टेलिकॉम सर्विसेस से कहा कि वे फौरन बिग बी के नाम, फोटो और आवाज से जुड़े कंटेट को हटा दें। इसके अलावा, कोर्ट ने इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर्स से उन ऑनलाइन लिंक्स को भी हटाने के लिए कहा है जो बिग बी की पर्सनैलिटी राइट्स के तहत आते हैं।

# जाति और धर्म के नाम पर लोगों को बांटने पर कमजोर हो जाता है समाज : अशोक गहलोत

## करौली के महावीर जी पंचकल्याणक महोत्सव एवं महामस्तकाभिषेक समारोह को सम्बोधित किया

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने लोगों से जाति एवं धर्म से ऊपर उठने का आह्वान करते हुए कहा कि जातियों एवं धर्म के नाम पर बंटने से समाज कमजोर होता है। मुख्यमंत्री करौली के महावीर जी पंचकल्याणक महोत्सव एवं महामस्तकाभिषेक समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा मैं कहता हूं कि जात-पात धर्म जैसे तमाम बंधनों को तोड़कर मानव मानव की सेवा करे। उन्होंने कहा कि यही महावीर भगवान का भी उपदेश था।

गहलोत ने कहा दुर्भाग्य से जातियों एवं धर्म के नाम पर बंट जाते हैं हम लोग तो समाज कमजोर होता है। मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि वह जब किसी भी धर्मस्थल पर जाते हैं तो अपने लिए कुछ नहीं मांगते बल्कि प्रार्थना करते हैं कि जीव मात्र का कल्याण हो। गहलोत ने कहा कि देश और दुनिया में भगवान महावीर की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं क्योंकि जहां शांति और अहिंसा का वातावरण होता है वहीं ईश्वर का निवास होता है। उनका कहना था कि



सारे विश्व के बुद्धिजीवी भारत की पुरातन संस्कृति का सम्मान करते हैं जिसका मूल कारण इसमें शांति और अहिंसा का निहित होना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचकल्याणक महोत्सव से पूरे प्रदेश में सामाजिक समरसता का संदेश जा रहा है और इसके अन्तर्गत होने वाली गतिविधियों में विभिन्न समुदायों की भागीदारी रहती है जिससे समाज में भाईचारे की भावना मजबूत होती है।गहलोत ने कहा कि शांति अहिंसा एवं सामाजिक समरसता की स्थापना से ही समाज का विकास सम्भव है। गहलोत ने कहा कि बाल्यकाल से ही उन्हें भगवान महावीर की शिक्षाओं से परिचित होने का अवसर मिला।

उनके अनुसार सत्य और अहिंसा की विचारधारा को प्रसारित करने के लिए राज्य में शांति एवं अहिंसा विभाग की स्थापना की गई है तथा विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदेश में उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने महामस्तकाभिषेक एवं पंचकल्याणक महोत्सव के ध्वजारोहण के पश्चात मंदिर में भगवान श्री महावीर जी के दर्शन कर राज्य की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने पंचकल्याणक व महामस्तकाभिषेक कार्यक्रम की स्मारिका का भी विमोचन किया। *एजेंसी*

## अजीत पवार ने कहा आफताब को फांसी दी जानी चाहिए

**मुंबई।** श्रद्धा हत्याकांड मर्डर केस में आफताब पूनावाला पर 2020 में मुंबई पुलिस की शिकायत को लेकर महाराष्ट्र एलओपी अजीत पवार ने कहा कि यदि कोई पुलिस अधिकारी या कर्मी एक-दूसरे पर दोषारोपण करने के बजाय अपने कर्तव्य में चूक करता है तब उस जांच के बाद दंडित किया जाएगा। मामले को फास्ट-ट्रैक कोर्ट में चलाने की कोशिश की जानी चाहिए। पवार ने कहा कि समाज में यह संदेश जाना चाहिए कि इस तरह के जघन्य अपराध के लिए मौत की सजा के अलावा कोई सजा नहीं है। आफताब को फांसी दी जानी चाहिए।

इसके पहले श्रद्ध की चिट्ठी को लेकर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा था कि वहां पत्र मेरे पास भी आया है। मैंने पत्र देखा है बहुत ही सीरियस पत्र है। उसके ऊपर क्यों कोई कार्रवाई नहीं हुई इसके ऊपर जांच चलेगी।



न्यूयार्क में थैंक्सगिविंग परेड में कार्यक्रम पेश करते हुए कलाकार।

# शेयर बाजार रिकार्ड तेजी के साथ बंद

## सेंसेक्स 20.96 अंक बढ़कर 62293.64 अंक के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर बंद

**मुंबई।** मुम्बई शेयर बाजार शुक्रवार को भारी उछाल के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी दुनियाभर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही रिलायंस इंडस्ट्रीज विप्रो और मारुति जैसी दिग्गज कंपनियों के शेयरों में जबरदस्त खरीददारी (लिवाली) से आई है।

इसी के साथ ही दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 62293.64 अंक के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचने के बाद अंत में 20.96 अंक करीब 0.03 फीसदी बढ़कर 62293.64 अंक के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर बंद हुआ। वहीं कारोबार के दौरान एक समय यह 62447.73 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी



28.65 अंक तकरीबन 0.15 फीसदी बढ़कर 18512.75 अंक के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में सबसे अधिक 1.34 फीसदी की बढ़त हुई। वहीं विप्रो टेक महिंद्रा एक्सिस बैंक इंडसइंड बैंक मारुति टाटा स्टील और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी मुख्य रूप से लाभ के साथ ही ऊपर आये हैं। दूसरी ओर नेस्ले कोटक महिंद्रा बैंक आईसीआईसीआई बैंक और एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर गिरने के कारण नीचे आये हैं। वहीं एशियाई बाजारों की बात करें तो दक्षिण कोरिया का कॉस्पी जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट में रहे जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट भी उछाल के साथ बंद हुआ। वहीं यूरोपीय बाजारों में शुरूआती कारोबार में गिरावट दर्ज की गई जबकि अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.21 फीसदी की बढ़त के साथ ही 86.37 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। अमेरिकी बाजार में छुट्टी एवं घरेलू स्तर पर किसी तरह का बड़ा इवेंट नहीं होने की वजह से घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को सपाट सतर पर खुले। सेंसेक?स अपने रिकॉर्ड उच्च स्तर से करीब 100 अंक गिरकर कारोबार कर रहा है। इस कारोबारी सप्ताह के आखिरी सत्र में सुबह बीएसई सेंसेक्स पर 30.99 अंक की गिरावट के साथ 62241.69 अंक के स्तर पर कारोबार हो रहा था। इसी तरह एनएसई निफ्टी पर 7.95 अंक की मामूली गिरावट के साथ 18476.15 अंक के स्तर पर कारोबार हो रहा था। एनएसई निफ्टी पर शुक्रवार को पावरग्रिड के शेयरों में सबसे ज्यादा 1.45 फीसदी की गिरावट के साथ कारोबार हो रहा था।

### सोने चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** घरेलू बाजारों में शुक्रवार को सोने चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गयी है। घरेलू बाजार में दस ग्राम सोना कीमतों में आई गिरावट के बाद 52837 रुपये का हो गया है। वहीं एक किलो चांदी भी कीमतों के कम होने से 61875 रुपये में उपलब्ध है। दिल्ली सराफा बाजार में सोना 270 रुपये नीचे आकर 52837 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया जबकि गत कारोबारी सत्र में सोना 53107 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इस प्रकार सोने की तरह चांदी भी 705 रुपये नीचे आकर 61875 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।



## पेट्रोल और डीजल की कीमत में कुछ जगह बदलाव

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में पिछले 24 घंटे के दौरान खास बदलाव नहीं हुआ है लेकिन सरकारी तेल कंपनियों ने शुक्रवार सुबह पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों में कई जगह बदलाव किया है। तेल कंपनियों ने एनसीआर के शहरों में पेट्रोल-डीजल सस्ता कर दिया तो यूपी की राजधानी में इसके दाम बढ़ा दिए हैं। हालांकि दिल्ली-मुंबई जैसे देश के चारों महानगरों में आज भी तेल कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। गौतमबुद्ध नगर जिले (नोएडा-ग्रेटर नोएडा) में पेट्रोल 5 पैसे सस्ता होकर 96.60 रुपए लीटर और डीजल 5 पैसे टूटकर 89.77 रुपए प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में पेट्रोल 32 पैसे गिरा और 96.26 रुपए लीटर बिक रहा जबकि डीजल 30 पैसे गिरकर 89.47 रुपए लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 13 पैसे बढ़ा है और यह 96.57 रुपए लीटर व डीजल 12 पैसे चढ़कर 89.76 रुपए लीटर हो गया है। दूसरी ओर बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल 21 पैसे नीचे आया और यह 107.59



रुपए प्रति लीटर हो गया है जबकि डीजल 20 पैसे गिरकर 94.36 रुपए लीटर हो गया है। ब्रेंट क्रूड का भाव मामूली गिरावट के साथ 85.34 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर पहुंच गया है। वहीं डब्ल्यूटीआई करीब 1.50 डॉलर की तेजी के साथ 78.08 डॉलर प्रति बैरल के भाव बिक रहा है। दिल्ली में पेट्रोल 96.65 रुपए और डीजल 89.82 रुपए प्रति लीटर मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर नोएडा में पेट्रोल 96.60 रुपए और डीजल 89.77 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

### एपल के प्लांट में 20000 नए कर्मचारियों ने काम बंद किया

**नई दिल्ली।** चीन में एपल के प्लांट में करीब 20 हजार नए कर्मचारियों ने काम बंद कर दिया है। इससे एपल के उत्पादों का उत्पादन प्रभावित होने लगा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार जिन 20 हजार लोगों ने काम बंद करते हुए कंपनी छोड़ दिया हैं उनमें अधिक नए बहाल किए गए कर्मी हैं और वे अब काम नहीं कर रहे हैं। चीन के झेंझाऊ में एपल के सप्लायर फॉक्सकॉन के प्लांट में कार्यरत एक सूत्र ने मीडिया को इस बात की जानकारी दी है। इस मामले की जानकारी रखने वाले एक शख्स ने बताया है कि इन कर्मियों के काम बंद करने से एपल प्लांट में उत्पादन लक्ष्यों को हासिल करने की प्रक्रिया को झटका लगा है।

कंपनी ने नवंबर महीने के तहत तक अपने उत्पादन को बढ़ाने का लक्ष्य रखा था पर कामगारों की नाराजगी के कारण दुनिया की सबसे बड़ी आईफोन फैक्टरी में उत्पादन प्रभावित हुआ है। बता दें कि एक दिन पहले ही चीन स्थित दुनिया की सबसे बड़ी एपल आईफोन फैक्ट्री में कोरोना तालाबंदी और वेतन विवाद को लेकर कर्मचारियों के उग्र विरोध प्रदर्शन की खबर आई थी।

## अमेजन इंडिया ने दी बेतुकी सफाई कर्मचारियों ने स्वेच्छा से नौकरी छोड़ी

*श्रम मंत्रालय के समन पर दिया जबाव*

**नई दिल्ली** । अमेजन इंडिया में छंटनी को लेकर केंद्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा भेज गए समन पर कंपनी ने जवाब दिया है। अमेजन इंडिया ने कहा है कि कंपनी ने किसी कर्मचारी को बर्खास्त नहीं किया है बल्कि में कर्मचारियों द्वारा स्वैच्छा से इस्तीफे दिए थे क्योंकि उन्होंने पृथक्करण पैकेज को स्वीकार करने के बाद सेपरेशन प्रोग्राम का विकल्प चुना था। इससे पहले श्रम मंत्रालय की ओर से इसबारे में नोटिस जारी कर अमेजन इंडिया के सीनियर अधिकारी को जवाब देने के लिए बुलाया गया था। इसके जवाब में अमेजन इंडिया ने अपना पक्ष रखकर कहा कि कंपनी में कर्मचारी के इस्तीफे स्वैच्छिक थे। कंपनी ने कर्मचारियों को नौकरी से निकालने के सभी आरोपों से इनकार कर दिया।



रिपोर्ट के अनुसार तकनीकी कर्मचारियों के संगठन यूनियन नेसेंट इंफार्मेशन टेक्नोलॉजी एम्प्लॉयीज सीनेट ने जांच के लिए दबाव डाला था कि अमेजन ने छंटनी की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए 30 नवंबर की समय सीमा तय की थी। एनआईटीईएस के अनुसार चूंकि इसने कई लोगों के जीवन को प्रभावित किया है इसकारण यह कदम जांच के दायरे में होना चाहिए।

श्रम मंत्रालय को भेजी शिकायत में कहा है कि अमेजन ने कर्मचारियों की छंटनी के मामले में नियमों का पालन नहीं किया है और श्रम कानून तोड़कर यह कदम उठाया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेजन इंडिया ने कहा है कि वह हर साल कंपनी के हर वर्टिकल में कर्मचारियों की संख्या की समीक्षा करता है। कंपनी यह देखने के लिए इसमें शामिल होती है कि क्या उस बदलते परिवेश को लेकर कर्मचारियों की संख्या समायोजित करने की आवश्यकता है।

### चीन में आईफोन बनने वाली फैक्ट्री में बवाल लाकडाउन की बादिशों से परेशान मजूदर

**बीजिंग।** देश में मोबाइल फोन खरीदारों की संख्या लगातार बढ़ रही है। देश में लोग इन दिनों 5जी मोबाइल फोन ज्यादा खरीद रहे हैं। स्मार्टफोन खरीदने वालों में भी आईफोन खरीदने की चाहत सभी की होती है। इसी आईफोन बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी फैक्ट्री में बवाल मचा हुआ है। ये फैक्ट्री चीन के झोंगझोउ शहर में है। बीते बुधवार को कर्मचारी फैक्ट्री से बाहर भागने लगे थे। इस दौरान आईफोन फैक्ट्री में हिंसक प्रदर्शन शुरू हो गया था। रिपोर्टस के मुताबिक कर्मचारी कोरोना के कारण सख्त लॉकडाउन और सैलरी नहीं मिलने के कारण गुस्से में थे। इस दौरान उन्होंने प्रदर्शन शुरू कर दिया। कर्मचारियों ने एप्पल के प्रमुख सप्लायर कंपनी फॉक्सकॉन पर भी कोरोना को लेकर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया है। चीन के झोंगझोउ शहर में स्थित फैक्ट्री में फॉक्सकॉन सप्लाई का काम करती है। इस कंपनी ने हाल ही में फैक्ट्री में 20 हजार मजदूरों की नियुक्ति की थी।

## घरेलू अर्थव्यवस्था आगामी वर्षों में 6.5 फीसदी की दर से बढ़ेगी: सीईए

**मुंबई।** मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने कहा कि घरेलू अर्थव्यवस्था मौजूदा दशक के शेष वर्षों में 6.5 प्रतिशत और उससे अधिक की दर से बढ़ती रहेगी। उन्होंने निजी क्षेत्र के विश्लेषकों भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) और अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) जैसी अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के अनुमानों का हवाला देते हुए कहा कि चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर 6.5 से सात प्रतिशत के बीच रहेगी। उन्होंने यहां हाल ही में आयोजित भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) बैंकिंग और आर्थिक शिखर सम्मेलन में कहा कि हमें कुछ दिन चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के आंकड़े मिलेंगे। ये आंकड़े इन अनुमानों पर अधिक स्पष्टता प्रदान करेंगे। कुल मिलाकर अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के अगले वित्त वर्ष के अनुमान दिखाते हैं आर्थिक विकास दर लगभग छह से 6.2 प्रतिशत के बीच रहेगी।




इसके साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि अर्थव्यवस्था चालू दशक के शेष वर्षों में हर साल 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। यह विश्लेषकों के अनुमान से कम नहीं रहेगी क्योंकि मांग के घरेलू कारक अभी मजबूत दिखाई दे रहे हैं।

### जियो ने गुजरात के सभी 33 जिला मुख्यालयों में 5जी सेवाएं शुरू की

**मुंबई।** दूरसंचार कंपनी जियो ने गुजरात के सभी 33 जिला मुख्यालयों में प्रायौगिक चरण के तहत 5जी सेवाएं शुरू की हैं। कंपनी ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। इसके साथ ही गुजरात ऐसा पहला राज्य बना है जिसके सभी जिला मुख्यालयों में 5जी सेवा शुरू हुई है। कंपनी ने कहा आज जियो ने गुजरात के सभी 33 जिला मुख्यालयों में ट्रू-5जी सेवा शुरू कर दी है जिसके साथ ही गुजरात देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है जहां के 100 फीसदी जिला मुख्यालयों में जियो का ट्रू 5जी कवरेज है। गुजरात महत्वपूर्ण स्थान रखता है क्योंकि यह रिलायंस की जन्मभूमि है। जियो अपने उपभोक्ताओं को 5जी सेवा देने के लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं ले रही है। राज्य में इस सेवा की शुरूआत कंपनी की ट्रू-5जी पहल से हुई है जिसका नाम है एजुकेशन फॉर ऑल। इस पहल के तहत रिलायंस फाउंडेशन और जियो मिलकर गुजरात के 100 स्कूलों का डिजिटलीकरण करने वाले हैं।

## यूनिपार्ट्स इंडिया लिमिटेड - आईपीओ 30 नवंबर, 2022 को खुलेगा

**नई दिल्ली।** यूनिपार्ट्स इंडिया लिमिटेड (यूआईएल या कंपनी) के 10 अंकित मूल्य वाले 14,481,942 इक्विटी शेयर्स (इक्विटी शेयर्स) का आईपीओ बुधवार, 30 नवंबर, 2022 को खुलेगा। इसमें करण सोनी 2018 सीजी-एनजी नेवादा ट्रस्ट के 1,100,000 इक्विटी शेयर; मेहर सोनी 2018 सीजी-एनजी नेवादा ट्रस्ट के 1,100,000 इक्विटी शेयर और पामेला सोनी (सामूहिक रूप से प्रोमोटर ग्रुप सेलिंग शेयरहोल्डर) के 2,200,000 इक्विटी शेयर; अशोका इन्वेस्टमेंट होल्डिंग्स लिमिटेड (अशोका) के 7,180,642 इक्विटी शेयर एवं अम्बादेवी मॉरिशस होल्डिंग लिमिटेड (अम्बादेवी) (अशोका और अम्बादेवी को एक साथ ₹निवेशक विक्रेता शेयरधारक₹ कहा गया है) और एंड्युवरिन कोड के 177,378 इक्विटी शेयर, जेम्स नॉर्मन हेलेन के 177,378 इक्विटी शेयर; केल्विन जॉन कोड के 177,378 इक्विटी शेयर; डेनिस फ्रांसिस डेडेकर के 57,420 इक्विटी शेयर,




मेल्विन किथ गिब्स के 41,730 इक्विटी शेयर; वॉल्टर जेम्स ग्रुबर के 24,706 इक्विटी शेयर; वेंडी रिचर्ड हैम्मेन के 21,556 इक्विटी शेयर; मार्क लुई डॉसन के 20,870 इक्विटी शेयर; ब्रैड्ली लॉरेंज मिलर के 16,366 इक्विटी शेयर; मैरी लुई अर्प के 10,440 इक्विटी शेयर; डायना लिन क्रैग के 8,340 इक्विटी शेयर; मार्क क्रिस्टोफर डोराउ के 7,710 इक्विटी शेयर, क्रैग ए. जॉन्सन के 5,010 इक्विटी शेयर और मिस्टी मैरी ग्रेशिया के 826 इक्विटी शेयर शामिल हैं (एक साथ, व्यक्तिगत विक्रेता शेयरधारक और प्रोमोटर ग्रुप सेलिंग शेयरहोल्डर्स एवं निवेशक विक्रेता शेयरधारक को सामूहिक रूप से विक्रेता शेयरधारक कहा गया है।

## सीएम बोम्मई ने बेंगलुरु में एआईएएमए एक्सपो 2022 भारत के सबसे बड़े अगरबत्ती एक्सपो का शुभारंभ किया

**नई दिल्ली।** माननीय मुख्यमंत्री श्री बसवराज बोम्मई ने आज बैंगलोर के पैलेस ग्राउंड्स में सबसे व्यापक अंतर्राष्ट्रीय अगरबत्ती एक्सपो और सम्मेलन एआईएएमए एक्सपो 2022 का उद्घाटन किया। यह आयोजन अखिल भारतीय अगरबत्ती मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन (एआईएएमए) द्वारा आयोजित किया जाता है, जो भारत में अगरबत्ती उद्योग का प्रतिनिधित्व करने वाला प्रमुख संगठन है। यह पहली बार है जब अगरबत्ती उद्योग इस पैमाने का आयोजन कर रहा है। 24 से 26 नवंबर तक चलने वाले इस तीन दिवसीय आयोजन की अवधारणा 'पारंपरिक रूप से आधुनिक' विषय पर आधारित है। इस अवसर को सेलेबरेट करने के लिए डाक विभाग द्वारा चित्र पोस्टकार्ड का एक विशेष संस्करण जारी किया गया।

श्री आर अशोक, कर्नाटक के राजस्व मंत्री, श्री मुरुगेश निरानी, कर्नाटक के बड़े और मध्यम उद्योग मंत्री और श्री केदार वजे, एम डी, एस.एच. केलकर



एंड कंपनी लिमिटेड एआईएएमए एक्सपो 2022 के उद्घाटन के अवसर पर सम्मानित अतिथि मौजूद थे। भारत और अन्य देशों जैसे वियतनाम, इंडोनेशिया और कुछ यूरोपीय देशों से 170 से अधिक प्रदर्शकों ने भाग लिया है। तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान करीब 8000 प्रतिनिधियों के ऐतिहासिक प्रदर्शनी में आने की उम्मीद है। उद्घाटन समारोह में बोलते हुए, माननीय मुख्यमंत्री श्री बसवराज बोम्मई ने कहा, ॢकर्नाटक चमेली और चंदन जैसी कुछ सबसे मंत्रमुग्ध कर देने वाली सुगंधों का घर है। एआईएएमए एक्सपो 2022 नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम है और यह हमारे प्रधानमंत्री के आत्म-निर्भर भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप है। यह देखना भी आश्चर्यजनक है कि अगरबत्ती उद्योग में महिलाओं की संख्या लगभग 80% है और ग्रामीण महिलाएं देश के आर्थिक विकास में योगदान दे रही हैं। हम राज्य के लिए एक नया वन अधिनियम लाने की प्रक्रिया में हैं, जिसमें अगरबत्ती उद्योग के लिए व्यापार करने में आसानी भी शामिल होगी। उन्होंने कहा की, वह इस आयोजन का हिस्सा बनकर बहुत खुश महसूस कर रहे हैं, मुख्यमंत्री श्री बोम्मई ने आगे कहा, अगरबत्ती और खुशबू, खुशी फैलाने का व्यवसाय है। यह मूड को खुशनुमा करता है और हमें खुश महसूस कराता है। ऐसी छोटी-छोटी बातों में बहुत खुशी होती है। एआईएएमए एक्सपो एंड कॉन्फ्रेंस में 500 से अधिक स्टालों के साथ 170 से अधिक प्रतिभागी होंगे।

## हाइब्रिड इंजन के साथ आ रहे स्विफ्ट व डिजायर के नए मॉडल दोनों कार के 2024 की शुरूआत में लॉन्च होने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी स्विफ्ट और मारुति सुजुकी डिजायर को मजबूत-हाइब्रिड इंजन के साथ लॉन्च किया जाएगा। हाइब्रिड टेक्नोलॉजी के साथ नई-जनरेशन हैचबैक और सेडान में 35 केएमपीएल से ज्यादा का माइलेज दे सकती हैं। एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। दोनों कार के 2024 की शुरूआत में भारतीय बाजार में लॉन्च होने की उम्मीद है। स्विफ्ट हैचबैक और डिजायर सेडान की अगली पीढ़ी की जोड़ी सुजुकी के 1.2-लीटर पेट्रोल इंजन के साथ आएगी जिसका कोडनेम झेड12ई है। यह इंजन मौजूदा चार-सिलेंडर के12सी इंजन के विपरीत तीन-सिलेंडर इकाई होने जा रहा है।



कार की ईंधन बचत को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने के लिए इस पेट्रोल इंजन को टोयोटा के हाइब्रिड सिस्टम के साथ जोड़ा जाएगा। नए हाइब्रिड इंजन के साथ भारत में अत्यधिक लोकप्रिय मारुति सुजुकी कारें 30 से 40 किलोमीटर प्रति लीटर के बीच माइलेज दे सकती हैं जिससे वे भारतीय बाजार में वर्तमान में सबसे ज्यादा माइलेज देने वाली कार बन जाएंगी। वर्तमान में स्विफ्ट का पेट्रोल मॉडल 22.56 केएमपीएल का अधिकतम माइलेज देता है जबकि डिजायर पेट्रोल मॉडल 24.1 केएमपीएल का माइलेज देता है। ज्यादा माइलेज के लिए ग्राहकों को दोनों कारों के लिए कुछ ज्यादा कीमत का भुगतान भी करना पड़ेगा। हाइब्रिड कारों की कीमत उनके गैर-हाइब्रिड वेरिएंट की तुलना में 1-1.5 लाख रुपये अधिक होने की उम्मीद है। दूसरी तरफ जो लोग हाइब्रिड वेरिएंट का विकल्प नहीं चुनना चाहते हैं उनके लिए मारुति सुजुकी स्विफ्ट और डिजायर के पेट्रोल और सीएनजी संस्करणों की बिक्री जारी रखेगी। टोयोटा अर्बन क्रूजर हाइराइडर के लिए 27.97 केएमपीएल की कैटेगरी में सबसे ज्यादा माइलेज मिल जाता है। इस बीच मारुति सुजुकी अपने एर्टिगा ब्रेजा सियाज और एक्सएल6 में स्मार्ट हाइब्रिड तकनीक का उपयोग कर रही है। निमार्ता के अनुसार यह टेक्नोलॉजी ज्यादा फ्यूल एफिशिएंट कार बनाने में मदद कर सकती है और कार के ड्राइविंग परफॉर्मेंस को भी बढ़ाती है।यह पता चला है कि मजबूत-हाइब्रिड इंजन केवल हाई-स्पेक मॉडल में पेश किया जाएगा जबकि निचले वेरिएंट के12सी पेट्रोल इंजन होगा।मारुति सुजुकी की एसयूवी ग्रैंड विटारा और टोयोटा की अर्बन क्रूजर हाइराइडर में स्ट्रॉन्ग-हाइब्रिड इंजन का इस्तेमाल किया गया है। *एजेंसी*

## संक्षेप

### ईराइज ड्राइव इलेक्ट्रिक ने भारत में अपने नेटवर्क के आक्रामक विस्तार की योजना बनाई

**नई दिल्ली।** भारतीय बाजारों में प्रवेश की घोषणा के बाद, केएल ग्रुप की ऑटोमोटिव इकाई, ईराइज-ड्राइव इलेक्ट्रिक ने भारत में अपने डीलर नेटवर्क के विस्तार के लिए एक आक्रामक रोडमैप पर फोकस किया है। कंपनी ने अपने ईराइज पार्टनर प्रोग्राम की घोषणा की है और भारत में 175 से ज्यादा जगहों पर 200 से ज्यादा डीलर बनाने का लक्ष्य तय किया है। ईराइज भारत में सड़कों की स्थिति के अनुसार स्पष्ट रूप से लंबी दूरी के सफर के लिए बेहतरीन रेंज और शानदार परफॉर्मेंस देने वाले इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स का निर्माण करती है। कंपनी अगले कुछ दिनों में जल्दी ही अपने तीन लो-स्पीड इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च करेगी। कंपनी ने अपने पायलट प्रोग्राम के तहत पहले ही 1000 से ज्यादा स्कूटरों की बिक्री की है और अब इसकी योजना अगले वित्त वर्ष के अंत तक 10 हजार से ज्यादा वाहनों की बिक्री करने की है। ईराइज पार्टनर प्रोग्राम के तहत अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए, भागीदारों को ई-राइज स्कूटरों की नए मार्केट में बिक्री को बढ़ावा देने के लिए यथासंभव बेहतरीन सहयोग प्रदान किया जाएगा। कंपनी ने नए भागीदारों को शामिल करने के लिए मजबूत प्रक्रिया भी अपनाई है, जिसमें उन्हें विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाता है। इसके अलावा, पार्टनर्स विशेष कीमतों वाले मॉडलों, बिक्री बढ़ाने के लिए सपोर्ट, बेनेफिट्स कैलकुलेटर्स और दूसरे मार्केटिंग मैटेरियल तक पहुंच का आनंद भी उठा सकेंगे। उपभोक्ताओं से जुड़ाव के पूरे सफर में सहयोग के लिए पार्टनर्स को ईराइज विशेषज्ञों से लाभ भी मिलेगा।

### यश बैंक के कोफाउंडर राणा कपूर को मिली जमानत

**नई दिल्ली।** यश बैंक मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बैंक के कोफाउंडर राणा कपूर को जमानत मिल गई है। दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को यस बैंक के राणा कपूर को 466.51 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में जमानत दे दी। न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन ने राणा कपूर की जमानत याचिका को स्वीकार कर ली। जिस मामले में राणा को जमानत मिली है वो केंद्रीय जांच एजेंसी ने दर्ज किया था। गौरतलब है कि यस बैंक घोटाले मामले की जांच कर रही जांच एजेंसी ईडी ने राणा कपूर को साल 2020 में प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत गिरफतार किया था। राणा कपूर पर अपने पद का दुरुपयोग करने और अपने परिवार को लाभ पहुंचाने का आरोप लगा। साल 2020 में सीबीआई ने इस मामले की जांच करते हुए उन पर धोखाधड़ी और षड्यंत्र का मामला दर्ज किया। इसके बाद ईडी ने इस मामले की जांच की और केस दर्ज कर लिया।

### क्रिप्टोकरेंसीज में गिरावट

**नई दिल्ली।** दुनिया की प्रमुख क्रिप्टोकरेंसीज पर शुक्रवार को दबाव देखने को मिला। दुनिया के सबसे बड़े और पॉपुलर क्रिप्टो टोकन में शुक्रवार को सुबह शुरूआत में एक फीसदी की गिरावट 16499 डॉलर के स्तर पर कारोबार हो रहा था। दूसरी ओर इथेरियम ब्लॉकचेन से जुड़े डिजिटल टोकन ईथर भी एक फीसदी से ज्यादा टूटकर 1185 डॉलर पर आ गया। वैश्विक स्तर पर क्रिप्टोकरेंसी का मार्केट कैप शुक्रवार को एक लाख करोड़ डॉलर से नीचे रहा। इसकी वजह ये है कि पिछले 24 घंटों में इसमें गिरावट देखने को मिली और यह गिरकर 864 अरब डॉलर पर आ गया। डॉजेकॉइन की कीमत में दो फीसदी की गिरावट के साथ 0.08 डॉलर के स्तर पर कारोबार हो रहा था। इसी तरह शिबु इनु में भी दो फीसदी की गिरावट के साथ 0.000008 डॉलर पर कारोबार हो रहा था।

### दिसंबर में 13 दिन बैंकों में अवकाश रहेगा

**नई दिल्ली।** अगले महीने दिसंबर में 13 दिन बैंकों में अवकाश रहेगा। दिसंबर महीने में चार रविवार हैं इस दिन बैंक में साप्ताहिक अवकाश रहेगा जबकि दूसरा और चौथे शनिवार को भी बैंक बंद रहेंगे। इसके अलावा कुछ त्योहारों और खास दिनों के चलते भी बैंकों में कामकाज नहीं होगा। बैंकों में किस दिन छुट्टी होगी यह भारतीय रिजर्व बैंक तय करता है। रिजर्व बैंक हर कैलेंडर वर्ष के लिए अवकाश सूची तैयार करता है। गौरतलब है कि पूरे देश के बैंक दिसंबर में 13 दिन बंद नहीं रहेंगे। छुट्टियों की जो सूची आरबीआई ने जारी की है इसमें से कई अवकाश राष्ट्रीय हैं। उस दिन पूरे देश में बैंकिंग सेवाएं बंद रहेंगी। वहीं कुछ अवकाश स्थानीय या क्षेत्रीय स्तर के हैं। उन दिनों को केवल उससे जुड़े राज्यों में ही बैंक शाखाएं बंद होंगी। इसलिए जरूरी नहीं है कि अगर किसी दिन हरियाणा में बैंकों की छुट्टी हो तो उस दिन मणिपुर में भी बैंक बंद रहें।

### पेटीएम का शेयर 75 प्रतिशत तक टूका निवेशकों को लगा तगड़ा झटका

**मुंबई।** पेटीएम के शेयरों की गिरावट ने जहां निवेशकों को तगड़ा नुकसान हुआ है। वहीं कंपनी का इश्यू दुनियाभर में पिछले एक दशक में अब तक का सबसे खराब आईपीओ साबित हुआ है। पेटीएम के शेयर अपने हाई से करीब 75 फीसदी तक टूट चुके हैं। भारत की सबसे बड़ी डिजिटल पेमेंट प्रोवाइडर पेटीएम की संचालक कंपनी वन97 कम्युनिकेशन लिमिटेड का आईपीओ लिस्टिंग के पहले साल ही सबसे खराब प्रदर्शन करने वाला रहा है। पिछले एक दशक में किसी भी कंपनी के आईपीओ में इतनी बड़ी गिरावट नहीं देखी गई। कंपनी के संस्थापक ने लिस्टिंग के बाद अपनी चुनौतियों की तुलना टेस्ला जैसी दिग्गज कंपनी से की थी। लेकिन लिस्टिंग के बाद बीते एक वर्ष में कंपनी ने अपने कुल मार्केट वैल्यू का 75 फीसदी हिस्सा गवां दिया है। यह भारत में अबतक लिस्ट हुई किसी भी आईपीओ में सबसे बड़ी गिरावट रही है। डेटा के मुताबिक इस आकार के जितने भी आईपीओ ग्लोबली लिस्ट हुए हैं उसमें पेटीएम का प्रदर्शन लिस्टिंग के एक वर्ष के अंदर सबसे खराब रहा है।पेटीएम के शेयर की लिस्टिंग को एक साल हो गया है लेकिन शेयर में कोई रिकवरी देखने को नहीं मिल रही है। यह उन स्टार्टअप्स में से एक है जिसके वैल्युएशन को लेकर कई लोगों ने काफी उम्मीद जाहिर की थी लेकिन इन पर पूरी तरह से पानी फिर गया है।

### एशियन रिच लिस्ट में ब्रिटिश पीएम सुनक व अक्षता ने बनाई जगह शीर्ष पर हिंदुजा परिवार काबिज

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति ने यूके की एशियन रिच लिस्ट 2022 में अपनी जगह बनाई हैं। इस सूची में शीर्ष स्थान पर हिंदुजा परिवार है। सुनक और उनकी पत्नी को इस सूची में 17वां स्थान मिला है। अक्षता मूर्ति भारत की दूसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी इंफोसिस के सह-संस्थापक एनआर नारायण मूर्ति की बेटी हैं। सूची के मुताबिक उनकी संपत्ति करीब 79 करोड़ पाउंड हैं। एशियन रिच लिस्ट 2022 में शामिल अमीरों की संपत्ति इस साल 113.2 अरब पाउंड है जो पिछले साल के मुकाबले 13.5 अरब पाउंड अधिक है। यूके की एशियन रिच लिस्ट में लगातार 8वीं बार हिंदुजा परिवार को शीर्ष पर जगह मिली है। उनकी संपत्ति 30.5 अरब पाउंड है जो कि पिछले साल के मुकाबले करीब 3 अरब पाउंड अधिक है। हिंदुजा समूह एक बड़ा भारतीय व्यापारिक समूह है जो कि ग्यारह क्षेत्रों में मौजूद है। लंदन के मेयर सादिक खान ने बुधवार रात वेस्टमिंस्टर पार्क प्लाजा होटल में 24वें वार्षिक एशियन बिजनेस अवार्ड्स में हिंदुजा समूह के सह-अध्यक्ष गोपीचंद हिंदुजा की बेटी रितु छाबड़िया को एशियन रिच लिस्ट 2022 की एक कॉपी दी।

### लंबी अवधि के पूंजीगत लाभ कर ढांचे को युक्तिसंगत बनाने पर विचार

**मुंबई।** केंद्रीय वित्त मंत्रालय दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर ढांचे को युक्तिसंगत बनाने पर विचार कर रहा है। एक अधिकारी ने कहा कि इसके लिए समान परिसंपत्ति वर्गों के बीच समानता लाने और सूचकांक लाभ की गणना के लिए आधार वर्ष में संशोधन करने की तैयारी है। इस समय एक वर्ष से अधिक समय के लिए रखे गए शेयरों पर दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ पर 10 प्रतिशत कर लगता है। अचल संपत्ति और दो साल से अधिक समय के लिए रखे गए असूचीबद्ध शेयरों और तीन साल से अधिक के लिए रख गए ऋण उपकरणों और आभूषणों की बिक्री पर 20 प्रतिशत दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर लगता है।

# रैंकिंग खराब होने पर संबंधित के खिलाफ होगी कार्रवाई: डीएम

## कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की हुई बैठक

जनसंदेश न्यूज

**निर्देश**

**शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की डीएम ने की समीक्षा**

**ज्ञानपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की मासिक समीक्षा बैठक जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में डीएम ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं टीकाकारण, लाभार्थियों को दिये जाने वाले भुगतान आदि में अपेक्षित सुधार लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिले में शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा करने के साथ सभी चिकित्साधिकारियों से कहा कि इस समय बुखार से पीड़ित जो भी मरीज अस्पताल आ रहे हैं उनकी डेंगू, मलेरिया, टाइफायड की जाँच अवश्य करा लें। अगर पीड़ित की रिपोर्ट धनात्मक आती है तो इन बीमारियों के फैलने के संबंध में जानकारी प्राप्त हो सकेगी।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी अधिकारियों को टीम लगाते हुए नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में मौसमी बीमारियों को लेकर बचाव हेतु समय रहते लोगों को गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत किये जाने वाले भुगतान को ससमय शत-प्रतिशत कराने तथा टीकाकरण शत-प्रतिशत कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी योजना में जिले की रैंकिंग खराब होने पर संबंधित की जिम्मेदारी तय करते हुए आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी, समस्त अपर मुख्य चिकित्साधिकारी संतोष कुमार चक, समस्त प्रभारी चिकित्साधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्रतिरक्षण अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी गौरांग राठी

# यातायात सुरक्षा नियमों का करें पालन, रोकें दुर्घटनाएं

**जागरूकता**

**महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन**

**भदोही।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना और आइक्यूएसी के संयुक्त तत्वाधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ प्राचार्य प्रो. डॉ. मुरलीधर राम और मुख्य अतिथि एडिशनल एसपी राजेश कुमार भारतीय के संयुक्त कर कमलों से हुआ। प्राचार्य ने मुख्य अतिथि, लोक गायक राजेश परदेसी और सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए बताया कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना आवश्यक होता है क्योंकि दुर्घटना में घायल अथवा मृत व्यक्ति पूरी दुनिया के लिए एक खबर बन सकता है किंतु एक परिवार के लिए वह पूरी दुनिया होता है। कार्यक्रम में लोक गायक राजेश परदेसी ने भोजपुरी गीतों के माध्यम से यातायात नियमों से परिचित कराया। यातायात सब-इंस्पेक्टर शशिकांत यादव ने बताया कि यातायात सुरक्षा नियमों की जानकारी तथा उनका पालन करने से दुर्घटनाएं रोकी जा सकती है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आसुतोष कुमार श्रीवास्तव और धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनीश कुमार मिश्र ने दिया। कार्यक्रम के दौरान प्राध्यापकगण डॉ. गौतम गुप्ता, अनुराग सिंह, डॉ. राजकुमार सिंह यादव, डॉ. माया यादव, डॉ. रणजीत सिंह, डॉ. भावना सिंह, बृजेश कुमार, डॉ. अमित तिवारी, पूनम द्विवेदी, सहित पूरा महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा। पुलिस विभाग से कांस्टेबल देवचंद्र, कांस्टेबल विजय कुमार, विशाल सिंह, ललित मोहन यादव आदि ने भी उपस्थित रहकर छात्रों को जागरूक किया।

## संक्षेप

### चोरी के आरोपी के घर धारा 82 की नोटिस चस्पा

**ज्ञानपुर।** थाना सुरियावां में पंजीकृत चोरी के आरोपी के घर सुरियावां पुलिस ने धारा 82 की नोटिस चस्पा की व पुलिस द्वारा डुगडुगी पिटवा कर मुनादी करवाई गई। सुरियावां पुलिस ने बताया कि चोरी के मामले में वांछित आरोपी कुंदन बिंद पुत्र माधव बिंद निवासी अमिलहरा थाना सुरियावां से वांछित है, जो गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार फरार चल रहा है तथा अपनी चल-अचल संपत्ति हटा बढ़ा रहा है। कुंदन को नियत तिथि तक न्यायालय के समक्ष पेश होकर अपना पक्ष रखने हेतु आदेशित किया गया है। यदि अभियुक्त उक्त अवधि के भीतर न्यायालय के समक्ष उपस्थित नही होगा तो उसकी चल-अचल सम्पत्ति जब्त कर ली जाएगी।

### नाबालिग के साथ छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

**ज्ञानपुर।** थाना दुगार्गंज क्षेत्र अंतर्गत एक गाँव की नाबालिग युवती के साथ छेड़खानी, गाली गलौज व धमकी देने के आरोपी को दुगार्गंज पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। नाबालिक किशोरी के परिजन की तहरीर पर दुगार्गंज पुलिस ने पाक्सो एक्ट सहित सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही में जुट गयी। एसपी डॉ. अनिल कुमार ने आरोपियों की गिरफ्तारी व महिला सम्बंधित अपराधों में त्वरित कार्यवाही के निर्देश पर दुगार्गंज पुलिस ने नामजद आरोपी पंकज गौतम पुत्र कोलाहल निवासी शेरपुर गोपलहां थाना दुगार्गंज उम्र करीब 28 वर्ष को दुगार्गंज बाजार से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए चालान न्यायालय किया गया।

### चौरी के बम ब्लास्ट काण्ड की मजिस्ट्रीयल जांच करेंगे एडीएम

**भदोही।** चौरी थाना क्षेत्र के कोल्हण गाँव में 23 फरवरी 2019 को कलियर मंसूरी के मकान में अचानक विस्फोट होने व ध्वस्त मकान के मलवे में दब जाने के कारण कुल बारह व्यक्तियों की मौत हो गयी थी। इस गम्भीर घटना की मजिस्ट्रीयल जॉच हेतु जिला मजिस्ट्रेट ने अपर जिला मजिस्ट्रेट भदोही को जॉच अधिकारी नामित किया है। जाँच अधिकारी एडीएम शैलेंद्र मिश्रा ने बताया कि उक्त घटना के सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति को कुछ कहना हो अथवा साक्ष्य प्रस्तुत करना हो वह कार्यालय में 12 दिसम्बर तक किसी भी कार्य दिवस में उपस्थित होकर साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है।

### आग लगने से लाखो का सामान खाक

**भदोही।** बाबूसराय क्षेत्र के गिर्द बड़ागांव मे मो सलीम के कारखाने मे शार्ट सर्किट के कारण लगी आग से लाखों रुपए का सामान जल गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने मुश्किल से आग पर काबू पाए। मोहम्मद सलीम गिर्द बड़ागांव मे सोफा कुर्सी मेज आलमारी व बेड बनाकर बेचते थे। शुक्रवार की सुबह करीब दस बजे घर के सभी लोग कारखाने के ऊपर बने आवास मे बैठकर कल घर मे होने वाली शादी की तैयारी कर रहे थे कि अचानक नीचे से धुआँ निकलता दिखा जबतक घर वाले कुछ समझ पाते तबतक आग तेज हो चुकी थी। तुरंत फायर सर्विस स्टेशन औराई सूचित किया गया। मौके पर दमकल आयी तो आग पर काबू पाया गया। करीब पांच से सात लाख रुपए का नुकसान बताया जा रहा है। 26 नवंबर को ही सलीम के छोटे लडके की शादी भी होनी है।

### सेंट जॉन्स स्कूल का वार्षिक खेल उत्सव सम्पन्न

**ज्ञानपुर।** सेंट जॉन्स स्कूल औराई के वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन शनिवार को काशी राज इंटर कॉलेज के प्रांगण में किया गया। स्कूल के सभी खिलाड़ियों को चार हाउस ग्रुपों में बांटा गया। चारों हाउस के बच्चों के बीच खेल प्रतियोगिता का कड़ा मुकाबला संपन्न हुआ। जिसमें जास्फर हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त कर ट्राफी पर कब्जा किया। आयोजन के मुख्य अतिथि सीओ औराई ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया व कहा कि पढ़ाई के साथ साथ खेल कूद भी जरूरी होता हैं, खेल से तन एवं मन स्वस्थ रहता हैं। क्षेत्राधिकारी ने सभी बच्चों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर के जे मैथ्यू सहित सभी अध्यापक गण मौजूद रहें।

### गुरु तेग बहादुर के शहीद दिवस पर अवकाश 28 को

**ज्ञानपुर।** प्रदेश सरकार ने सिख धर्म के गुरु तेग बहादुर के शहीद दिवस पर पहले 24 नवंबर को अवकाश घोषित किया था। यूपी सरकार ने अब गुरु तेग बहादुर के शहीद दिवस को लेकर घोषित तारीख में बदलाव किया है। यूपी में अब गुरु तेग बहादुर के शहीद दिवस को लेकर अवकाश 24 नवंबर की जगह 28 नवंबर को गुरु तेग बहादुर के शहीद दिवस का अवकाश घोषित किया गया है।जिलाधिकारी गौरांग राठी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि शासन द्वारा गुरु तेग बहादुर शहीद दिवस के अवसर पर 24 नवम्बर के स्थान पर दिनांक 28 नवम्बर को कार्यकारी आदेशों के अन्तर्गत सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया हैं ।

### गंगा समग्र का कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग कल

**ज्ञानपुर।** गंगा समग्र का कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग का आयोजन रविवार को जिला पंचायत सभागार में किया गया हैं। इस आशय की जानकारी देते हुए गंगा समग्र जनपद भदोही के जिला संयोजक संदीप राय ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अम्बरीष तिवारी होंगे।

# शिक्षा से होता है चौमुखी विकास: अनिरुद्ध त्रिपाठी



**ज्ञानपुर।** डीघ ब्लॉक के जयराजी देबी पब्लिक स्कूल जीटी रोड मैलोना जंगीगंज मे दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी व बीईओ रईस फातमा ने फीता काटकर दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर गुब्बारा छोड़कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षा से ही संस्कार एवं चरित्र का विकास होता है। छात्र-छात्राएं अच्छी शिक्षा ग्रहण कर जिले से लेकर प्रदेश में नाम रोशन करें तभी यह खेल सार्थक होगा। हर वर्ष की भांति इस वर्ष खेलकूद प्रतियोगिता आयोजन कर अनुशासन की एक मिसाल छात्र-छात्राओं ने पेश किया। जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा जीटी रोड से विद्यालय तक पीच सड़क बनाने की घोषणा की तथा हर संभव मदद विद्यालय का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथिखंड शिक्षा अधिकारी फराह रईस ने शिक्षा पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं अच्छी शिक्षा प्राप्त कर विद्यालय के साथ माता पिता का नाम रोशन करें अनुशासन एवं संस्कार आगे की ले जाता है आज के युग में बेटी किसी से कम नहीं। बेटी बेटा एक समान रखें। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य द्वारा मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि को अंगवस्त्रम स्मृति चिन्ह भेंट की। कार्यक्रम में निदेशक अजय मिश्रा प्रधानाचार्य पीएपी श्रीवास्तव, अशोक गुप्ता, मनीष कुमार, कमलेश सिंह, चंद्रशेखर, रेनू उपाध्याय, राधा सिंह, जिप सदस्य अंजनी शुक्ल, राजेन्द्र पाल आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राजेश मिश्र ने किया।

# पेट्रोल पम्पों पर घटतौली की सूचना पर छापेमारी

**जांच**

**एसडीएम भदोही केपी पांडेय के नेतृत्व में गठित टीम ने भदोही-औराई मार्ग सरोंई स्थित पेट्रोल पंप का किया निरीक्षण**



सररोई स्थित एक पेट्रोल पंप पर पेट्रोल की माप की जांच करते एसडीएम कृपाशंकर पांडेय।

**भदोही।** कुछ पेट्रोल पम्पों पर घटतौली व मिलावट की लगातार मिल रही शिकायतों को लेकर जिलाधिकारी गौरांग राठी सख्त हो गए हैं। शुक्रवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम भदोही केपी पांडेय के नेतृत्व में गठित टीम ने भदोही-औराई मार्ग सरोंई स्थित पेट्रोल पंप का निरीक्षण किया। तेल के शुद्धता की जांच मशीन के माध्यम से की गई तो मीचर के हिसाब से तौल का पैमाना मापा गया। इस दौरान पंप संचालक से अधिकारियों व कर्मचारियों में खलबली मची रही। एसडीएम कृपाशंकर पांडेय ने बताया कि जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार पेट्रोल पंपों की जांच शुरू की गई है। पहले दिन सरोंई स्थित श्री सत्यनारायण फीलिंग स्टेशन का निरीक्षण किया गया। बताया कि घटतौली, शुद्धता, डिलीवरी, घनत्व की विशेष रूप से जांच की गई। जांच में सब कुछ सही पाया गया। पंप पर पेयजल, शौचालय सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। साफ सफाई भी संतोषजनक थी। पंप प्रबंधक को नियमानुसार संचालन करने व साफ सफाई व्यवस्था और बेहतर करने के लिए कहा गया है। बताया कि रिपोर्ट तैयार कर जिलाधिकारी को प्रेषित कर दिया जाएगा। अभियान जारी रहेगा। हर रोज दो तीन पंपों का निरीक्षण किया जाएगा। टीम में क्षेत्रिय खाद्य निरीक्षक रुचि सिंह, बाट माप वरिष्ठ निरीक्षक चंद्रजीत यादव, बाट माप निरीक्षक विनीत पांडेय, पूर्ति निरीक्षक संगीता यादव आदि रहे।

### बार एसोसिएशन से जुड़ी समस्याओं के निदान को एडीएम ने अफसरों को दिया निर्देश

ज्ञानपुर। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन से जुड़ी समस्याओं के निदान के लिए अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार मिश्र ने अफसरों को सख्त निर्देश दिया है। दरअसल पिछले दिनों जिलाधिकारी गौरांग राठी ने डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन में मीटिंग की थी। इस दौरान करीब आधा दर्जन समस्याएं सामने आई थी। इस पर उन्होंने प्रभावी कार्रवाई का निर्देश दिया था ।इस मामले में सामुदायिक शौचालय समेत बिजली विभाग पेयजल डाक आदि कि समस्याएं थीं। डिबाए अध्यक्ष सूर्यदत्त पांडेय ने अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार मिश्र से मिलकर उन्हें बार की समस्याओं से जुड़ी समस्याओं के निदान की दिशा में प्रगति बताई। इस पर एडीएम ने तहसीलदार को यूरीनल स्थल चयन के बारे में निर्देशित किया। इस दौरान विद्युत, डाक, प्रकाश, पेयजल आदि के बारे में कार्य अतिशीघ्र कराने को निर्देशित किया। बताते चलें कि अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार मिश्र हर दिन न सिर्फ फरियादियों की समस्या सुनते हैं बल्कि उसके प्रभावी निदान की दिशा में कदम उठाकर उसकी प्रगति की भी जानकारी लेते हैं।

# यूबीआई मुस्कान पॉलिसी से जुड़कर भविष्य उज्ज्वल बनाएं : गनेश प्रसाद

**जौनपुर।** मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज के सौदागर हाल में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का विषय यूबीआई मुस्कान पॉलिसी एवं देश के नागरिकों को अन्य पॉलिसियों की जानकारी था। इस सेमिनार की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान ने की। सेमिनार के मुख्य अतिथि डीजीएम गनेश प्रसाद सेंट्रल ऑफिस मुंबई थे एवं विशिष्ट अतिथि रीजनल हेड कुंदन कुमार सिन्हा रहे। अतिथियों का प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान ने बुके एवं पुष्प देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। स्वागत भाषण में प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान ने कहा कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया हर व्यक्तियों के लिए एक नई नई पॉलिसी लाकर उनके सुनहरे भविष्य को उज्जवल बनाती है। मुख्य अतिथि गनेश प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि यूनियन बैंक की पॉलिसी देश के हर नागरिकों के लिए लाभकारी होती है। इस पॉलिसी से अभिभावक अपने बच्चों के भविष्य में एक नई मुस्कान ला सकते हैं। विशिष्ट अतिथि ने अपने संबोधन में यूनियन बैंक मुस्कान पॉलिसी का विस्तृत उल्लेख किया और यह बताया किस शिक्षा के लिए यूनियन बैंक एक बहुत ही आसान विकल्प के साथ लोन देने का कार्य कर रही है। अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्रम प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान ने दिया। बैंक कर्मचारियों के द्वारा चार छात्र-छात्राओं को खाता फॉर्म वितरण किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम में अनिल सिन्हा, शंकर सिंह समन्ता, केएमके वर्मा, केएस यादव, डॉ. जीवन यादव, डॉ. केके सिंह, डॉ. अजय विक्रम, डॉ. प्रज्वलित यादव, डॉ. प्रवीण यादव, डॉ. गुलाब मौर्य, यूबीआई रिजनल ऑफिस से मनीष सिंह, गौरव पांडेय, नेहा यादव, नेहा वत्स महाविद्यालय परिवार एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अहमद अब्बास खान ने किया।



कार्यक्रम में छात्राओं को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि

# सामूहिक विवाह में सहभागिता के लिए किया जा रहा प्रेरित

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** लायन्स क्लब जौनपुर मेन द्वारा संस्थाध्यक्ष के निवास स्थान मरदानपुर में एक साधारण सभा हुई जिसमें जेब्रा संस्था द्वारा 18 दिसम्बर को आयोजित सर्वधर्म सामूहिक विवाह में सहयोग प्रदान करने का निर्णय लिया गया और समाज के हर धर्म, जाति व हर वर्ग के लोगों को सहभागिता करने के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित किया जा रहा है।

संस्थाध्यक्ष संदीप गुप्ता ने आये हुए लोगों का स्वागत करते हुए कहाकि सामूहिक विवाह जेब्रा संस्था द्वारा समाज हित में एक सार्थक सोच व बेहतरीन कदम है। सामूहिक विवाह मात्र एक विवाह का आयोजन भर नहीं अपितु इसके प्रभाव व समाज हित में लाभ बड़े दूरगामी हैं। किसी कमजोर, जरूरतमंद या असहाय परिवार की कन्या का विवाह कराने से बढ़कर कोई अन्य पुनीत कार्य नहीं है। ये संस्था विवाह जैसे सामाजिक पुण्य कार्य में अपनी सराहनीय भूमिका निभाती है। इसलिए ऐसे आयोजनों में सभी लोगों को आगे आना चाहिए। एरिया लीडर जीएटी डा. क्षितिज शर्मा ने कहा कि सामूहिक विवाह शर्म नहीं स्वाभिमान है, इससे समय की बबार्दी, दान-दहेज व फिजूलखर्ची जैसी कुरीतियों से भी समाज को मुक्ति मिलती है लेकिन, इसके लिए जरूरी है कि समाज का बड़ा वर्ग भी इसमें सम्मिलित हो ताकि कोई भी जरूरतमंद व कमजोर परिवार अपनी नजरों में हीन व हास का पात्र न महसूस करे।

उन्होंने सभी लोगों से अपील किया कि इस समारोह में सभी धर्मों की विभिन्न जातियों के लोगों की शादी उनके अपने रीति रिवाजों से एक ही मंडप में गरिमापूर्ण परिवेश में होगी। इच्छुक जोड़े व अभिभावक इस आयोजन का लाभ उठाये। मण्डल टीबी उन्मूलन चेयरमैन सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने कहा कि सामूहिक विवाह कम खर्चे की शादियों को प्रोत्साहन और दहेज प्रथा के उन्मूलन के लिए तथा समाज में दहेज रहित आदर्श विवाह को बढ़ावा देने एवं धन के अपव्यय को रोकने के उद्देश्य से यह अच्छी पहल है। सभी धर्मों के लोग इससे लाभान्वित हो सकतें है।

# भक्तों की पीड़ा सहन नहीं कर पाते भगवान : रामशंकर दास वेदांती

**कथा**

**मथुरा के सेल टेक्स कमिश्नर ने किया स्वागत**

जनसंदेश न्यूज



**जफराबाद।** अवतार एक ऐसा विज्ञान है जिसके बिना ईश्वर का विशेष ज्ञान संभव नही है। भगवान का अवतार लेना ईश्वरीय कृपा उदाहरण है। उक्त बातें जमैथा गांव के परमहंस आश्रम पर महंत राजन दास महाराज द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में अवध धाम से पधारे रामवल्लभाकुंज पीठाधीस्वर रामशंकर दास वेदान्ती महाराज ने कही।

उन्होंने यह बातें श्रद्धालु श्रोताओं को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा का पान कराते हुए कही। श्री महाराज ने कहाकि जिस तरह संसार मे किसी गर्भवती स्त्री के उदर में जब पीड़ा होती है तो सन्तान का जन्म होता है। उसी तरह जब ठाकुर जी के परम प्रेमी भक्तों के ह्रदय में पीड़ा होती है तब परमात्मा का अवतार होता है। जब संसार में अत्याचार भ्रष्टाचार बढ़ जाता है। गाय गंगा गौरी की अस्मिता नष्ट होने लगती है। वेद और ब्राह्मण पर कष्ट आता है, ऋषिमुनियों का अपमान होता है, धर्म विलुप्त होने लगता है। तब प्रभू इस धरा धाम में अवतार लेते है और अत्याचारियों को नष्ट कर गाय गंगा गौरी की रक्षा कर धर्म की स्थापना करते है। देवता व दानवों में अंतर स्पस्ट करते हुए महाराज ने कहा कि जो स्वयं के अलावा समस्त जीवधारियों की भलाई के लिए जिये वह देवता है। इसके पूर्व अयोजक राजन महाराज ने वेदांती महाराज की आरती उतारकर पूजन किया। तत्पश्चात जमैथा गांव के निवासी मथुरा में सेल टैक्स कमिश्नर शिवआसरे सिंह, आशुतोष सिंह, प्रेमप्रकाश सिंह, राजदेव शुक्ला, डॉ. विनोद प्रसाद सिंह आदि ने माल्यर्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर अजित प्रताप, आनंद सिंह, देवेंद्र सिंह, डॉ. रजनीकांत द्विवेदी, बीरबल सिंह, नरेंद्र प्रताप सिंह आदि सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# उड़ान परियोजना के तहत किशोरी मेले का आयोजन

**आयोजन**

**छात्र-छात्राओं को किया गया जागरुक**




**मछलीशहर।** जनपद के तहसील मछलीशहर क्षेत्र अंतर्गत बरईपार जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जीरिकपुर में जन विकास संस्थान, नौपेड़वा द्वारा उड़ान परियोजना के तहत किशोरी मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर भानु प्रताप सिंह द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। किशोरी मेले को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज के समय में किशोर व किशोरियां सभी को शिक्षा के अलावा खेल एवं विकास के अन्य क्षेत्रों में प्रोत्साहित करने की जरूरत है ताकि उनकी भागीदारी सभी क्षेत्रों में सुनिश्चित किया जा सके। जन विकास संस्थान के सचिव राजमणि ने किशोरियों को संबोधित करते हुए बताया कि उड़ान परियोजना के अंतर्गत हम वंचित समुदाय की किशोरियों के अंदर उनकी नेतृत्व क्षमता को बढ़ाने एवं उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच हो, उनके सपने पूरे हो एवं बालक-बालिका में भेदभाव न हो, इसके लिए प्रयास किया जा रहा है। जन विकास संस्थान के प्रशिक्षिक नवनीत कुमार ने किशोरियों को सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। मेले में क्रिकेट, कब्बड्डी, दौड़, पेंटिंग एवं गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में किशोरियों को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में जन विकास संस्थान के परियोजना पर्यवेक्षक अमृतलाल, मुनिराज, लेखाकार अनिल यादव, जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के अध्यापक देवेन्द्र प्रताप सिंह, पवन कुमार यादव, महेंद्र कुमार, जितेंद्र कुमार राम, सोनी सरोज, सतीश कुमार, शालू पांडेय, सरिता पटेल, सुनील कुमार आदि लोगों ने संबोधित किया। किशोरी मेले में सपनों की टोली किशोरी समूह से जुड़ी ग्राम पंचायत जीरकपुर, विश्वपालपुर, रामपुर कटाहित, कटाहित खास की कुल 250 किशोर किशोरियों ने प्रतिभाग किया।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# अगहन की लीला मंचन शुरू

**रामलीला**

**आरती उतारकर धनुष यज्ञ लीला के मंचन का हुआ शुभारम्भ**

**श्रीरामलीला समिति द्वारा गांधी नगर कलक्टरगंज में सप्ताह भर चलेगा मंचन**

**शाहगंज।** ऐतिहासिक श्रीरामलीला समिति के तत्वाधान में नगर के गांधीनगर कलक्टरगंज स्थित मंच पर गुरुवार की देर शाम अगहन माह की धनुष यज्ञ लीला का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वीरेंद्र सिंह बंटी रहे। श्रीराम की आरती, भक्ति झांकियां और आदर्श राजेश्वरी रामलीला मंडली, वृंदावन के कलाकारों द्वारा खेली गई लीला का राम भक्तों ने आनंद उठाया।

श्रीराम की भव्य बारात और विवाह की लीला तक सप्ताह भर चलने वाली अगहन माह की धनुष यज्ञ की लीला मंचन के पहले दिन मंच पर मुख्य अतिथि वीरेंद्र सिंह बंटी, अध्यक्ष रामनारायन अग्रहरि सहित अन्य रामभक्त पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा श्रीराम की आरती की गई जिसके साथ ही लीला मंचन आरंभ हुआ। वृंदावन से आए मण्डली कलाकारों द्वारा रामचरित मानस का शुभारंभ, भगवान शंकर द्वारा पार्वती को रामजन्म कथा का बखान, नारद-विश्वमोहिनी स्वयंवर, नारद मुनि के वानर रूप का उपहास, नारद का नारायण को श्राप की लीला खेली गई। वहीं मल्लिका म्यूजिकल जागरण ग्रुप के कलाकारों द्वारा गणेश वंदन, राधा कृष्ण नृत्य, काली माता नृत्य, शिव तांडव और शिव पार्वती नृत्य झांकियां प्रस्तुत की गई। मंचन देख श्रोतागण भाव विभोर हो उठे। इस दौरान मुख्य रूप से उपाध्यक्ष कमलेश अग्रहरि सेना, घनश्याम जायसवाल, महामंत्री विनोद अग्रहरि, कोषाध्यक्ष बिजेंद्र अग्रहरि, अनिल अग्रहरि, मनोज अग्रहरि, ओमकार अग्रहरि, अक्षत अग्रहरी, नीरज अग्रहरि, संजय बरनवाल, शुभम, बैजनाथ, वैभव, कलीचरण, कौटिल्य, आलोक आदि मौजूद रहे।



रामलीला मंच पर आरती उतार धनुष यज्ञ लीला का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि वीरेंद्र सिंह बंटी

### विशेष लोक अदालत का आयोजन 19 दिसम्बर से

**जौनपुर।** सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विवेक विक्रम ने अवगत कराया है कि जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष वाणी रंजन अग्रवाल के निर्देशन जेलों में अत्यधिक संख्या में विचाराधीन बंदी निरूद्ध है, जिनके अनेक छोटे-छोटे प्रकरण ऐसे है, जो अपराध स्वीकार करने अथवा अन्य आधार पर निस्तारित हो सकते है। इस संबंध में जेलों में विचाराधीन बंदियों के हितार्थ कार्यपालक अध्यक्ष द्वारा 19, 20, 21 तथा 22 दिसम्बर को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

### 15 दिसम्बर से पहले हो सिल्ट सफाई का कार्य

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने रजवाहा जौनपुर में चल रहे शिल्ट सफाई कार्य का निरीक्षण किया। एसडीओ मनोज कुमार ने बताया कि 80 किलोमीटर सिल्ट सफाई का कार्य कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रत्येक दशा में 15 दिसंबर से पहले सिल्ट सफाई का कार्य पूर्ण करा लिया जाए।



# अध्यक्षी का चुनाव लड़ने की कीमत चुका रहे हैं थरूर

## कांग्रेस की अंदरूनी कहानी

### कांग्रेस में सचिन पायलट की तरह साइडलाइन किए जा रहे

केरल के कांग्रेस नेता और सांसद शशि थरूर इन दिनों अपनी ही पार्टी में हाशिए पर ला दिए गए हैं। उन्हें अपने ही राज्य में किनारे किया जा रहा है। दो माह में दूसरी बार उनके पर कतरने की कोशिश की गई है। कांग्रेस में एक परम्परा है कि गांधी परिवार या उसकी पसंद का उम्मीदवार कोई है तो उसका विरोध हाईकमान का विरोध माना जाता है। यह खुलकर नहीं कही जाती, पर अंदरखाने इसे ही सही माना जाता है। सीताराम केशरी जब कांग्रेस अध्यक्ष थे, तब उनके साथ क्या हुआ था, इसे तब के जमाने वाले जानते हैं। उन्होंने अपनी सत्ता चलानी चाही तो कुर्सी से उतार दिए गए। क्योंकि तब सोनिया गांधी कांग्रेस को संभालने के लिए तैयार हो गई थीं। नारायण दत्त तिवारी का भी यही हाल हुआ था। बदले जमाने में जब राहुल गांधी ने अध्यक्षी संभालने से मना कर दिया और सोनिया गांधी स्वास्थ्य कारणों से अनिच्छुक रहीं तो गांधी परिवार से बाहर के मल्लिकार्जुन खड़गे से पर्चा भरवाया गया और चूंकि ऐलान था कि दूसरे भी पर्चा भर सकते हैं तो थरूर ने भी ताल ठोकी। वोटिंग हुई और गांधी परिवार के करीबी खड़गे आराम से अध्यक्ष चुन लिए गए। वैसे थरूर ने एक हजार वोट लेकर सबको स्तब्ध भी किया। यह खोजा जा रहा है कि वो हजार वोट किसके हैं और किसने दिए हैं। कांग्रेस में यह परिपाटी है कि जो हाईकमान की मंशा के अनुरूप नहीं चलता, उसे उसकी जगह दिखाई जाती है। थरूर ने सब जानते हुए भी चुनाव लड़ा और अब राजस्थान के सचिन पायलट की तरह उपेक्षित हो गए हैं। पायलट भी 'जाएं तो जाएं कहां' वाली हालत में हैं। थरूर को भी करीने से अलग-थलग करने की रणनीति पर काम चल रहा है। जब अध्यक्ष पद का चुनाव हुआ तो शशि थरूर, मल्लिकार्जुन खड़गे को जीत की बधाई देने, उनके घर सबसे पहले पहुंचने वालों में थे। उन्होंने मल्लिकार्जुन खड़गे की जीत को पार्टी की जीत भी बताया था। लेकिन पार्टी के अंदर और बाहर, लोगों को तब बड़ा अचरज हुआ जब न तो थरूर को कांग्रेस की स्टियरिंग कमेटी में शामिल किया गया और न ही गुजरात और हिमाचल प्रदेश चुनाव के स्टार प्रचारकों की सूची में उन्हें जगह मिली। इतना ही नहीं, केरल में भी उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ा है। दरअसल, युवा कांग्रेस ने शशि थरूर को कोझिकोड में आयोजित समारोह में संघ परिवार और धर्मनिरपेक्षता की चुनौतियां पर बोलने के लिए आमंत्रित किया था। लेकिन पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के दबाव में युवा कांग्रेस के नेताओं ने कार्यक्रम रद्द कर दिया। इतना ही नहीं उन पर कांग्रेस के विरोध प्रदर्शनों में शामिल नहीं होने और गुटबाजी में शामिल होने का आरोप भी लगा है। कहा जाता है कि दिल्ली में उपेक्षित महसूस होने के बाद उन्होंने अपनी किस्मत केरल में आजमाने की सोची। लेकिन केरल कांग्रेस के नेता उन्हें राज्य में भी नहीं देखना चाहते। लेकिन राज्य के लोग उन्हें कांग्रेस के वैकल्पिक चेहरे के तौर पर देख रहे हैं, कुछ लोग तो चार साल दूर विधानसभा चुनाव के लिए उन्हें मुख्यमंत्री के तौर पर भी देख रहे हैं। राज्य के कई नेताओं ने उनकी शिकायत पार्टी के आला कमान और राज्य के प्रभारी तारिक अनवर से भी की है, जिसका अर्थ साफ लगाया जा सकता है। दिल्ली में अनवर ने इस पर कहा था कि कोई भी पार्टी से ऊपर नहीं है। थरूर ही नहीं, सभी पार्टी नेताओं को प्रदेश कांग्रेस समिति के निर्देशों को मानना होगा। केरल प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष के सुधाकरन और नेता प्रतिपक्ष वीडी सतीशन इस पर बयान दे चुके हैं, मैं उनका समर्थन करता हूं। तारिक अनवर ने यहां तक कहा कि अगर प्रदेश कांग्रेस समिति शिकायत दर्ज करती है तो केंद्रीय नेतृत्व मामले को देखेगा। साफ है कि थरूर को संकेत दिए जा रहे हैं। जानकारों का मानना है कि यह पार्टी के अंदर का सत्ता संघर्ष है। यह वैसा मामला नहीं है कि इसे कांग्रेस नेतृत्व से मान्यता की जरूरत पड़े, राजनीतिक तौर पर पार्टी के अंदर थरूर को लोकप्रियता के पैमाने पर चुनौती देने वाला कोई नेता मौजूद नहीं है। कांग्रेस पार्टी एक कैडर आधारित पार्टी नहीं है। पार्टी के दूसरे नेता यह मानने को तैयार नहीं हैं कि पार्टी सांगठनिक तौर पर कमजोर हो गई है। सीपीएम के खिलाफ सत्ताविरोधी लहर है लेकिन लोग उन्हें वोट देंगे क्योंकि उन्होंने ऐसी व्यवस्था विकसित की है जिसमें पार्टी कैडर हैं, साक्षरता और सांस्कृतिक गतिविधियां हैं और लोगों को रोजगार देने का भरोसा है। इससे उनका वोट बैंक बनता है। केरल के पिछले चुनाव में सत्ता विरोधी लहर के बावजूद कांग्रेस हार गई थी और इसका कारण यहां के दो नेताओं रमेश चेन्नीताला और ओमन चांडी की तनातनी है। यहा कारण था कि चुनाव के बाद पिछले साल दोनों को पद से हटा दिया गया था। राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक, कांग्रेस गठबंधन में मुख्यमंत्री पद के लिए कई चेहरे हैं और यही दोनों गठबंधनों के बीच बड़ा अंतर है। कांग्रेस पार्टी के अंदर मुख्यमंत्री के कई चेहरे मौजूद हैं। इनमें राहुल गांधी के नजदीकी केसी वेणुगोपाल भी शामिल हैं, लेकिन इनमें किसी की लोकप्रियता थरूर जितनी नहीं है। शशि थरूर में न्यूट्रल मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करने की क्षमता है, वे बीजेपी के वोट देने वाले लोगों में भी पैठ बना सकते हैं। उन्हें सवर्णों का वोट मिल सकता है, ये लोग लंबे समय से कांग्रेस को वोट नहीं दे रहे हैं। इतना ही नहीं थरूर को सभी समुदायों का समर्थन हासिल है।

# सुप्रीम कोर्ट को क्यों याद आए शेषन





## वक्त की पुकार

### चुनाव आयुक्त रहते कहा था, वोटर आईडी के लिए सरकार ने धन नहीं दिया तो नहीं कराऊंगा चुनाव

जो हालत चुनाव आयोग की इस समय है, उसे देखते हुए बहुतों को पूर्व चुनाव आयुक्त टीएन शेषन की बड़ी याद आ रही है। सरकार के हाथों नियुक्त होने के बाद भी वे सरकार के आगे कई मौकों पर लाचार से नहीं खड़े रहते थे। दो अगस्त 1993 का दिन था। उस वक्त के चुनाव आयुक्त ने 17 पेज का एक आदेश जारी किया। आदेश में लिखा था- जब तक सरकार चुनाव आयोग की शक्तियों को मान्यता नहीं देती, देश में कोई भी चुनाव नहीं कराया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि संविधान ने मुख्य चुनाव आयुक्त और 2 चुनाव आयुक्तों के जर्जर कंधों पर बहुत से अधिकार दिए हैं। ऐसे में वह टीएन शेषन जैसे मजबूत चरित्र के इंसान को मुख्य चुनाव आयुक्त देखना चाहते हैं। 5 जजों की संविधान पीठ ने कहा कि सीईसी तो कई हुए हैं, लेकिन शेषन जैसे कभी-कभार ही दिखते हैं।

90 के दशक की बात है। वीपी सिंह सरकार गिरने के बाद 10 नवंबर 1990 को कांग्रेस के सपोर्ट से 55 सांसद वाले चंद्रशेखर देश के नए प्रधानमंत्री बने। एक महीने बाद केंद्रीय मंत्री सुब्रमण्यम स्वामी देर रात नई दिल्ली के पंडारा रोड पर योजना आयोग के सदस्य टीएन शेषन के घर पहुंचते हैं। टीएन शेषन जैसे ही घर पर उनका स्वागत करते हैं, स्वामी पूछते हैं- क्या आप भारत का अगला मुख्य चुनाव आयुक्त बनना पसंद करेंगे? शेषन का रिएक्शन काफी ढीला होता है। जाहिर है कि वो मुख्य चुनाव आयुक्त नहीं बनना चाह रहे थे, लेकिन स्वामी दो घंटे तक शेषन को मनाते रहे। आखिर में शेषन बोले- मैं इस बारे में सोचूंगा। दरअसल 60 के दशक में हार्वर्ड में पढ़ाई के दौरान शेषन और स्वामी के बीच गुरु और शिष्य वाला रिश्ता रह चुका था। टीएन शेषन की जीवनी-शेषन-एन इंटिमेट स्टोरी में वृतांत है कि स्वामी के जाने के बाद शेषन ने फौरन राजीव गांधी को फोन करके मिलने का समय मांगा। कुछ देर बाद शेषन राजीव गांधी के घर पहुंचे और इस बारे में सलाह मांगी। थोड़ी देर बाद राजीव ने उन्हें प्रस्ताव स्वीकार करने की सलाह दी, लेकिन शेषन को विदा करने गेट तक पहुंचे तो राजीव बोले- वो दाढ़ी वाला इंसान उस दिन को कोसेगा, जिस दिन उसने तुम्हें मुख्य चुनाव आयुक्त बनाने का फैसला किया था। वो उस समय के प्रधानमंत्री चंद्रशेखर को दाढ़ी वाला कह रहे थे। इसके बाद टीएन शेषन 12 दिसंबर 1990 को देश के 10वें मुख्य चुनाव आयुक्त बने। कैबिनेट सचिव रहे शेषन ने एक बार राजीव गांधी के मुंह से यह कहते हुए बिस्किट खींच लिया कि प्रधानमंत्री को वो चीज नहीं खानी चाहिए, जिसका पहले परीक्षण न किया गया हो। ये वो दौर था जब चुनावों में बाहुबल और धनबल का बोलबाला था। शेषन ने इसका तोड़ निकाला। उन्होंने सभी जिला मजिस्ट्रेटों, पुलिस अफसरों और पर्यवेक्षकों से कह दिया था कि एक भी गलती बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सिर्फ उत्तर प्रदेश में ही शेषन ने करीब 50,000 अपराधियों को ये विकल्प दिया था कि या तो वो अग्रिम जमानत ले लें या खुद को पुलिस के हवाले कर दें। अखबारों में छपी कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक, तब एक रिटर्निंग ऑफिसर ने कहा था- हम एक दयाविहीन इंसान की कृपा पर निर्भर हैं। चुनाव में वोटर आईडी यानी पहचान पत्र शुरू होने से भी जुड़ा एक रोचक किस्सा है। 1957 में पहली बार यह आइडिया पश्चिम बंगाल सरकार ने दिया था। उनका मानना था कि इससे फर्जी वोटरों पर लगाम लगेगी। ये आइडिया उस वक्त के मुख्य चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन को भी पसंद आया था।

इसके बाद 1961 में कोलकाता की साउथ-वेस्ट लोकसभा सीट पर होने वाले उप चुनाव के दौरान इसे प्रायोगिक तौर पर आजमाने का फैसला किया गया। इसके तहत वोटर को उसकी फोटोग्राफ वाली एक आईडी दी जानी थी। इस दौरान 3.42 लाख वोटरों में 2.10 वोटरों को फोटो के साथ वाली वोटर आईडी दी गई। 1962 में मुख्य चुनाव आयुक्त वीके सुंदरम ने एक रिपोर्ट जारी कर कहा कि वोटर आईडी कार्ड को लागू करना व्यावहारिक नहीं होगा। इससे अकेले कोलकाता में 25 लाख रुपए का खर्च आएगा जो सरकार पर भार बनेगा। शेषन के मुख्य चुनाव आयुक्त बनने के बाद एक बार फिर से फर्जी वोटरों को रोकने के लिए फोटो वाले वोटर आईडी कार्ड बनाने की बात उठी। नेताओं ने यह कहकर विरोध किया कि भारत में इतनी खचीर्ली व्यवस्था संभव नहीं है।

इस पर शेषन ने कहा था- अगर मतदाता पहचान पत्र नहीं बनाए, तो देश में कोई चुनाव नहीं होगा। शेषन इस बात पर अड़े हुए थे कि अगर सरकार फोटो वाले मतदान पहचान पत्र लाने में देर करती रहेगी तो वो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के नियम 37 को लगाएंगे, जिसमें कहा गया है कि चुनाव आगे बढ़ाए जा सकते हैं या नहीं भी कराए जा सकते हैं। इसके बाद 1993 में देश में वोटर आईडी की शुरूआत हुई।

## सरकार से बिना पूछे लोकसभा चुनाव स्थगित कराए

चुनाव आयोग को इंडिपेंडेंट बॉडी बनाने में भी उनका योगदान रहा है। इसकी बानगी उनके इस फैसले से समझी जा सकती है। राजीव गांधी की हत्या के बाद उन्होंने उस वक्त की सरकार से बिना पूछे लोकसभा चुनाव स्थगित करा दिए थे। शेषन ने एक इंटरव्यू में कहा था, मुझे याद है कि जब मैं कैबिनेट सचिव था तो प्रधानमंत्री ने मुझे बुला कर कहा कि मैं चुनाव आयोग को बता दूं कि मैं इस दिन चुनाव करवाना चाहता हूं। तब मैंने उनसे कहा कि हम ऐसा नहीं कर सकते। हम चुनाव आयोग को सिर्फ ये बता सकते हैं कि सरकार चुनाव के लिए तैयार है। इस दौरान उन्होंने बताया कि पहले मुख्य चुनाव आयुक्त, कानून मंत्री के ऑफिस के बाहर बैठ कर इंतजार करते थे कि उन्हें कब अंदर बुलाया जाए। इसी वजह से मैंने तय किया कि मैं कभी ऐसा नहीं करूंगा। हमारे ऑफिस में पहले सभी लिफाफों पर लिख कर आता था, चुनाव आयोग भारत सरकार। मैंने उन्हें साफ कर दिया कि मैं भारत सरकार का हिस्सा नहीं हूं। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान केंद्रीय मंत्री अर्जुन सिंह को भी नहीं बख्शा था। मध्यप्रदेश, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश में बीजेपी की सरकारों को भंग करने के बाद पीवी नरसिम्हाराव सरकार के सबसे ताकतवर मंत्रियों में शुमार अर्जुन सिंह ने कहा इन राज्यों में चुनाव एक साल बाद होंगे। शेषन ने तुरंत प्रेस विज्ञप्ति जारी कर याद दिलाया कि चुनाव की तारीख मंत्री या प्रधानमंत्री नहीं बल्कि चुनाव आयोग तय करता है।

## शेषन के चलते राज्यपाल को पद छोड़ना पड़ा था

1993 में मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव हो रहे थे। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने सतना विधानसभा सीट से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुलेशर अहमद के बेटे सईद अहमद को टिकट दिया था। उस समय गुलशेर अहमद हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल थे। बेटे को टिकट मिलने के बाद गुलशेर अहमद चुनाव प्रचार करने के लिए हिमाचल से सतना पहुंच गए। राज्यपाल की चुनाव प्रचार करते हुए तस्वीर अखबारों में छपी। चुनाव आयोग ने इसे चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन माना। इसके बाद गुलशेर को राज्यपाल का पद छोड़ना पड़ा। वहीं उनका बेटा चुनाव भी हार गया। लालू प्रसाद यादव को सबसे ज्यादा जीवन में किसी ने परेशान किया, तो वे शेषन ही थे। 1995 का चुनाव बिहार में ऐतिहासिक रहा। लालू, शेषन को जमकर लानत भेजते। कहते- शेषनवा को भैंसिया पे चढ़ाकर के गंगाजी में हेला देंगे। बिहार में चार चरणों में चुनाव का ऐलान हुआ और चारों बार तारीखें बदली गईं। यहां सबसे लंबे चुनाव हुए। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी एक घटना को याद करते हुए बताते हैं, 'मैं 1996 के बिहार चुनाव में एक पर्यवेक्षक के रूप में तैनात था। शेषन ने मुझसे कहा कि चिंता मत करो, कुछ नहीं होगा, सिवाय आपके आसपास बम फटने और गोली चलने के। वास्तव में यही हुआ। मुझसे कुछ ही दूरी पर दो बम धमाके हुए।1993 की शुरूआत में हर्षद मेहता कांड और प्रतिभूति घोटाला यानी सिक्योरिटीज स्कैम सामने आता है। सियासी दबाव के बाद वाणिज्य राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार पी. चिदंबरम को इस्तीफा देना पड़ता है। नरसिम्हा राव सरकार को मंझे हुए नेता की जरूरत थी। ऐसे में उनकी नजर उस वक्त के योजना आयोग के उपाध्यक्ष प्रणब मुखर्जी पर पड़ती है। प्रणब को वाणिज्य मंत्री बनाया जाता है। चूंकि प्रणब संसद के किसी भी सदन के सदस्य नहीं थे, ऐसे में उन्हें मंत्री पद की शपथ लेने के दिन से 6 महीने के भीतर संसद के किसी भी सदन का सदस्य बनना अनिवार्य था। इसी दौरान पश्चिम बंगाल से दो सीटों के लिए राज्यसभा का चुनाव होना था। उस चुनाव के लिए पश्चिम बंगाल की विधानसभा में कांग्रेस की हैसियत इतनी थी कि वह कम से कम अपने एक कैंडिडेट को राज्यसभा भेज सकती थी। इसके बाद प्रणब मुखर्जी को राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया गया। तभी एक पेंच फंस जाता है। मुख्य चुनाव आयुक्त टीएन शेषन 2 अगस्त 1993 को 17 पेज का आदेश जारी करते हैं। कहते हैं कि जब तक सरकार चुनाव आयोग की शक्तियों को मान्यता नहीं देती, देश में कोई भी चुनाव नहीं होगा। यानी हर दो साल पर होने वाले राज्यसभा के चुनाव और विधानसभा के उप चुनाव भी, जिनकी घोषणा की जा चुकी है, आगामी आदेश तक नहीं होंगे। इसके चलते पश्चिम बंगाल की राज्यसभा सीट पर चुनाव नहीं हो पाए और केंद्रीय मंत्री प्रणब मुखर्जी को अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा। इस घटना से उस वक्त के पश्चिम बंगाल के सीएम ज्योति बसु इतने नाराज हुए कि उन्होंने शेषन को 'पागल कुत्ता' तक कह दिया। वहीं वीपी सिंह ने उस समय कहा था कि हमने पहले कारखानों में लॉक-आउट के बारे में सुना था, लेकिन शेषन ने तो प्रजातंत्र को ही लॉक-आउट कर दिया है। शेषन ने अपने कार्यकाल के दौरान प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव से लेकर बिहार के मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव तक को किसी को नहीं बख्शा। टीएन शेषन ने देश के आम आदमी को चुनाव आयोग की ताकत का एहसास कराया। 90 के दशक में शेषन के बारे में एक लाइन बोली जाती थी- राजनेता या तो भगवान से डरते हैं या फिर शेषन से। उनके सख्त होने की बानगी उनके ही एक बयान से समझी जा सकती है। 1990 में मुख्य चुनाव आयुक्त बनने के बाद शेषन ने कहा था, आई ईट पॉलिटीशियंस फॉर ब्रेक फॉस्ट, यानी मैं नाश्ते में राजनीतिज्ञों को खाता हूं। उम्मीदवारों के खर्च पर लगाम हो या फिर सरकारी हेलिकॉप्टर से चुनाव प्रचार के लिए जाने पर रोक शेषन ने ही लगाई। दीवारों पर नारे, पोस्टर चिपकाना, लाउडस्पीकरों से शोर, प्रचार के नाम पर सांप्रदायिक तनाव पैदा करने वाले भाषण देना, उन्होंने सब पर सख्ती की। एक बार टीएन शेषन ने अपना परिचय बताते हुए कहा था कि मैं इंसानों की उस प्रजाति का हिस्सा हूं जिन्हें पालघाट ब्राह्मण कहा जाता है। इनकी चार किस्में पाई जाती हैं। रसोइया, धोखेबाज, सिविल सर्वेंट और संगीतकार। मैं समझता हूं कि मुझमें थोड़ी बहुत ये सारी खूबियां हैं। मैं अच्छा खाना बनाता हूं, मैं थोड़ा बहुत धोखेबाज भी हूं, मैं सिविल सर्वेंट हूं, मैं संगीतकार भले ही नहीं हूं, लेकिन संगीत की समझ मेरे अंदर हैं।

# रिश्तों पर भारी प्यार पैसा और नशा...

**ये हकीकत भारतीय समाज में पुरानी है, पर हर बार नए तरीके से सामने आती है**

*श्रद्धा वाकर की हत्या से पूरा देश सन्न है। आफताब ने श्रद्धा को काटकर उसके 35 टुकड़े कर डाले। जिसने भी इस कत्ल के बारे में सुना उसकी रूह कांप गई। लेकिन ये पहली बार नहीं है जब किसी अपने ने ही करीबी का कत्ल किया हो। इसके पहले भी कत्ल की वीभत्स कहानियां सामने आ चुकी हैं, जिसमें किसी ने अपनी बेटी तो किसी ने पिता और यहां तक कि पूरे परिवार को ही मौत के घाट उतार दिया। कत्ल की इन दास्तानों के पीछे जो मोटिव था उसमें खासतौर से तीन वजहें थीं। प्यार, पैसा और नशा... सबसे पहले श्रद्धा और आफताब की कहानी का जिक्र, जो इस समय ताजा तरीन है। वैसे पांच ऐसे अफसाने हैं जो मानव की क्रूरता बयान करते हैं।*

### हैवानियत की हद : प्रेमिका के कर दिए 35 टुकड़े

आफताब और श्रद्धा लिव इन में रहते थे। श्रद्धा ने आफताब के लिए परिवार को छोड़ दिया। उसी आफताब ने श्रद्धा को ऐसी मौत दी कि हर कोई कांप जाए। आफताब और श्रद्धा मुंबई में रहते थे। दोनों के बीच प्यार हुआ। परिवार ने श्रद्धा को इस रिश्ते के लिए मंजूरी नहीं दी। वह परिवार को त्यागकर बॉयफ्रेंड के साथ दिल्ली आ गई। महरौली में लिव-इन में रहने लगे। फिर वो मनहूस दिन आया जब आफताब ने श्रद्धा का कत्ल किया, उसके 35 टुकड़े किए और फ्रिज में रखा। फिर महरौली के जंगल में जाकर लाश के हिस्सों को फेंक दिया।

### ऑनर किलिंग : पिता ने सूटकेस में ठूंस दी बेटी की लाश

उत्तर प्रदेश के मथुरा का आयुषी हत्याकांड ताजा है। 22 साल की आयुषी को उसके पिता ने ही मौत की सजा दे डाली। उसकी लाश को ट्रॉली बैग में भरकर मथुरा के ही दूसरे इलाके में फेंक दिया। इतना ही नहीं, आयुषी की मां ने भी अपनी बेटी कत्ल में पति का साथ दिया। आयुषी की गलती सिर्फ इतनी थी कि वो किसी लड़के से प्यार करती थी और उसे अपने प्रेमी से शादी कर ली थी। एक दिन जब वो अपने पति से मिलकर घर लौट रही थी तो पिता ने उस पर गोली चला दी। उसके मां-पिता ने मिलकर बेटी के शव को ट्रॉली बैग में भर दिया और मथुरा के ही राया इलाके में फेंक आए। पुलिस जांच में माता-पिता ने कबूला कि उन्होंने ने ही बेटी की हत्या की थी।

### नशा बना फैमिली के चार लोगों के खून की वजह

दिल्ली के पालम में एक घर में चार लाशों से खून बह रहा था। इन लाशों के सामने कातिल बैठा हुआ था जो कोई और नहीं, बल्कि उनका अपना सगा था। दरअसल, केशव नाम के एक लड़के अपने माता-पिता, अपनी दादी और आखिर में अपनी छोटी बहन को बेरहमी से कत्ल कर दिया। पड़ोसियों के मुताबिक रात को केशव के घर से चीखने-चिल्लाने की आवाजें आ रहीं थीं। जब पुलिस उस घर में पहुंची तब तक आरोपी चारों को मारा चुका था। घर में हर तरफ खून ही खून पसरा हुआ था। दरअसल, केशव को नशे की लत थी। वो अपने घरवालों से पैसे मांगता था। उस दिन भी उसने सबसे पैसे मांगे, लेकिन पैसे न मिलने पर उसने एक एक कर सभी को मौत के घाट उतार दिया। पहले दादी को चाकू से काटकर मारा, उसके बाद मां को, फिर पिता को और फिर आखिर में छोटी बहन को भी धारदार हथियार से काट डाला।

### पैसे के लिए पिता के किए छह टुकड़े

कत्ल की यह कहानी कोलकाता की है। एक बेटे ने अपने पिता का पहले गला दबाया। फिर लाश को बाथरूम में ले जाकर आरी से उसके एक-एक फीट के छह टुकड़े किए। पिता उज्ज्वल चक्रवर्ती नेवी से रिटायर्ड हुए थे। बेटे ने उनसे कुछ पैसे मांगे। जब उन्होंने देने से इनकार कर दिया तो बेटे ने पिता को धक्का दे दिया। पिता बेहोश हो गए तो बेटे ने मां के कहने पर उनका गला दबा दिया और जान ले ली। उसके बाद मां-बेटे दोनों मिलकर उज्ज्वल चक्रवर्ती की लाश को बाथरूम तक ले गए और फिर बेटे ने आरी से लाश के आधे दर्जन टुकड़े कर दिए। लाश के टुकड़ों को प्लास्टिक बैग में भरकर फेंक दिए। जिस आरी से बेटे ने अपने पिता का काटा वो पिता ने ही कॉलेज के काम के लिए बेटे को दिलवाई थी। उज्ज्वल चक्रवर्ती अपने बेटे को क्राफ्टिंग का कोर्स करवा रहे थे और उसके लिए ही उन्होंने वो किट अपने बेटे को दिलवाई थी।

### अवैध संबंध : नोएडा का आरुषि हत्याकांड

आरुषि हेमराज हत्याकाण्ड भारत का सबसे जघन्य व रहस्यमय हत्याकाण्ड था जो 16 मई 2008 की रात नोएडा के सेक्टर 25 में हुआ था। सीबीआई के मुताबिक, पेशे से चिकित्सक दम्पति पिता डॉ. राजेश तलवार और माता डॉ. नूपुर तलवार ने अपनी एकलौती बेटी आरुषि के साथ अपने घरेलू नौकर हेमराज की नृशंस हत्या कर दी और सबूत मिटा दिए। 15-16 मई 2008 की रात मे यह रहस्यमय हत्याकांड तब हुआ, जब आरुषि के माता-पिता घर में ही मौजूद थे। आरुषि के पिता ने उसको मारने का आरोप उस घर के नौकर हेमराज पर लगाते हुए, एक एफआईआर पुलिस थाने मे दर्ज कराई। पुलिस नौकर हेमराज को आरोपी मानकर जांच कर रही थी। इस वारदात में हेमराज के साथ उसके चार साथी के भी शामिल होने की शंका जताई गई थी। वारदात में मोड़ तब आया जब हेमराज का शव भी उसी बिल्डिंग की छत से बरामत हुआ। लम्बे समय तक बहुत छानबीन चली, जिसके चलते कई अनजाने से रहस्य समय-समय पर सामने आए। खबरों के मुताबिक आरुषि के पिता डॉ. राजेश तलवार और माता डॉ. नूपुर तलवार को शक था कि बेटी आरुषि और नौकर हेमराज के अवैध सम्बन्ध हैं। लेकिन सीबीआई इस मामले को साबित नहीं कर पाई।